दैनिक
लखनऊ से प्रकाशित एवं उ.प्र., बिहार, झारखण्ड, मध्यप्रदेश, राजस्थान, दिल्ली में प्रसारित
RNI-UPHIN/2014/58471

# अमन लेखनी



पहली बार करेंगी महिला निर्देशक संग काम



कियारा बनेगा 'की एंड का' का सीक्वल

वर्ष : 12 | अंक : 247 | लखनऊ, 01 सितम्बर, मंगलवार 2026 | पृष्ठ : 08 | मूल्य : 2.00 रुपए

## खबर संक्षेप

### बोरवेल में गिरा 9 साल का मासूम, फंसा



अलवर। अलवर जिले के रामगढ़ क्षेत्र के बुटोली गांव में पतंग लूटने के दौरान एक दर्दनाक हादसा हो गया। यहां 9 वर्षीय भानू पुत्र शमशेर गुर्जर खुले बोरवेल में गिर गया। बताया जा रहा है कि बोरवेल को ढकने के लिए रखा पत्थर सरकने से बच्चा उसमें जा गिरा और करीब 45 फीट नीचे फंस गया। भानू पतंग लूटने के लिए जा रहा था। इसी दौरान उसका पैर बोरवेल के ऊपर रखे पत्थर पर पड़ गया। पत्थर खिसकते ही वह संतुलन खो बैठा और बोरवेल में जा गिरा।

### 31 जेलों में 226 कैदी एचआईवी पॉजिटिव



गुवाहाटी। अप्रैल से जुलाई के बीच असम की 31 जेलों में हुई जांच के दौरान 226 कैदी एचआईवी पॉजिटिव पाए गए हैं। सीएम हिमंत बिस्वा सरमा ने जेल के अंदर किसी कैदी के संक्रमित होने के परिस्थितियों की गहन जांच के आदेश दिए हैं। यह मामला राज्य एड्स नियंत्रण समिति की ओर से चलाए जा रहे विशेष स्क्रीनिंग अभियान के दौरान उजागर हुआ है। लगभग 95% मामले नशीली दवाओं के इंजेक्शन लेने से जुड़े हैं।

### बिश्केक में पीएम मोदी की किर्गिज राष्ट्रपति सादिर जापारोव से द्विपक्षीय मुलाकात

# रक्षा, सुरक्षा, शिक्षा, स्वास्थ्य, व्यापार और निवेश में 'सहयोग' बढ़ाने पर बनी सहमति

राजकुमार सिंह चौहान ब्यूरो प्रमुख / नई दिल्ली,

पीएम नरेंद्र मोदी ने सोमवार को किर्गिस्तान के राष्ट्रपति सादिर जापारोव के साथ महत्वपूर्ण द्विपक्षीय बैठक की। यह मुलाकात शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) शिखर सम्मेलन के इतर हुई। वार्ता के दौरान विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर, राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल और विदेश मंत्रालय के सचिव (पश्चिम) सिबी जॉर्ज भी मौजूद रहे। दोनों नेताओं ने द्विपक्षीय संबंधों को और मजबूत करने पर चर्चा की।

भारत और किर्गिस्तान के पारंपरिक मैत्रीपूर्ण संबंधों के तहत दोनों देश रक्षा, सुरक्षा, शिक्षा, स्वास्थ्य और व्यापार में सहयोग बढ़ा रहे हैं। दोनों पक्षों ने उभरती हुई नई प्रौद्योगिकियों जिनमें एआई, अंतरिक्ष, स्वच्छ ऊर्जा जैसे क्षेत्रों में अवसर तलाशने पर सहमति व्यक्त की। वार्ता में द्विपक्षीय मुद्दों के अलावा मध्य एशिया की सुरक्षा स्थिति, कनेक्टिविटी और आर्थिक सहयोग पर भी चर्चा की गई।



किर्गिज राष्ट्रपति सादिर जापारोव से बातचीत करते पीएम मोदी

### वंदे मातरम की धुन पर योग का प्रदर्शन



पीएम मोदी के होटल में पहुंचने पर प्रवासी भारतीयों ने भी गर्मजोशी से उनका अभिनंदन किया। पीएम के सम्मान में आयोजित भव्य कार्यक्रम में कलाकारों ने वंदे मातरम की मधुर धुन पर अद्भुत योगाभ्यास प्रस्तुत किया। गोमुख आसन से लेकर वीरभद्रासन को पूरे सामंजस्य के साथ प्रदर्शित किया गया।

### छठे वर्ल्ड नोमैड गेम्स के उद्घाटन समारोह में हुए शामिल

पीएम नरेंद्र मोदी ने किर्गिस्तान की राजधानी बिश्केक में छठे वर्ल्ड नोमैड गेम्स के उद्घाटन समारोह में शिरकत की। छठे वर्ल्ड नोमैड गेम्स 31 अगस्त से 6 सितंबर तक किर्गिस्तान में आयोजित हो रहे हैं। उद्घाटन समारोह रात 9 बजे बिश्केक एरिना में हुआ। मुख्य प्रतियोगिताएं चोलपोन-अता, किर्चिन और इस्सिक-कुल क्षेत्र के आसपास की जगहों पर होंगी। ये खेल दुनिया भर के एथलीटों और प्रतिभागियों को पारंपरिक खेलों, संस्कृति और खानाबदोश सभ्यताओं की विरासत का जश्न मनाने के लिए एक मंच प्रदान करते हैं।

#### 87 सदस्यों के साथ भाग ले रहा भारत

भारत 87 सदस्यों के प्रतिनिधिमंडल के साथ भाग ले रहा है। इसमें 73 एथलीट, 10 सांस्कृतिक प्रतिनिधि और वैज्ञानिक कार्यक्रम के चार प्रतिभागी शामिल हैं। सांस्कृतिक पक्ष में 'इको ऑफ नोमैड्स', नोमैड फेस्ट, 'हेरिटेज ऑफ नोमैड्स', आर्ट लैब और एथनो-बाजार जैसे कार्यक्रम होंगे।

### किर्गिज नागरिक बोले

## भारत हमारे लिए बड़े भाई जैसा, रिश्ते गर्मजोशी से भरे



पीएम मोदी ने किर्गिज समुदायों के लोगों से मुलाकात की

पीएम मोदी ने किर्गिस्तान के सैन्य अधिकारियों, योग प्रशिक्षकों और भारत से जुड़े लोगों की भावनाएं जानने वाले लोगों से मुलाकात की। पीएम मोदी से मिलने वालों के लिए यह महज एक मुलाकात नहीं बल्की जिंदगी भर याद रहने वाला मौका था। योग साधक अरीना नियाजबेकोवा ने भारत को किर्गिस्तान का 'बड़ा भाई' बताते हुए कहा कि भारत हमेशा किर्गिस्तान के साथ खड़ा रहा है और दोनों देशों के बीच रिश्ते मजबूत हैं। भारत और किर्गिस्तान के रिश्तों में योग एक अलग तरह की कड़ी बनकर उभरा है। पीएम मोदी की यात्रा के दौरान योग से जुड़े कई लोगों ने भी भारत के प्रति अपनी आत्मीयता व्यक्त की।



महात्मा गांधी स्मारक पर पीएम मोदी ने श्रद्धांजलि अर्पित की

# पार्टी का बूथ स्तर पर प्रचार होगा शुरू : अखिलेश यादव



अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा है कि विधानसभा चुनाव में अब समय नहीं बचा है। पार्टी का बूथ स्तर पर प्रचार कल से शुरू हो जाएगा। भाजपा सरकार में भ्रष्टाचार, अन्याय, अत्याचार चरम पर है। जिलों-जिलों में बड़े पैमाने पर अन्याय हो रहा है। पार्टी के सभी जिलाध्यक्ष अगले दो सप्ताह में जिलों-जिलों में भाजपा सरकार के भ्रष्टाचार और अन्याय का खुलासा करेंगे। पार्टी के प्रदेश कार्यालय में सोमवार को पार्टी के सभी जिला-महानगर अध्यक्षों और एप के माध्यम से बूथ स्तर पर काम कर रहे पदाधिकारियों की बैठक के बाद आयोजित प्रेस कांफ्रेस में अखिलेश यादव ने कहा कि वोटर लिस्ट के एसआईआर के बाद भाजपा चुनाव आयोग के माध्यम से साजिश करके दोबारा एसएआर (एनुअल रिवीजन) कराने की साजिश करेगी। नियमों के विपरीत काम किया जा रहा है। अभी-अभी एसआईआर हुआ है उसके बाद भी फार्म सात भराए जा रहे हैं। यूपी में बड़ा षडयंत्र हो रहा है। चुनाव से पहले भाजपा एनुअल रिवीजन के नाम पर अपने वोटों को एडजस्ट करने का प्रयास कर रही है। बड़े पैमाने पर अपने लोगों को वोटरलिस्ट में शामिल करने की साजिश होगी। अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा सरकार में पीडीए के साथ बड़ा भेदभाव और अन्याय हो रहा है। मुख्यमंत्री की स्वजातीय टार्चर फोर्स (एसटीफ) के जरिए पीडीए का लगातार उत्पीड़न हो रहा है। फर्जी एनकाउंटर हो रहा है। पुलिस हिरासत में निदोर्षों की मौतें हो रही हैं। हिरासत में मौत के मामले में उत्तर प्रदेश देश में नम्बर वन हो गया है। सपा सरकार में प्रदेश में हुए सभी फर्जी मुठभेड़ों की जांच होगी। अखिलेश यादव ने एआई के जरिए उनकी छवि खराब करने के लिए भाजपा की तरफ से बनाए जा रहे वीडियो को लेकर निशाना साधते हुए कहा कि सरकार इस तरह बच्चों का खेल न खेलें। आजकल बहुत वीडियो बन रहे हैं। मेरे खिलाफ वीडियो बनाया गया। हमारे लोग भी वीडियो बना सकते हैं।

### केंद्र सरकार की सेमीकॉन 2.0 योजना अधिसूचित

# 1.27 लाख करोड़ से सेमीकंडक्टर क्षेत्र में बनेंगे आत्मनिर्भर, उच्च स्तरीय चिप पैनल का ऐलान

अमन लेखनी समाचार/ नई दिल्ली,

केंद्र सरकार ने देश को वैश्विक सेमीकंडक्टर विनिर्माण और डिजाइन केंद्र के रूप में विकसित करने की दिशा में एक बड़ा कदम उठाते हुए 1.27 लाख करोड़ रुपए के परिव्यय वाली सेमीकॉन 2.0 योजना को अधिसूचित कर दिया है। इस महत्वाकांक्षी योजना का उद्देश्य सेमीकंडक्टर उद्योग की पूरी मूल्य श्रृंखला में घरेलू क्षमताओं का विकास करना और भारत को चिप निर्माण, डिजाइन तथा उन्नत इलेक्ट्रॉनिक्स उत्पादन के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनाना है।

### डिजाइन से परीक्षण तक मिलेगी वित्तीय सहायता



अश्विनी वैष्णव

केंद्रीय इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि सेमीकॉन 2.0 को छह प्रमुख घटकों में विभाजित किया गया है, जिनमें भारतीय कंपनियों द्वारा चिप डिजाइन, चिप निर्माण के लिए आवश्यक पूंजीगत उपकरणों का निर्माण, सेमीकंडक्टर फैब्रिकेशन इकाइयां, चिप असेंबली, पैकेजिंग, परीक्षण और संबंधित औद्योगिक गतिविधियां शामिल हैं। योजना के तहत उद्योग के विभिन्न क्षेत्रों को वित्तीय सहायता उपलब्ध कराई जाएगी।

### शोध और उत्पादन को भी मिलेगा समर्थन

मंत्री वैष्णव ने कहा कि इस योजना के तहत प्रोत्साहन प्राप्त करने वाले रणनीतिक सेमीकंडक्टर उत्पादों की पहचान के लिए एक उच्चस्तरीय विशेषज्ञ समिति का गठन करेगी, जिसकी संयुक्त अध्यक्षता प्रधान वैज्ञानिक सलाहकार (पीएसए) और राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार (एनएसए) करेंगे। यह योजना केवल विनिर्माण क्षमता बढ़ाने तक सीमित नहीं है, बल्कि इसका लक्ष्य एक व्यापक और आत्मनिर्भर सेमीकंडक्टर पारिस्थितिकी तंत्र विकसित करना है।

### विदेश मंत्रालय ने कहा- ये आपके अधिकार क्षेत्र में नहीं

# भारत ने खारिज किया सिंधु जल संधि पर तथाकथित मध्यस्थता न्यायालय का फैसला



अमन लेखनी समाचार/ नई दिल्ली,

भारत ने एक बार फिर से सिंधु जल संधि (आईडब्ल्यूटी) पर नीदरलैंड के द-हेग शहर में स्थित तथाकथित मध्यस्थता न्यायालय (कोर्ट ऑफ आर्बिट्रेशन, सीओए) के फैसले को दो टूक अंदाज में सिरे से खारिज कर दिया है। यह भी स्पष्ट किया है कि उसके लिए पाकिस्तान के साथ हुई यह जल संधि आज भी स्थगित है। यह जानकारी विदेश मंत्रालय ने सोमवार को जारी किए गए अपने एक बयान के जरिए दी है। जिसमें बताया कि अस्तित्वहीन मध्यस्थता न्यायालय ने सिंधु जल संधि की स्थिति और अंतरिम उपायों पर एक फैसला सुनाया है। जिसे उसने 'अवार्ड' बताया है। न्यायालय का यह आदेश विश्व बैंक द्वारा तय की गई संधि की शर्तों का सीधा-सीधा उल्लंघन है।

**अवैध न्यायालय के समक्ष नहीं गया भारत:** मंत्रालय ने यह भी कहा कि इस मध्यस्थता न्यायालय का गठन अवैध रूप से किया गया है। जिसके चलते भारत ने कभी भी इसे कानूनी रूप से स्वीकार नहीं किया है और यह उसके लिए पूरी तरह से अवैध है। भारत ने यह भी कहा है कि गैरकानूनी रूप से गठित होने की वजह से यह न्यायालय और इसके द्वारा लिए जाने वाले तमाम फैसलों का कोई कानूनी अस्तित्व नहीं है।

### इंटरनेशनल एयर शो में भाग लेने मिस्त्र पहुंची सारंग टीम



अल अलामीन एयरपोर्ट पर सारंग टीम, (इनसेट में) ध्रुव हेलीकॉप्टर

#### हवाई करतबों से करेगी मंत्रमुग्ध

नई दिल्ली। भारतीय वायु सेना की सारंग हेलीकॉप्टर डिस्प्ले टीम मिस्र के अल अलामीन पहुंच गई है। यह टीम 08 से 10 सितंबर 2026 तक होने वाले अल अलामीन इंटरनेशनल एयरशो के दूसरे संस्करण में हिस्सा लेगी। स्वदेशी रूप से डिजाइन और निर्मित एएलएच ध्रुव हेलीकॉप्टर उड़ाते हुए, सारंग टीम सटीकता, तालमेल और अपनी उड़ान कौशल का प्रदर्शन करेगी। दुनिया की एकमात्र हेलीकॉप्टर एरोबैटिक डिस्प्ले टीम, सारंग अपने खास हवाई करतबों से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर देगी।

### विकास और निर्यात को बढ़ावा देने पर रहेगा जोर

# रक्षा मंत्री आज करेंगे रक्षा क्षेत्र के 16 डीपीएसयू की कार्य-समीक्षा

अमन लेखनी समाचार/ नई दिल्ली,



सशस्त्र सेनाओं (सेना, वायुसेना और नौसेना) के लिए की जाने वाली हथियारों की खरीद के मामले में विदेशों पर बनी हुई निर्भरता को कम करने यानी आत्मनिर्भरता को हासिल करने के उद्देश्य के साथ रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह मंगलवार (1 सितंबर) को नई दिल्ली में सार्वजनिक क्षेत्र के 16 रक्षा उपक्रमों (डीपीएसयू) की वार्षिक कार्य समीक्षा करेंगे। जिसमें नई स्वदेशी प्रौद्योगिकियों के विकास और निर्यात को बढ़ावा देने के महत्व पर खासा जोर दिया जाएगा। रक्षा मंत्रालय ने सोमवार को बताया कि इस कार्य समीक्षा कार्यक्रम के दौरान रक्षा क्षेत्र के कुल 7 रक्षा उपक्रम शामिल होंगे। जिसमें हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड (एचएएल), मझगांव डॉक शिपबिल्डर्स लिमिटेड (एमडीएल), भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड (बीईएल), भारत डायनामिक्स लिमिटेड (बीडीएल), गार्डनरीच शिपबिल्डर्स एंड इंजीनियर्स लिमिटेड (जीआरएसई), बीईएमएल और मिधानी के अध्यक्ष-प्रबंध निदेशक शामिल होंगे।

### भारतीय नौसेना की पनडुब्बी बचाव क्षमता को मिली मजबूती

# अंडर वाटर मिशन में 'निपुण' पोत नौसेना बेड़े में हुआ शामिल

अमन लेखनी समाचार/ नई दिल्ली,

स्वदेशी डाइविंग सपोर्ट पोत 'निपुण' सोमवार को नौसैनिक बेड़े में शामिल हो गया है। इसको खास तौर पर गहरे समुद्र में गोताखोरी और पानी के नीचे होने वाले अंडर वाटर मिशन को अंजाम देने के लिए तैयार किया गया है। यह संकट में फंसी सबमरीन की भी मदद कर सकता है। नौसेना प्रमुख एडमिरल कृष्णा स्वामीनाथन की मौजूदगी में इसे नौसेना में शामिल किया गया। दरअसल जहां सामान्य पोत समुद्र की सतह पर काम करते हैं, वहीं 'निपुण' का प्रभाव समुद्र की गहराइयों तक जाता है। इसमें आधुनिक गोताखोर प्रणालियां हैं जिनसे कठिन समुद्री परिस्थितियों में भी काफी लंबे समय तक गोताखोरों को मदद मिलती है।

इसमें आधुनिक नौवहन और पोत प्रबंधन प्रणालियां मौजूद

यह निस्तार श्रेणी का दूसरा डाइविंग सपोर्ट पोत है



'निपुण' को शामिल करते नौसेना प्रमुख एडमिरल कृष्णा स्वामीनाथन

### संचालन की कमान मजबूत होगी

इस अवसर पर नौसेना प्रमुख एडमिरल कृष्णा स्वामीनाथन ने कहा कि युद्धक तैयारी नौसेना की सर्वोच्च जिम्मेदारी और प्राथमिकता है, खासकर ऐसे समय में जब समुद्री वातावरण लगातार चुनौतीपूर्ण और बदलता हुआ है। उन्होंने कहा कि यह पोत लहरों के ऊपर, समुद्र की सतह पर और पानी के नीचे संचालन की कमान की क्षमता को मजबूत करेगा। नौसेना प्रमुख ने कहा कि पनडुब्बी बचाव अभियान के लिए उच्च स्तर की तैयारी की आवश्यकता होती है और इसमें देरी की बहुत कम गुंजाइश होती है। यह संकट में फंसी पनडुब्बियों की सहायता करने की भारत की क्षमता को काफी बढ़ाएगा।

### गोताखोर अभियानों को सहायता मिलेगी

पानी के नीचे किसी संदिग्ध वस्तु की जांच हो या कोई और मिशन, 'निपुण' सभी के लिए भी तैयार है। यह आधुनिकतम पोत भारतीय नौसेना की पनडुब्बी बचाव क्षमता को भी मजबूत करेगा। समुद्री गहराई में यदि पनडुब्बी में संकट में आती है तो 'निपुण बेहद महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है। 'निपुण' गोताखोरों और पानी के नीचे होने वाले बचाव अभियानों को सहायता उपलब्ध कराएगा।

### 9,000 टन वजनी है यह पोत

करीब 9,000 टन वजनी निपुण पोत में कई विशेष क्षमताएं हैं। पोत की विशेष डाइविंग क्षमताएं मित्र देशों को पानी के भीतर मलबा हटाने और बचाव अभियानों में भी सहायता दे सकती हैं। यह निस्तार श्रेणी का दूसरा डाइविंग सपोर्ट पोत है। 'निपुण' में आधुनिक नौवहन और पोत प्रबंधन प्रणालियां लगाई गई हैं। इसमें सटीक स्थिति बनाए रखने की क्षमता भी है। इसका फायदा पानी के नीचे जटिल अभियानों के दौरान मिलेगा। पोत समुद्र में अपनी स्थिति को नियंत्रित रखते हुए गोताखोरों को लगातार सहायता दे सकेगा।

# जनता की समस्याओं का त्वरित और गुणवत्तापूर्ण समाधान सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता : केशव प्रसाद मौर्य

**जनता दर्शन में उप मुख्यमंत्री ने सैकड़ों नागरिकों की समस्याएं सुनीं, अधिकारियों को दिए समयबद्ध एवं संतुष्टिपरक निस्तारण के निर्देश**

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने सोमवार को अपने कैंप कार्यालय, कालिदास मार्ग, लखनऊ तथा सर्किट हाउस, प्रयागराज में आयोजित जनता दर्शन कार्यक्रम में विभिन्न स्थानों से आए सैकड़ों नागरिकों से भेंट कर उनकी समस्याएं सुनीं। उप मुख्यमंत्री ने प्रत्येक फरियादी से आत्मीय संवाद करते हुए उनकी समस्याओं और प्रकरणों की विस्तृत जानकारी ली तथा संबंधित अधिकारियों को समयबद्ध, निष्पक्ष एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। जनता दर्शन में बड़ी संख्या में नागरिक अपनी विभिन्न समस्याएं लेकर पहुंचे। उप मुख्यमंत्री स्वयं लोगों के बीच पहुंचे और एक-एक फरियादी की बात पूरी गंभीरता, संवेदनशीलता एवं धैर्य के साथ सुनी। उन्होंने मौके पर ही अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए कहा कि जनसमस्याओं के समाधान में किसी भी स्तर पर लापरवाही अथवा अनावश्यक विलंब नहीं होना चाहिए। जनता दर्शन में भूमि एवं राजस्व विवाद, अवैध कब्जे, चिकित्सा सहायता, पेंशन, आवास, सड़क, विद्युत, पेयजल, पुलिस एवं प्रशासन, शिक्षा, रोजगार सहित विभिन्न विषयों से जुड़े प्रकरण प्रस्तुत किए गए। श्री मौर्य ने सभी मामलों का संज्ञान लेते हुए संबंधित विभागों के अधिकारियों को प्राथमिकता के आधार पर प्रभावी कार्रवाई करने तथा शिकायतकर्ताओं को समय से राहत उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि जनता दर्शन सरकार और जनता के बीच विश्वास एवं संवाद का सशक्त माध्यम है।



जनता की समस्याओं को सुनना, उनका समाधान सुनिश्चित करना तथा पात्र लोगों तक सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाना प्रदेश सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार का स्पष्ट संकल्प है कि कोई भी पात्र व्यक्ति कल्याणकारी योजनाओं के लाभ से वंचित न रहे और किसी पीड़ित नागरिक को न्याय के लिए अनावश्यक कठिनाइयों का सामना न करना पड़े। जनसेवा और जनसमस्याओं के समाधान के प्रति सरकार पूरी संवेदनशीलता के साथ कार्य कर रही है। श्री मौर्य ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि शिकायतों का निस्तारण केवल औपचारिकता तक सीमित न रहे, बल्कि शिकायतकर्ता की संतुष्टि के अनुरूप प्रभावी एवं गुणवत्तापूर्ण समाधान सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि जनसमस्याओं के निस्तारण में लापरवाही, उदासीनता अथवा अनावश्यक विलंब किसी भी स्थिति में स्वीकार नहीं किया जाएगा। ऐसे मामलों में संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों की जवाबदेही तय की जाएगी। उप मुख्यमंत्री ने विशेष रूप से महिलाओं, दिव्यांगजनों, वरिष्ठ नागरिकों तथा जरूरतमंद एवं कमजोर वर्गों की समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर समाधान करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि संवेदनशील, पारदर्शी और जवाबदेह प्रशासन ही सुशासन की वास्तविक पहचान है। उन्होंने अधिकारियों को यह भी निर्देशित किया कि गरीबों और कमजोर वर्गों का उत्पीड़न करने, अवैध कब्जा करने अथवा दबंगई दिखाने वाले लोगों के विरुद्ध नियमानुसार कठोर कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। किसी भी पीड़ित व्यक्ति के साथ अन्याय न हो और उसे समय से न्याय एवं राहत मिले, यह अधिकारियों की प्राथमिक जिम्मेदारी है। उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि जनता का विश्वास ही हमारी सबसे बड़ी पूंजी है। प्रत्येक व्यक्ति की समस्या का समाधान कर उसे न्याय दिलाना सरकार की प्रतिबद्धता है। जनसमस्याओं का प्रभावी निस्तारण भी होगा और पात्र लोगों को सरकारी योजनाओं का लाभ भी मिलेगा। उन्होंने अधिकारियों को शासन की मंशा के अनुरूप जनसेवा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए पूरी संवेदनशीलता, तत्परता और जवाबदेही के साथ कार्य करने के निर्देश दिए।

## दहेज हत्या के आरोपी पति को पुलिस ने दबोचा, भेजा जेल

**ससुराल पक्ष पर विवाहिता की हत्या का आरोप, घटना के बाद से फरार था आरोपी—अन्य आरोपियों की तलाश में दबिश**

अमन लेखनी समाचार



मोहनलालगंज। दहेज के लिए विवाहिता की हत्या के मामले में फरार चल रहे आरोपी पति को मोहनलालगंज पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपी को न्यायालय में पेश किया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया मामले में शामिल अन्य आरोपियों की तलाश की जा रही पुलिस के मुताबिक, राम गुलाम पुत्र राम अवतार ने शुक्रवार को थाने में तहरीर देकर आरोप लगाया था कि उसकी बेटी को ससुराल पक्ष के लोग दहेज की मांग को लेकर लगातार प्रताड़ित कर रहे थे। आरोप है कि इसी के चलते उसकी हत्या कर दी गई। तहरीर के आधार पर पुलिस ने धारा 3/4 दहेज प्रतिषेध अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज किया था। घटना के बाद आरोपी फरार हो गया था उसकी गिरफ्तारी के लिए पुलिस अधिकारियों के निर्देश पर टीम गठित की गई। प्रभारी निरीक्षक राम बाबू सिंह के नेतृत्व में पुलिस टीम ने तकनीकी व मैनुअल साक्ष्यों के साथ मुखबिर तंत्र की मदद से 31 अगस्त को ग्राम राजाखेड़ा निवासी प्रमोद कुमार उर्फ लवकुश राजपूत (25) पुत्र हरीराम को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपी को न्यायालय के समक्ष पेश किया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया पुलिस के अनुसार मामले में अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए प्रयास किए जा रहे हैं।

# एन ओ सी के पेच में फंसी कुबहरा की सड़क, 13वें दिन भी किसानों का धरना

**दल–बल के साथ पहुंचीं वन अधिकारी, डेढ़ घंटे चली बातचीत के बाद भी नहीं निकला समाधान — एन ओ सी जारी न होने से किसानों में आक्रोश, मंगलवार को वन विभाग कार्यालय घेराव की चेतावनी**

अमन लेखनी समाचार

मोहनलालगंज। कमलापुर-विचलखा माइनर से कुबहरा तक सड़क निर्माण की मांग को लेकर राष्ट्रीय किसान मजदूर संगठन के बैनर तले किसानों का धरना सोमवार को 13वें दिन भी जारी रहा कुबहरा सामुदायिक मिलन केंद्र पर 19 अगस्त से चल रहे धरने में बड़ी संख्या में किसान शामिल किसानों का कहना है कि सड़क निर्माण की मांग लंबे समय से लंबित लेकिन विभागीय स्तर पर फाइलों की कार्रवाई आगे नहीं बढ़ पा रही सड़क निर्माण पीडब्ल्यूडी और वन विभाग के बीच अनापत्ति प्रमाणपत्र के पेंच में फंसा हुआ। सोमवार को वन अधिकारी मोहनलालगंज श्रीमती शुभी श्रीवास्तव दल-बल के साथ धरना स्थल पर पहुंचीं उन्होंने धरने पर बैठे किसानों से करीब डेढ़ घंटे तक वार्ता कर उनकी समस्याएं और मांगें सुनीं अधिकारियों की ओर से किसानों को समझाने का प्रयास किया गया, लेकिन वार्ता किसी ठोस निष्कर्ष पर नहीं पहुंच सकी किसानों ने स्पष्ट कहा कि जब तक वन विभाग की ओर से सड़क निर्माण के लिए एनओसी जारी नहीं की जाती, तब तक किसी भी प्रकार की वार्ता का कोई औचित्य नहीं है।

### एक सप्ताह में ठडउ का मिला था आशवासन

किसानों के मुताबिक, इससे पहले 21 अगस्त को पीडब्ल्यूडी के सहायक अभियंता, वन विभाग के सहायक वन अधिकारी और नायब तहसीलदार समेत अधिकारियों की टीम ने मौके पर



पहुंचकर स्थलीय निरीक्षण किया था टीम ने सड़क निर्माण के प्रस्तावित मार्ग की नाप-जोख भी कराई थी उस समय वन विभाग की ओर से किसानों को एक सप्ताह के भीतर एनओसी जारी करने का आश्वासन दिया गया था वहीं पीडब्ल्यूडी अधिकारियों ने भी कहा था कि वन विभाग से एनओसी मिलते ही सड़क निर्माण की प्रक्रिया शुरू कर दी जाएगी। किसानों का आरोप है कि आश्वासन के बावजूद निर्धारित समय बीत जाने के बाद भी एनओसी जारी नहीं की गई 10 दिन बीत जाने के बाद भी निर्माण की दिशा में कोई ठोस कार्रवाई न होने से किसानों में नाराजगी बढ़ती जा रही किसानों का कहना है कि सड़क न होने से क्षेत्र के लोगों को आवागमन में परेशानी का सामना करना पड़ता और बरसात के दिनों में समस्या और गंभीर हो जाती।

### मंगलवार को घेराव की चेतावनी

कार्रवाई में देरी से नाराज किसानों ने 29 अगस्त को वन विभाग, उपजिलाधिकारी और सहायक पुलिस आयुक्त को पत्र देकर अपनी मांग से अवगत कराया था। किसानों ने पत्र के माध्यम से चेतावनी दी है कि यदि मंगलवार एक सितंबर को दोपहर 12 बजे तक संयुक्त कागजी कार्रवाई पूरी कर एनओसी जारी नहीं की गई तो वे वन विभाग कार्यालय मोहनलालगंज का घेराव कर प्रदर्शन करेंगे। किसानों ने कहा कि वे लंबे समय से शांतिपूर्ण तरीके से धरना दे रहे हैं और अधिकारियों के आश्वासन का इंतजार करते रहे इसके बावजूद यदि अब भी कार्रवाई नहीं हुई तो किसान आंदोलन को आगे बढ़ाने के लिए मजबूर होंगे। किसानों ने दो टूक कहा कि सड़क निर्माण के लिए आवश्यक एनओसी जारी होने तक धरना समाप्त नहीं किया जाएगा धरने में राष्ट्रीय किसान मजदूर संगठन के प्रदेश महासचिव दिनेश यादव,मंडल उपाध्यक्ष राजेंद्र यादव, मंडल महामंत्री हरिपाल सिंह, जिलाध्यक्ष प्रमोद कुमार समेत बड़ी संख्या में किसान मौजूद रहे किसानों ने मंगलवार को प्रस्तावित प्रदर्शन को लेकर भी रणनीति बनाई।

## बहू-बेटी सम्मेलन में महिलाओं को सुरक्षा व अधिकारों की दी जानकारी

अमन लेखनी समाचार

निगोहां। मिशन शक्ति अभियान के तहत सोमवार को थाना क्षेत्र के भगवानपुर गांव में बहू-बेटी सम्मेलन आयोजित किया गया। इसमें महिलाओं और बालिकाओं को उनकी सुरक्षा, अधिकारों और महिला सशक्तिकरण से जुड़ी योजनाओं की जानकारी देकर जागरूक किया गया। सम्मेलन में पुलिस टीम ने महिला हेल्पलाइन 1090, आपातकालीन सेवा 112, महिला हेल्पलाइन 181 और मुख्यमंत्री हेल्पलाइन 1076 सहित अन्य महत्वपूर्ण सेवाओं की जानकारी दी साथ ही किसी भी प्रकार की परेशानी होने पर बिना संकोच पुलिस से संपर्क करने की अपील की। महिला सुरक्षा केंद्र, महिला हेल्प डेस्क और यूपी कॉप एप के उपयोग के बारे में भी विस्तार से बताया गया। पुलिसकर्मियों ने महिलाओं को साइबर अपराध के बढ़ते मामलों से सतर्क रहने की सलाह देते हुए ऑनलाइन ठगी, फर्जी कॉल



और संदिग्ध लिंक से बचने के उपाय बताए। उन्होंने कहा कि साइबर ठगी का शिकार होने पर तत्काल साइबर हेल्पलाइन 1930 पर शिकायत दर्ज कराएं, ताकि समय रहते कार्रवाई की जा सके कार्यक्रम में एंटी रोमियो/मिशन शक्ति प्रभारी रामचंद्र यादव, मुख्य आरक्षी अंबिकेश तिवारी, महिला आरक्षी शोभारानी तथा आरक्षी विपिन कुमार मौजूद रहे।

## मुकदमे से नाराज आरोपी ने पीड़िता के परिजनों को धमकाया, पुलिस ने किया चालान

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। रहीमाबाद थाना क्षेत्र के एक गांव में छेड़छाड़ के मुकदमे से नाराज आरोपी ने पीड़िता युवती और उसके परिजनों पर दबाव बनाने के लिए धमकाना शुरू कर दिया। सोमवार सुबह आरोपी मारपीट पर आमादा हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने आरोपी को हिरासत में लेकर शांति भंग की कार्रवाई करते हुए उसका चालान कर दिया।

इंस्पेक्टर रहीमाबाद अरुण कुमार त्रिगुणायक ने बताया कि पीड़ित युवती ने 28 अगस्त को गांव निवासी प्रियांशु के खिलाफ घर में घुसकर छेड़छाड़ करने का आरोप लगाते हुए प्राथमिकी दर्ज कराई थी। मुकदमा दर्ज होने के बाद आरोपी इससे नाराज चल रहा था। आरोप है कि वह लगातार पीड़िता और उसके परिजनों पर मुकदमा वापस लेने का दबाव बनाते हुए उल्टी-सीधी बातें कर रहा था और सोमवार सुबह उनके



आरोपी प्रियांशु फोटो

साथ मारपीट करने पर आमादा हो गया। मामले की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और आरोपी प्रियांशु को हिरासत में ले लिया। पुलिस ने शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए आरोपी के खिलाफ शांति भंग की कार्रवाई करते हुए उसका चालान कर दिया। पुलिस के अनुसार आरोपी डाला चालक है। मामले में पुलिस द्वारा आगे की आवश्यक कार्रवाई की जा रही है।

## हर्रई पुल के नीचे नहर किनारे मिला युवक का शव, पोस्टमार्टम रिपोर्ट से खुलेगा मौत का राज

अमन लेखनी समाचार

मोहनलालगंज। नगराम थाना क्षेत्र के हर्रई गांव के पास रविवार देर रात इंदिरा नहर की हैदरगढ़ शाखा में हर्रई पुल के नीचे नहर किनारे युवक का शव मिलने से सनसनी फैल गई शव मिलने की सूचना पर मौके पर पहुंची नगराम पुलिस ने आसपास के लोगों से जानकारी जुटाने के साथ ही मृतक की पहचान कर परिजनों को घटना की जानकारी दी युवक की मौत किन परिस्थितियों में हुई फिलहाल इसका स्पष्ट कारण सामने नहीं आया पुलिस पोस्टमार्टम रिपोर्ट का इंतजार कर रही। मृतक की पहचान हर्रई गांव निवासी विजय कुमार (25) पुत्र राजाराम के रूप में हुई बताया गया कि रविवार रात युवक का शव इंदिरा नहर की हैदरगढ़ शाखा में हर्रई पुल के नीचे नहर पटरी के किनारे पड़ा मिला शव पर नजर पड़ने के बाद इसकी सूचना पुलिस को दी गई कुछ ही देर में नगराम पुलिस मौके पर पहुंच गई और शव को कब्जे में लेकर आवश्यक कार्रवाई शुरू की।

### सूचना मिलते ही मचा हड़कंप

युवक का शव मिलने की जानकारी जैसे ही गांव में पहुंची, बड़ी संख्या में ग्रामीण मौके पर पहुंच गए। मृतक की पहचान होने के बाद घटना की सूचना उसके परिवार को दी गई विजय की मौत की खबर मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। परिवार के लोगों का रो-रोकर बुरा हाल रहा वहीं घटना को लेकर गांव में तरह-तरह की चर्चाएं भी होती रहीं पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण करने के साथ ही परिजनों से युवक के बारे में जानकारी ली हालांकि प्रथम दृष्टया युवक की मौत का कारण स्पष्ट नहीं हो सका पुलिस ने सभी पहलुओं को ध्यान में रखते हुए जांच शुरू कर दी।

### पिता की तहरीर पर इत्तफाकिया रिपोर्ट

नगराम पुलिस के अनुसार मृतक के पिता राजाराम की तहरीर के आधार पर इत्तफाकिया रिपोर्ट दर्ज की गई पुलिस ने शव का पंचायतनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही यह स्पष्ट हो सकेगा कि युवक की मौत डूबने से हुई किसी अन्य कारण से हुई या घटना के पीछे कोई और परिस्थिति रही।

### पोस्टमार्टम रिपोर्ट का इंतजार

थानाध्यक्ष नगराम अंजनी कुमार सिंह ने बताया कि युवक की मौत किन परिस्थितियों में हुई इसका अभी स्पष्ट कारण सामने नहीं आया शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया रिपोर्ट मिलने के बाद मौत के वास्तविक कारण का पता चल सकेगा रिपोर्ट के आधार पर आगे की विधिक कार्रवाई की जाएगी फिलहाल पुलिस मामले की जांच में जुटी है और पोस्टमार्टम रिपोर्ट को घटना की गुत्थी सुलझाने में महत्वपूर्ण माना जा रहा।

## तीन दिन बाद इंदिरा नहर में मिला युवक का शव

**बीबीडी डैम पर नहाते समय डूबा था, नगराम के इस्माइलनगर के पास उतराता मिला शव**

अमन लेखनी समाचार

मोहनलालगंज। नगराम क्षेत्र से गुजर रही शारदा सहायक पोषक नहर (इंदिरा नहर) में सोमवार सुबह एक 20 वर्षीय युवक का शव उतराता मिला नगराम क्षेत्र के इस्माइलनगर गांव के पास इंदिरा नहर में उतराते मिले शव को देख ग्रामीणों की सूचना पर पहुंची नगराम पुलिस ने स्थानीय लोगों की मदद से शव को बाहर निकलवाकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया शव की पहचान होने के बाद परिजनों में कोहराम मच गया चिनहट थाना क्षेत्र के नंदपुर गांव निवासी लक्ष्मी प्रसाद ने बताया कि उनका पुत्र मोहित (20) 29 अगस्त को अपने साथियों के साथ बीबीडी क्षेत्र स्थित इंदिरा डैम पर नहाने गया था नहाते समय वह गहरे पानी में चला गया और डूब गया घटना के बाद से परिजन और पुलिस उसकी तलाश में जुटे थे इस संबंध में बीबीडी थाने में सूचना भी दी गई थी सोमवार सुबह



इस्माइलनगर गांव के पास नहर में एक युवक का शव उतराता देख ग्रामीणों ने पुलिस को सूचना दी मौके पर पहुंची नगराम पुलिस ने शव को बाहर निकलवाया सूचना मिलने पर पहुंचे परिजनों ने शव की पहचान मोहित के रूप में की बेटे का शव मिलने से परिवार में चीख-पुकार मच गई। नगराम थाना प्रभारी अंजनी कुमार सिंह ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। घटना बीबीडी थाना क्षेत्र की होने के कारण आवश्यक विधिक कार्रवाई संबंधित थाना करेगा प्रथम दृष्टया मामला नहाने के दौरान डूबने का प्रतीत हो रहा है।

## बच्चों को मिली रिश्ते जोड़ने की सीख



अमन लेखनी समाचार

**लखनऊ।** लोक संस्कृति शोध संस्थान की मासिक श्रृंखला दादी नानी की कहानी जीतेश की जुबानी का 84वां आयोजन सोमवार को बीकेटी स्थित बेसिक विद्यालय कमलाबाद बढ़ौली में हुआ। स्टोरीमैन जीतेश श्रीवास्तव ने दर्जी की सीख कहानी के माध्यम से बच्चों को रिश्तों को तोड़ने के बजाय जोड़ने और सकारात्मक सोच अपनाने का संदेश दिया। कार्यक्रम का शुभारंभ मनोरंजक खेल से हुआ। कहानी में दर्जी द्वारा कैंची को नीचे और सुई को ऊपर रखने के माध्यम से समझाया गया कि तोड़ने वाले की जगह नीचे और जोड़ने वाले की जगह हमेशा ऊपर होती है। बच्चों ने कहानी के संदेश को उत्साहपूर्वक आत्मसात किया। अर्चना गुप्ता ने बच्चों को कविता सुनाई जिसे बच्चों ने दोहराया। वरिष्ठ गायिका आशा श्रीवास्तव ने प्रेरक पंक्तियों का सामूहिक गायन कराया। इस अवसर पर संस्थान की सचिव सुधा द्विवेदी, लोक कथा प्रभारी शम्भू शरण वर्मा, समाजसेवी अवनीश कुमार सिंह, विद्यालय की इंचार्ज प्रधानाध्यापक किरन त्रिवेदी, अंजुला चौधरी, एकता श्रीवास्तव, दिनेश यादव, ऊषा तिवारी सहित अन्य उपस्थित रहे।

## शंकरा गीत को डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य ने किया लॉन्च




अमन लेखनी समाचार

**लखनऊ।** नव म्यूज़िका के नए गीत शंकरा के लॉन्च के साथ ही संगीत प्रेमियों के बीच इसकी चर्चा शुरू हो गई है। गीत को प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने अभिनेता नवीन कुमार से मुलाकात कर उन्हें शुभकामनाएं दीं और शंकरा गीत को लॉन्च किया। शंकरा गीत को चर्चित गायक सुधीर यदुवंशी ने अपनी आवाज दी है। सुधीर यदुवंशी फिल्म धुरंधर के चर्चित गीत आरी-आरी के लिए भी अपनी पहचान बना चुके हैं। उनकी दमदार आवाज में तैयार शंकरा गीत को लेकर संगीत प्रेमियों में खासा उत्साह देखा जा रहा है। गीत के लॉन्च के दौरान अभिनेता नवीन कुमार ने बताया कि शंकरा को दर्शकों और संगीत प्रेमियों की पसंद को ध्यान में रखते हुए तैयार किया गया है। गीत में भगवान शिव की भक्ति और आध्यात्मिक भावनाओं को आधुनिक संगीत के साथ प्रस्तुत करने का प्रयास किया गया है। उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने गीत की टीम को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि भारतीय संस्कृति और आध्यात्मिक परंपराओं से जुड़े गीत नई पीढ़ी को अपनी जड़ों से जोड़ने का माध्यम बन सकते हैं। उन्होंने शंकरा की सफलता की कामना की।

## गया प्रसाद शुक्ल सनेही की रचनाएं राष्ट्रप्रेम से ओतप्रोत हैं : शर्मा

- नन्द दुलारे वाजपेयी, गया प्रसाद शुक्ल सनेही एवं वंशीधर शुक्ल स्मृति समारोह

अमन लेखनी समाचार

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश हिन्दी संस्थान लखनऊ द्वारा नन्द दुलारे वाजपेयी, गया प्रसाद शुक्ल सनेही एवं वंशीधर शुक्ल की स्मृति में सोमवार को एक दिवसीय संगोष्ठी का आयोजन हिन्दी भवन के प्रेमचन्द सभागार में पूर्वाह्न 10:30 बजे से किया गया। दीप प्रज्वलन, माँ सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण, पुष्पार्पण के उपरान्त वाणी वंदना डॉ0 प्रीति राव द्वारा प्रस्तुत की गयी। डॉ. कैलाश देवी सिंह ने कहा वंशीधर शुक्ल जी एक कालजयी रचनाकार हैं। शुक्ल जी ने देश की स्वतंत्रता में भी योगदान दिया। वे किसानों की समस्याओं के निराकरण के लिए भी अपनी लेखनी चलायी। उन्होंने जीवन मूल्यों व आदर्शों के साथ कभी समझौता नहीं किया। वे स्वाभिमानी प्रवृत्ति के



लेखक थे। शुक्ल जी की रचना बिन्दु में गाँव की प्राथमिकता रही है। वे गाँव व किसानों के पक्षधर थे। वे समाज में फैली दहेज प्रथा के घोर विरोधी थे। उनके काव्य में गाँव व किसानों की समस्याओं का व्यापक वर्णन मिलता है। उनकी रचनाओं में किसानों की दुर्दशा परिलक्षित होती है। उन्होंने कल्पनावाद के कवियों की घोर निन्दा की है।

पद्मकान्त शर्मा प्रभात ने कहा गया प्रसाद शुक्ल सनेही जी की रचनाएं राष्ट्रप्रेम से ओतप्रोत हैं। उनकी मान्यता थी कि जिसके हृदय में स्वदेश का प्यार नहीं वह हृदय नहीं वह पत्थर के समान हैं। गया प्रसाद शुक्ल सनेही एक कवि निमार्ता के रूप में साहित्य जगत में प्रसिद्ध हैं। सनेही जी ने राष्ट्रीयता से ओत-प्रोत कविताएं लिखीं। वे छन्दबद्ध ओजस्वी कविताएं लिखते थे। सनेही जी एक युग दृष्टा कवि के रूप में साहित्य जगत में महत्वपूर्ण स्थान रखते हैं। उन्होंने अपनी रचनाओं में स्वतंत्रता, राष्ट्रीयता, मातृभूमि को केन्द्र बिन्दु के रूप में रखा। डॉ. सत्यवान ने कहा साहित्य में आचार्य नन्द दुलारे वाजपेयी ने आलोचना के क्षेत्र में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। आलोचना के क्षेत्र में नन्द दुलारे वाजपेयी स्वतंत्र विचारों के पक्षधर थे। नन्द दुलारे वाजपेयी मौलिक रचनाकारों की श्रेणी में आते हैं। उन्होंने साहित्य की विभिन्न विधाओं पर अपनी लेखनी चलाई है। उनकी रचनाएँ सारगर्भित हैं। उनकी सम्पादकीय टिप्पणियाँ भी विभिन्न क्षेत्रों में प्रखर आलोचना से परिपूर्ण हैं। उनकी मान्यता थी कि साहित्य ही समाज का सही मार्गदर्शन कर सकता है। इस अवसर पर रतन माला भारती द्वारा नन्द दुलारे वाजपेयी के निबन्ध गीतिका, गया प्रसाद शुक्ल सनेही की कविता, परिचय एवं पावस गीत का वाचन किया गया। वहीं राधिका रावत द्वारा नन्द दुलारे वाजपेयी के निबन्ध श्री रामचन्द शुक्ल तथा वंशीधर शुक्ल की कविता उठ जाग मुसाफिर भोर भई एवं संसार किसी के साथ नही चलता है का वाचन भी हुआ। डॉ. अमिता दुबे, प्रधान सम्पादक, उप्र हिन्दी संस्थान द्वारा कार्यक्रम का संचालन एवं संगोष्ठी में उपस्थित समस्त साहित्यकारों, विद्वत्तजनों एवं मीडिया कर्मियों का आभार व्यक्त किया गया।

## 14 सितंबर से गूंजेगा गणपति बप्पा मोरिया का जयघोष, 16वें विशाल गणेश महोत्सव की तैयारियां जोरों पर

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। विकास खण्ड हिलौली के ग्राम लउवा में विगत 15 वर्षों से चली आ रही परम्परा के तहत इस वर्ष भी 16वां विशाल गणेश उत्सव बड़े ही हर्षोल्लास व भव्यता के साथ मनाया जाएगा। पूरे गांव में उत्सव को लेकर भारी उत्साह देखा जा रहा है। आयोजन समिति ने बताया कि गणेश महोत्सव का शुभारंभ 14 सितंबर 2026 दिन सोमवार को गणेश स्थापना के साथ होगा कथा व्यास के रूप में हरदोई के सुप्रसिद्ध युवा कथा वाचक परम पूज्य बाल व्यासक पं. विपिन मिश्रा जी महाराज अपने श्रीमुख से श्रीमद् भागवत कथा का रसपान कराएंगे। कार्यक्रम में स्वागताकांक्षी के रूप में सचिन दीक्षित, आदर्श दीक्षित, अमन दीक्षित, माही दीक्षित, भूमी दीक्षित, दीपक दीक्षित एवं समस्त ग्रामवासी लउवा उपस्थित रहेंगे।

## बारिश के चलते गिरा कच्चा मकान, मलबे में दबकर महिला की मौत, पति घायल

अमन लेखनी समाचार

सुमेरपुर, उन्नाव। थाना बारा सगवर क्षेत्र के ग्राम बरदहा में बारिश के चलते एक कच्चा मकान के अचानक गिर जाने से दंपति मलबे के नीचे दब गए। इस हादसे में महिला की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि उसका पति गंभीर रूप से घायल हो गया। मिली जानकारी के अनुसार, ग्राम बरदहा निवासी जय प्रकाश (45 वर्ष) पुत्र रामशंकर लोधी और उनकी पत्नी केशकली (42 वर्ष) बीती रात करीब 12:00 बजे अपने कच्चे मकान में मौजूद थे, तभी बारिश के कारण मकान की छत ढह गई और दोनों मलबे में दब गए। सूचना मिलते ही गांव वाले मौके पर एकत्र हुए और कड़ी मशक्कत के बाद दोनों को बाहर निकाला। तलाश और बचाव कार्य के दौरान केशकली को मृत पाया गया, जबकि जय प्रकाश गंभीर रूप से घायल मिले। ग्रामीणों की मदद से 108 एम्बुलेंस द्वारा घायल को तत्काल शव शैया बेड बीघापुर भेजा गया, जहाँ प्राथमिक उपचार के बाद उनकी गंभीर स्थिति को देखते हुए डॉक्टरों ने उन्हें हैलेट अस्पताल कानपुर रेफर कर दिया। घटना की सूचना पर उपजिलाधिकारी बीघापुर और थानाध्यक्ष बारा सगवर पुलिस बल के साथ मौके पर पहुँचे।

# पुलिस पर लगे विवेचना में लापरवाही के गंभीर आरोप

अमन लेखनी समाचार

सुमेरपुर, उन्नाव। बिहार थाना क्षेत्र के ग्राम सरैया पकरा खुर्द निवासी रमाकान्त रावत ने पुलिस अधीक्षक उन्नाव को प्रार्थना पत्र देकर अपने बेटे की हत्या के मामले में विवेचना किसी अन्य सर्किल में स्थानांतरित करने की गुहार लगाई है। पीड़ित का आरोप है कि स्थानीय पुलिस आरोपियों को बचाने का प्रयास कर रही है और उसके साथ अभद्र व्यवहार कर रही है। रमाकान्त रावत के अनुसार, 1 नवंबर 2025 की रात्रि को पैसों के लेनदेन के विवाद में उनके बेटे अनूप उर्फ अंकित की हत्या कर दी गई थी। इस घटना में अनूप का साथी सौरभ यादव (पुत्र फूलचंद्र) भी गंभीर रूप से घायल हुआ था। सौरभ, जो कि इस घटना का चश्मदीद गवाह भी है, हमले में गंभीर रूप से घायल होकर रीढ़ की हड्डी टूटने के कारण आज भी बिस्तर पर है। पीड़ित का कहना है कि प्रत्यक्षदर्शी और घायल सौरभ का बयान दर्ज कराने के लिए उन्होंने थाना प्रभारी से बार-बार गुहार लगाई, लेकिन उनके बयान दर्ज नहीं किए गए और न ही उसका वीडियो साक्ष्य में शामिल किया गया। पीड़ित का यह भी आरोप है कि दलित वर्ग से होने के बावजूद मामले में रउ/रळ एक्ट की धाराएं नहीं बढ़ाई गई हैं, जिससे आरोपियों को लाभ मिल सके। स्थानीय पुलिस के रवैये से आहत होकर पीड़ित की पत्नी पूर्व में आत्महत्या का प्रयास भी कर चुकी हैं। पीड़ित ने बीघापुर सर्किल की पुलिस पर निष्पक्ष जांच न करने और पक्षपात का आरोप लगाते हुए मांग की है कि मुकदमे (अ०सं० 0205/2026, धारा 103(2) इठर) की विवेचना किसी अन्य सर्किल के अधिकारी से कराई जाए, ताकि पीड़ित परिवार को न्याय मिल सके।

# 68 करोड़ का हुआ जीएसटी फर्जीवाड़ा तीन आरोपी गिरफ्तार

सरगना की खोज जारी बिंदकी प्रशासन ने की कार्रवाई




अमन लेखनी समाचार

बिंदकी, फतेहपुर, जनपद के बिंदकी कोतवाली थाना प्रशासन ने एक बड़ा खुलासा करते हुए फजीर्वाड़ा का पदार्फाश किया प्रशासन ने तीन आरोपी अरविंद श्रीवास्तव विवेक शुक्ला तथा दीपू गुप्ता को हिरासत में लेकर पूछताछ की जहां आरोपियों ने अपना मुख्य निवास उन्नाव तथा कानपुर बताया वहीं आरोपियों ने स्वीकार किया कि वह जीएसटी में फजीर्वाड़ा फर्जी जीएसटी बिल ई वे बिल बनाना टैक्स चोरी आदि का काम करते हैं आरोपियों के खिलाफ 68 करोड़ के जीएसटी फजीर्वाड़े का खुलासा हुआ वहीं जानकारी लेने पर आरोपियों ने बताया कि इस गैंग का मुख्य सरगना संजय अग्रवाल नाम का व्यक्ति है प्रशासन ने तीनों आरोपियों को हिरासत में लेकर पूछताछ प्रारंभ की वहीं सरगना की खोज प्रारंभ की

## सवा किलो अवैध गांजा समेत आरोपी हुआ गिरफ्तार

अमन लेखनी समाचार

फतेहपुर। जनपद के गाजीपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत पुलिस अधीक्षक के दिशा निर्देशन पर स्थानीय पुलिस द्वारा चलाए जा रहे अपराध पर रोकथाम तथा अपराधियों पर नियंत्रण के लिए अभियान के तहत राजकीय आयुर्वेद चिकित्सालय गम्हरी के समीप शंका जाहिर होने पर एक व्यक्ति की तलाशी ली गई जहां तलाशी लेने पर उसके पास एक किलो 250 ग्राम अवैध गांजा बरामद हुआ परिचय पूछने पर 35 वर्षीय अभियुक्त ने अपना नाम अरविंद पुत्र रामबाबू यादव निवासी शाखा थाना गाजीपुर के रूप में बताया प्रशासन ने अभियुक्त को हिरासत में लेकर एनडीपीएस की धारा 8/20 के तहत कार्रवाई करते हुए जेल भेज दिया इस सराहनीय कार्य में गाजीपुर थाना के उपनिरीक्षक हेमंत गोविंद सोनकर आरक्षी प्रभाकर शाक्य राजकुमार पाल आदि का सराहनीय सहयोग रहा

# नाले में डूबने से किशोरी की मौत, घर में पसरा मातम

अमन लेखनी समाचार



उन्नाव। आसीवन थाना क्षेत्र के खरगौरा गांव में रविवार देर शाम एक दर्दनाक हादसे में 15 वर्षीय किशोरी की नाले में डूबने से मौत हो गई। किशोरी खेत पर जा रही थी, तभी संकरी मेड़ से पैर फिसलने के कारण वह गहरे पानी में गिर गई। ग्रामीणों ने उसे बाहर निकाला, लेकिन तब तक उसकी जान जा चुकी थी। जानकारी के अनुसार मृतका नीतू घर से करीब 500 मीटर दूर स्थित खेत पर जा रही थी। नाले की मेड़ से गुजरते समय अचानक उसका संतुलन बिगड़ा और वह पानी में जा गिरी। घटना की जानकारी मिलते ही परिजन और गांव के लोग मौके पर पहुंचे। काफी मशक्कत के बाद उसे नाले से बाहर निकाला गया, मगर उसे बचाया नहीं जा सका। नीतू बृजेश पाल और विधावती की इकलौती बेटी थी। वह तीन भाइयों नितिन, नितेश और निखिल के बीच अकेली बहन थी। बेटी की मौत की खबर से परिवार में कोहराम मच गया है। पिता बृजेश ने बताया कि हादसे के वक्त वह किसी काम से घर से बाहर गए हुए थे। ग्रामीणों के मुताबिक नाले की मेड़ बेहद संकरी है और उसी रास्ते से खेतों की ओर आवाजाही होती है। ज्यादा पानी होने के कारण नीतू डूब गई। थाना प्रभारी प्रदीप सिंह ने बताया कि पिता बृजेश पाल की सूचना पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लिया है और आगे की विधिक कार्रवाई की जा रही है।

# खड़े कंटेनर में घुसा ट्रक, केबिन में फंसे चालक की मौत

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। सदर कोतवाली क्षेत्र में आरटीओ कार्यालय के सामने हाईवे किनारे खड़े कंटेनर में पीछे से आ रहे तेज रफ्तार ट्रक ने जोरदार टक्कर मार दी। भिड़ंत इतनी जबरदस्त थी कि ट्रक के आगे का हिस्सा पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया और चालक केबिन में ही फंस गया। जानकारी के अनुसार मृतक ट्रक चालक की पहचान बाराबंकी निवासी दीपक के रूप में हुई है। वह सोमवार तड़के ट्रक लेकर कानपुर से लखनऊ की ओर जा रहा था। जैसे ही वह आरटीओ कार्यालय के पास पहुंचा, उसका ट्रक सड़क किनारे खड़े कंटेनर में पीछे से जा घुसा। जोरदार आवाज सुनकर आसपास के लोग मौके पर दौड़े और भीड़ जमा हो गई। हादसे में ट्रक का केबिन बुरी तरह पिचक गया, जिससे चालक दीपक अंदर ही फंस गया। स्थानीय लोगों और पुलिस ने उसे निकालने का काफी प्रयास किया, लेकिन केबिन बुरी तरह क्षतिग्रस्त होने के कारण रेस्क्यू में दिक्कत आ रही थी। लगभग डेढ़ घंटे तक चालक ट्रक में फंसा रहा। बाद में हाइड्रा मशीन मंगवाकर ट्रक को खिंचवाया गया, तब जाकर चालक को बाहर निकाला जा सका। गंभीर हालत में उसे एंबुलेंस से जिला अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। सूचना पर सदर कोतवाली पुलिस, अस्पताल चौकी और ललऊखेड़ा चौकी प्रभारी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने पहले घायल चालक को अस्पताल भिजवाया, फिर क्षतिग्रस्त वाहनों को सड़क से हटवाया। इस हादसे के चलते लखनऊ-कानपुर हाईवे पर वाहनों की लंबी लाइन लग गई और कुछ देर के लिए जाम की स्थिति बन गई। पुलिस ने दोनों वाहनों को हटवाकर यातायात सामान्य कराया और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। फिलहाल पुलिस हादसे के कारणों की जांच कर रही है। सबसे बड़ा सवाल है कि चालक की नजर सड़क किनारे खड़े कंटेनर पर क्यों नहीं पड़ी। कंटेनर किस कारण से वहां खड़ा था, इसकी भी पड़ताल की जा रही है। पुलिस आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है।

# पीएम के बाद शव पहुंचा गांव मची चीख पुकार गंगा तट पर किया गया अंतिम संस्कार

अमन लेखनी समाचार



फतेहपुर चौरासी, उन्नाव। थाना क्षेत्र के राजेपुर गाँव निवासी धीरेन्द्र प्रताप सिंह की लखनऊ में हुई मौत के बाद विधिक कार्यवाही और पोस्टमार्टम के बाद शव सोमवार सुबह जैसे ही गाँव पहुंचा तो एक बार फिर कोहराम मच गया। गाँव ही नहीं क्षेत्र के लोग उनके घर पहुंच कर संवेदना व्यक्त करते रहे। धीरेन्द्र प्रताप सिंह का सोमवार को नानामऊ घाट पर अन्तिम संस्कार किया गया। उनकी शव यात्रा में क्षेत्र के कई ग्राम के प्रशासकों में राजेपुर के ग्राम प्रशासक शंकर दयाल, शिवपुरी प्रशासक प्रतिनिधि संजय, बरुआ घाट के रामनिवास पाल क्षेत्रीय विधायक श्री कान्त कटियार, पूर्व विधायक बदलू खां, सपा नेता मुन्ना अल्वी, आदि समेत बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए। परिजनों ने कहा कि धीरेन्द्र प्रताप सिंह के साथ हुई अप्रत्याशित घटना से सभी लोग हतप्रभ हैं। धीरेन्द्र के कोई सन्तान नहीं है जिससे पत्नी का रो रो कर हाल बेहाल रहा। धीरेन्द्र छोटे पर से ही उनमें प्रतिभा और नेतृत्व के गुण दिखाई देते थे। लगभग तीन दशक पहले गाँव छोड़कर पढ़ाई करने लखनऊ चले गए थे। जहां पढ़ाई के साथ राजनीति में सक्रिय हो गए। वर्तमान सरकार के कई दिग्गज नेताओं के संपर्कों के चलते क्षेत्र में प्रभाव बढ़ता गया। इसी के कारण क्षेत्र में सम्पर्क और सक्रियता बढ़ाना शुरू कर दिया था। महाराणा प्रताप चैरिटेबल ट्रस्ट के माध्यम से सामाजिक कार्यों को करते रहे। पिता कौशल किशोर सिंह उर्फ कल्लू सिंह ने बताया कि मौत के पीछे का वास्तविक कारण अभी स्पष्ट समझ नहीं आ रहा है वह जाँच के निष्कर्ष के बाद ही पता चलेगा।

# कंपोजिट विद्यालय में मिलीं तमाम खामियां, एसडीएम ने जताई नाराजगी



अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। असोहा क्षेत्र की ग्राम पंचायत मंगतखेड़ा स्थित कंपोजिट विद्यालय का सोमवार को एसडीएम दिग्विजय सिंह ने औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान विद्यालय में कई खामियां सामने आईं, जिस पर एसडीएम ने कड़ी नाराजगी जताई। उन्होंने रिपोर्ट जिलाधिकारी को भेजने की बात कही है। निरीक्षण के लिए एसडीएम जब विद्यालय पहुंचे तो प्रांगण में जलभराव मिला। विद्यालय भवन भी जर्जर हालत में मिला। उन्होंने उपस्थिति रजिस्टर की जांच की तो दो शिक्षक अनुपस्थित मिले, जिस पर स्टाफ ने उनके अवकाश पर होने की जानकारी दी। छात्र संख्या के बारे में पूछने पर बताया गया कि 236 पंजीकृत बच्चों के सापेक्ष केवल 86 बच्चे ही उपस्थित थे। इस दौरान मिड-डे मील की गुणवत्ता भी मानक के अनुरूप नहीं मिली। कई बच्चे बिना ड्रेस के ही पढ़ते हुए नजर आए। एसडीएम को विद्यालय की चारदीवारी भी नहीं मिली, साथ ही खेल का मैदान और खेलकूद सामग्री भी नदारद मिली। इतनी सारी कमियां देखकर एसडीएम ने नाराजगी जताते हुए खंड शिक्षा अधिकारी को सभी व्यवस्थाओं को जल्द दुरुस्त कराने के निर्देश दिए हैं।

## लखनऊ-कानपुर हाईवे पर दो ट्रेलरों में भीषण टक्कर, चालक की मौत

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। सोहरामऊ थाना क्षेत्र में सोमवार तड़के लखनऊ-कानपुर नेशनल हाईवे पर हुए भीषण सड़क हादसे में एक ट्रेलर चालक की जान चली गई। तेज रफ्तार ट्रेलर के दूसरे ट्रेलर से टकराने पर चालक गंभीर रूप से घायल हो गया था। पुलिस ने तत्काल मौके पर पहुंचकर घायल चालक को अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक की पहचान बाराबंकी जिले के देवा थाना क्षेत्र के सरैया मजरा सालारपुर निवासी 52 वर्षीय रामू पुत्र स्व. मैकूलाल के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार हादसा सुबह करीब चार बजे हुआ। रामू अपना ट्रेलर लेकर जा रहा था, तभी हाईवे पर आगे चल रहे दूसरे ट्रेलर से उसकी जोरदार भिड़ंत हो गई। टक्कर इतनी तेज थी कि मौके पर अफरा-तफरी मच गई। सूचना पर सोहरामऊ थाना पुलिस मौके पर पहुंची और क्षतिग्रस्त वाहनों को किनारे कराया। ट्रेलर में फंसे चालक को बाहर निकालकर अस्पताल भिजवाया गया, लेकिन उसे बचाया नहीं जा सका। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। सोमवार सुबह करीब 11 बजे परिजन पोस्टमार्टम हाउस पहुंचे और शव की पहचान रामू के रूप में की। पहचान होते ही परिजनों में चीख-पुकार मच गई। परिजनों ने बताया कि रामू ही परिवार में अकेला कमाने वाला था। रामू के परिवार में दो बेटे और तीन बेटियों समेत पांच बच्चे हैं। उसकी मौत के बाद परिवार के सामने रोजी-रोटी का संकट खड़ा हो गया है। पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंपने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। हादसे के बाद कुछ देर तक हाईवे पर जाम की स्थिति बनी रही, जिसे पुलिस ने वाहनों को हटाकर सामान्य कराया। पुलिस हादसे के कारणों की जांच में जुटी है।

# एसडीएम ने अस्पताल की खामियां पकड़ सीएमओ को लिखा पत्र

अमन लेखनी समाचार




पुरवा, उन्नाव। एसडीएम दिग्विजय सिंह ने सीएचसी पुरवा के सामने संचालित शांति डायग्नोस्टिक प्राइवेट अस्पताल की जांच कर मुख्य चिकित्साधिकारी उन्नाव को पत्र लिखा है। जांच के दौरान उनकी टीम भी मौजूद रही। जांच में पता चला कि सीएचसी पुरवा में तैनात गायनोलॉजिस्ट डॉ. आदर्श सचान द्वारा सीएचसी प्रभारी के साथ मिलकर सीएचसी के ठीक सामने ही अपना निजी अस्पताल व मेडिकल स्टोर संचालित किया जा रहा है। निरीक्षण के समय पीसीपीएनडीटी का फार्म-सी नहीं दिखाया गया। अस्पताल किस डॉक्टर द्वारा चलाया जा रहा है, इसके अभिलेख भी नहीं मिले, जबकि अस्पताल का निरीक्षण स्वयं डॉ. सचान द्वारा कराया जा रहा था। एसडीएम ने बताया कि अल्ट्रासाउंड मशीन चलाने के लिए वैध डॉक्टर मौके पर नहीं मिला, अल्ट्रासाउंड नर्स द्वारा किया जा रहा था। मौके पर तीन महिलाएं अल्ट्रासाउंड करती मिलीं, लेकिन उनके क्वालिफिकेशन का कोई रजिस्टर नहीं दिखाया गया। फार्म-एफ, डेली इलेक्ट्रॉनिक लॉग, प्रेग्नेंसी रिकॉर्ड और साइलेंट ऑब्जर्वर डिवाइस का रिकॉर्ड भी नहीं मिला। लिंग निर्धारण से संबंधित बोर्ड बाहर नहीं लगा था और मशीन के पास लगा बोर्ड भी निर्धारित प्रारूप में नहीं था। इसके अलावा क्लीनिकल इस्टैब्लिशमेंट एक्ट के तहत स्टेट हेल्थ लाइसेंस, फायर सेफ्टी एनओसी, बायोमेडिकल वेस्ट निस्तारण के रिकॉर्ड, नगर पंचायत से अस्पताल संचालन की अनुमति, पैथोलॉजी संचालन की अनुमति और इमरजेंसी स्ट्रक्चर सिस्टम भी मौके पर नहीं मिला। एसडीएम ने जनहित में अस्पताल का रजिस्ट्रेशन रद्द करने की संस्तुति की है।

# बहन भाई को पड़ोसियों ने लाठी-डंडों से पीटा दर्ज हुआ मुकदमा

अमन लेखनी समाचार

बीघापुर, उन्नाव। थाना क्षेत्र के लच्छीखेड़ा गाँव में रक्षाबंधन के पावन पर्व पर मायके आई एक महिला और उसके भाई के साथ पड़ोसियों द्वारा लाठी-डंडों से मारा पीटा तहरीर के आधार पर पुलिस ने मार पीट की धाराओं में मुकदमा किया पंजीकृत - सीमा देवी पत्नी फूलचंद रक्षाबंधन का त्योहार मनाने अपने मायके लच्छीखेड़ा आई पड़ोस के ही आशीष पुत्र सतीश कुमार, सतीश पुत्र स्व. उमाशंकर, शशि पुत्री सतीश कुमार तथा मनोज कुमार पुत्र स्व. उमाशंकर ने एकराय होकर पीड़िता को अकारण भद्दी-भद्दी गालियाँ देना शुरू कर दिया। सीमा देवी द्वारा गाली देने का विरोध करने पर दबंगों ने लाठी-डंडों से हमला कर दिया। चीख-पुकार सुनकर जब सीमा देवी का भाई अनुज बचाने दौड़ा, तो आरोपियों ने उसे भी लाठी-डंडों से बेरहमी से पीट दिया। जाते-जाते आरोपी जान से मारने की धमकी देकर मौके से चले गए पीड़िता ने थाने मे तहरीर दी तहरीर के आधार पर पुलिस ने सुसंगत धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कर जांच पड़ताल प्रारंभ कर दिया

## अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत

अमन लेखनी समाचार

फतेहपुर चौरासी, उन्नाव। थाना क्षेत्र के अन्तर्गत हफीजाबाद बरुआघाट रोड पर कुरौली गाँव के निकट अज्ञात वाहन की टक्कर से एक बाइक सवार युवक की घटनास्थल पर मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। कुरौली गाँव निवासी लगभग पैंतीस वर्षीय अरविन्द कुमार उर्फ मुन्नू बाइक से बरुआघाट की तरफ से अपने घर जा रहा था तभी गाँव के निकट गोड़ीयन खेड़ा मोड़ के पास किसी अज्ञात वाहन से उसकी बाइक की टक्कर हो गई जिससे अरविन्द की घटना स्थल पर मौत हो गई। घटना की जानकारी होने पर परिजन घटनास्थल पर पहुँचे और पुलिस को सूचना दी। मृतक अरविन्द बाहर रहकर मेहनत मजदूरी करके जीवन यापन करता था। रक्षाबंधन पर घर आया था और किसी काम से बरुआघाट की तरफ गया था। मृतक के दो पुत्र लगभग आठ वर्षीय शोभित और छह वर्षीय सार्थक हैं। अरविन्द की मौत से पत्नी रेखा और दोनों बच्चों समेत परिजन रो रो कर बेहाल होते रहे।

# जल निकासी की व्यवस्था न होने से जल भराव से हो रहा किसानों को नुकसान

अमन लेखनी समाचार



बांगरमऊ, उन्नाव। जलनिकासी की उचित व्यवस्था न होने के चलते क्षेत्र की ग्राम पंचायत अशायस सहित आसपास का इलाका जलमग्न हो गया है। लगातार जलभराव के कारण खेतों में पानी भर जाने से किसानों की सैकड़ों बीघा फसल डूबकर बर्बाद हो गई है। इससे किसानों को भारी आर्थिक नुकसान उठाना पड़ा है और उनके सामने परिवार के भरण-पोषण के साथ ही अगली फसल की तैयारी को लेकर भी संकट खड़ा हो गया है। समस्या से परेशान ग्रामीणों ने अधिवक्ता अमित यादव के नेतृत्व में उपजिलाधिकारी बृजमोहन शुक्ला को पत्र देकर जलभराव की समस्या के स्थायी समाधान की मांग की है। ग्रामीणों ने बताया कि जलनिकासी के लिए नालियों, नालों और अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं को दुरुस्त कराया जाना बेहद जरूरी है, ताकि बारिश का पानी खेतों में लंबे समय तक जमा न रहे। ग्रामीणों ने प्रशासन से मौके का निरीक्षण कराकर जलनिकासी की प्रभावी व्यवस्था कराने, बंद पड़े नालों की सफाई कराने तथा आवश्यकतानुसार नए जलनिकासी मार्ग विकसित कराने की मांग की है। उनका कहना है कि यदि समय रहते समस्या का समाधान नहीं किया गया तो आने वाले दिनों में किसानों को और अधिक नुकसान उठाना पड़ सकता है। ग्रामीणों ने प्रशासन से स्थायी समाधान कराकर भविष्य में फसलों को जलभराव से बचाने की मांग की है।

# शौच के लिए गए युवक पर फावड़ा-कुल्हाड़ी से हमला हालत गंभीर

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। गंगाघाट थाना क्षेत्र के पीपरखेड़ा गांव के पास रविवार देर रात शौच के लिए गए एक युवक पर कुछ लोगों ने हमला कर दिया। घायल युवक को फावड़े और कुल्हाड़ी से पीटे जाने का आरोप है। गंभीर हालत में उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पीड़ित की पहचान पीपरखेड़ा निवासी मनोज के रूप में हुई है। मनोज के अनुसार वह रविवार रात गांव के बाहर शौच के लिए गया था, तभी वहां कुछ लोग शराब पीते हुए मिले। किसी बात को लेकर कहासुनी हुई और उन्होंने उसके साथ मारपीट शुरू कर दी। मनोज ने बताया कि विरोध करने पर आरोपियों ने उस पर फावड़े और कुल्हाड़ी से वार कर दिया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। उसने आरोप लगाया कि हमला करने वालों में मनोज और उमेश समेत पांच भाई शामिल हैं, हालांकि वह सभी के पूरे नाम नहीं बता पाया। मनोज ने यह भी कहा कि घटना से एक दिन पहले भी उनसे हल्की कहा-सुनी हुई थी, लेकिन कोई पुरानी रंजिश नहीं है। वारदात के बाद मौके पर मौजूद लोगों ने घायल को देखा और उसके परिजनों को सूचना दी। परिजन उसे रविवार देर रात करीब 11:30 बजे जिला अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने उसका प्राथमिक उपचार किया। पुलिस का कहना है कि तहरीर मिलने और जांच के बाद मामले में नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। हमले की असली वजह और लगाए गए आरोपों की पुष्टि जांच के बाद ही हो सकेगी।

# 5 सितंबर को बड़ी अकीदत व एहतराम के साथ मनाया जाएगा 135वाँ सालाना उर्स-ए-फजले रहमाँ

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। गंजमुरादाबाद नगर में स्थित मशहूर और ऐतिहासिक दरगाह हजरत शाह फजले रहमाँ गंजमुरादाबादी (रह० अलै०) का 135वाँ सालाना उर्स पूरी अकीदत और एहतराम के साथ मनाया जाएगा। रूहानी सुकून और आपसी भाईचारे के इस अजीम जश्न में शिरकत करने के लिए देश के कोने-कोने से मुरीद और अकीदतमंद यहां पर आकर अपनी हाजरी देते हैं। दरगाह के पीरजादा मुनीउर्रहमान उर्फ मुन्ना मियां साहब ने जानकारी देते हुए बताया कि दरगाह के साहिबे सज्जादा हजरत मारूफुर्रहमान उर्फ मारुफ मियां साहब की सरपरस्ती और देखरेख में उर्स के सभी कार्यक्रम संपन्न होंगे। 4 सितंबर की रात को एक भव्य नातिया मुशायरे का आयोजन किया जाएगा, जिसमें देश के जाने-माने और नामचीन शायर शिरकत कर अपनी सुरीली आवाज में नात-ए-पाक और कलाम पेश करेंगे। इसके साथ ही देश के प्रख्यात आलिमों (धर्मगुरुओं) द्वारा बेहतरीन और ज्ञानवर्धक तकरीरें प्रस्तुत की जाएंगी, जो श्रोताओं को दीन और मानवता का संदेश देंगी। उर्स के सिलसिले का सबसे अहम और रूहानी पल 5 सितंबर को होगा, जब रस्म-ए-'कुल शरीफ' अदा की जाएगी। इस दौरान देश में अमन, चैन और भाईचारे की खास दुआ मांगी जाएगी। दरगाह परिसर में इस मौके पर जुटने वाली भीड़ को देखते हुए उर्स कमेटी द्वारा व्यापक तैयारियां की गई हैं ताकि जायरीन को किसी प्रकार की असुविधा न हो। उर्स के मुबारक मौके पर दरगाह परिसर के आसपास एक विशाल मेले का भी आयोजन किया जाता है। इस मेले में सजी विभिन्न प्रकार की दुकानें और खाने-पीने के स्टॉल स्थानीय लोगों और दूर-दूर से आए मेहमानों के लिए मुख्य आकर्षण का केंद्र रहते हैं। क्षेत्र के लोग हर साल इस मेले का बेसब्री से इंतजार करते हैं। यह उर्स महज एक सालाना जलसा नहीं, बल्कि गंगा-जमुनी तहजीब और आपसी सौहार्द की उस अजीम मिसाल को जिंदा रखता है जिसके लिए गंजमुरादाबाद की यह पावन धरती पूरे देश में जानी जाती है।

सम्पादकीय

# दुनिया में बढ़ता भारत का रुतबा

उज्बेकिस्तान की ओर से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को देश के सर्वोच्च राज्य सम्मान 'ओली दाराजली दोस्लिक' से सम्मानित किया जाना केवल एक व्यक्ति को मिला सम्मान नहीं है, बल्कि यह बदलती वैश्विक व्यवस्था में भारत की बढ़ती स्वीकार्यता और उसके साथ मजबूत होते कूटनीतिक रिश्तों का संकेत है। मोदी को मिला यह 36वां अंतरराष्ट्रीय सम्मान है। यह दिखाता है कि दुनिया में भारत का रुतबा लगातार बढ़ता जा रहा है। ताशकंद में प्रधानमंत्री मोदी और राष्ट्रपति शावकत मिर्जियोयेव के बीच हुई बातचीत का महत्व इसलिए भी अधिक है, क्योंकि इसमें औपचारिक कूटनीति से आगे बढ़कर यूरेनियम, परमाणु ऊर्जा, रक्षा, व्यापार और क्षेत्रीय सुरक्षा जैसे ठोस मुद्दों पर चर्चा हुई। भारत को अपनी बढ़ती ऊर्जा जरूरतों को पूरा करने के लिए विश्वसनीय और दीर्घकालिक साझेदारों की आवश्यकता है। ऐसे में मध्य एशिया के देशों के साथ ऊर्जा सहयोग भारत की रणनीतिक जरूरत बन चुका है। इसी तरह रक्षा क्षेत्र में प्रत्यक्ष सहयोग, हथियारों के संयुक्त उत्पादन और नई तकनीक विकसित करने की दिशा में आगे बढ़ना भारत की बदलती रक्षा नीति को दर्शाता है। भारत अब केवल हथियार खरीदने वाला देश नहीं रहना चाहता। वह तकनीक, उत्पादन और अनुसंधान में साझेदारी बढ़ाकर अपनी सामरिक क्षमता मजबूत करना चाहता है। उज्बेकिस्तान के साथ रक्षा सहयोग इस दिशा में उपयोगी साबित हो सकता है। सबसे बड़ी चुनौती हालांकि व्यापार की है। दोनों देशों ने 2030 तक द्विपक्षीय व्यापार को पांच अरब डॉलर तक पहुंचाने का लक्ष्य रखा है, जबकि वर्तमान व्यापार एक अरब डॉलर से कुछ अधिक है। लक्ष्य महत्वाकांक्षी है, लेकिन इसे हासिल करने के लिए केवल घोषणाएं पर्याप्त नहीं होंगी। भारत को मध्य एशिया तक अपनी व्यापारिक पहुंच आसान करनी होगी। परिवहन, बैंकिंग, भुगतान व्यवस्था, निवेश और बाजार तक पहुंच से जुड़ी अड़चनों को दूर करना होगा। व्यापार बढ़ाने के लिए निजी क्षेत्र की सक्रिय भागीदारी भी जरूरी होगी। भारत-उज्बेकिस्तान संबंधों का एक और महत्वपूर्ण पहलू आतंकवाद, उग्रवाद और अलगाववाद के खिलाफ साझा चिंता है। मध्य एशिया की भौगोलिक स्थिति उसे अफगानिस्तान और व्यापक क्षेत्र में पैदा होने वाली अस्थिरता से सीधे जोड़ती है। भारत भी आतंकवाद को अपनी सुरक्षा के लिए बड़ा खतरा मानता है। इसलिए दोनों देशों के बीच सुरक्षा सहयोग केवल द्विपक्षीय विषय नहीं, बल्कि पूरे क्षेत्र की स्थिरता से जुड़ा मामला है। मध्य एशिया का क्षेत्र ऊर्जा संसाधनों से समृद्ध होने के साथ यूरोप और एशिया के बीच महत्वपूर्ण भौगोलिक कड़ी भी है। ऐसे समय में जब दुनिया बड़े शक्ति केंद्रों के बीच नए समीकरण बनते देख रही है, भारत के लिए जरूरी है कि वह अपने पड़ोस से आगे बढ़कर मध्य एशिया में भी आर्थिक और रणनीतिक उपस्थिति मजबूत करे। प्रधानमंत्री मोदी को मिला सम्मान इस बढ़ते प्रभाव का प्रतीक जरूर है, लेकिन सम्मान तभी सार्थक होगा जब उससे व्यापार बढ़े, ऊर्जा सुरक्षा मजबूत हो, रक्षा सहयोग जमीन पर उतरे और दोनों देशों के लोगों के बीच संपर्क बढ़े। उज्बेकिस्तान के साथ बढ़ता सहयोग इसी दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। दुनिया में भारत का रुतबा बढ़ रहा है, लेकिन इस रुतबे को स्थायी शक्ति में बदलने के लिए कूटनीतिक उपलब्धियों को आर्थिक ताकत, तकनीकी क्षमता और रणनीतिक आत्मनिर्भरता में बदलना होगा। यही नए भारत की असली वैश्विक पहचान होगी।

# दो समानांतर धरातलों पर अर्थव्यवस्था



आर्थिकी
सतीश सिंह

भारतीय अर्थव्यवस्था इस समय मजबूती और अनिश्चितता के दो समानांतर धरातलों पर आगे बढ़ रही है। घरेलू उपभोग, सेवा क्षेत्र, औद्योगिक उत्पादन, सरकारी पूंजीगत व्यय और बैंक ऋण में तेजी विकास को सहारा दे रही है। ऊंची थोक महंगाई, वैश्विक युद्ध, कच्चे तेल की कीमतों में अस्थिरता, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की संरक्षणवादी व्यापार नीतियां और बाधित वैश्विक आपूर्ति-शृंखलाएं विकास के लिए जोखिम पैदा कर रही हैं। वित्त वर्ष 2025-26 में भारत की वास्तविक रियल जीडीपी वृद्धि 7.3 प्रतिशत रही। देश की सफलता केवल विश्व की सबसे तेज बढ़ती बड़ी अर्थव्यवस्था बने रहने में नहीं, बल्कि इस वृद्धि को रोजगारपरक, महंगाई-नियंत्रित, समावेशी बनाने में निहित है।

भारतीय अर्थव्यवस्था इस समय मजबूती और अनिश्चितता के दो समानांतर धरातलों पर आगे बढ़ रही है। घरेलू उपभोग, सेवा क्षेत्र, औद्योगिक उत्पादन, सरकारी पूंजीगत व्यय और बैंक ऋण में तेजी विकास को सहारा दे रही है। दूसरी ओर, ऊंची थोक महंगाई, वैश्विक युद्ध, कच्चे तेल की कीमतों में अस्थिरता, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की संरक्षणवादी व्यापार नीतियां और बाधित वैश्विक आपूर्ति-शृंखलाएं विकास के लिए जोखिम पैदा कर रही हैं। वित्त वर्ष 2025-26 में भारत की वास्तविक सकल घरेलू उत्पाद (रियल जीडीपी) वृद्धि 7.3 प्रतिशत और चौथी तिमाही की वृद्धि 7.8 प्रतिशत रही।

भारतीय रिजर्व बैंक ने अगस्त 2026 में वित्त वर्ष 2026-27 के लिए 6.7 प्रतिशत वृद्धि का अनुमान व्यक्त किया है। इसका अर्थ है कि अर्थव्यवस्था की रफ्तार मजबूत बनी हुई है, लेकिन पिछले वर्ष के मुकाबले कुछ नरमी आ सकती है। यह संभावित नरमी कमजोरी से अधिक वैश्विक अनिश्चितता, महंगाई और लागत संबंधी दबाव का परिणाम है। जुलाई 2026 में उपभोक्ता मूल्य सूचकांक आधारित खुदरा महंगाई 4.45 प्रतिशत रही। यह रिजर्व बैंक के 6 प्रतिशत के ऊपरी सहनशीलता स्तर से नीचे है, लेकिन 4 प्रतिशत के लक्ष्य से अधिक है। खाद्य पदार्थों, आवास, शिक्षा, स्वास्थ्य और सेवाओं की कीमतों में वृद्धि सीधे परिवारों की क्रयशक्ति को प्रभावित करती है। गरीब और निम्न-मध्यम वर्ग अपनी आय का बड़ा हिस्सा भोजन और आवश्यक वस्तुओं पर खर्च करता है; इसलिए खाद्य महंगाई उसके लिए औसत आंकड़े से अधिक कष्टकारी होती है। इसके विपरीत, जुलाई में थोक महंगाई 9.78 प्रतिशत रही, जो जून के 9.87 प्रतिशत से मामूली कम है। नई आधार-वर्ष शृंखला के अंतर्गत ईंधन एवं बिजली की महंगाई 20.05 प्रतिशत और विनिर्मित उत्पादों की महंगाई 8.29 प्रतिशत रही। विश्लेषण से पता चलता है कि औद्योगिक कच्चे माल, धातु, रसायन, वस्त्र, प्लास्टिक और विद्युत उपकरणों पर लागत का दबाव बना हुआ है। खुदरा और थोक महंगाई का यह अंतर चेतावनी देता है। उत्पादक बढ़ी हुई लागत को कुछ समय तक अपने लाभांश में समाहित कर सकते हैं, लेकिन लगातार ऊंची थोक महंगाई अंततः उपभोक्ताओं के जेब तक पहुंच सकती है। इससे रिजर्व बैंक के लिए ब्याज दरों में नरमी की गुंजाइश सीमित हो सकती है। अगस्त की मौद्रिक नीति में रिजर्व बैंक ने वित्त वर्ष 2026-27 के लिए खुदरा महंगाई का अनुमान 5 प्रतिशत रखा है। औद्योगिक क्षेत्र से उत्साहजनक संकेत मिल रहे हैं। जून 2026 में औद्योगिक उत्पादन सूचकांक 7.3 प्रतिशत बढ़ा। विनिर्माण उत्पादन में 7.8 प्रतिशत और बिजली एवं गैस उत्पादन में 10.6 प्रतिशत वृद्धि दर्ज की गई, जबकि खनन की वृद्धि 1 प्रतिशत रही। इससे स्पष्ट है कि औद्योगिक सुधार व्यापक है, लेकिन सभी क्षेत्रों में समान नहीं है। कमजोर खनन उत्पादन भविष्य में कुछ उद्योगों की इनपुट उपलब्धता को प्रभावित कर सकता है। सेवा क्षेत्र भारतीय अर्थव्यवस्था का प्रमुख इंजन बना हुआ है। डिजिटल सेवाएं, वित्त, संचार, पर्यटन, विमानन, परिवहन, खुदरा व्यापार और पेशेवर सेवाएं आर्थिक गतिविधियों को गति दे रही हैं। मई 2026 के प्रायोगिक सेवा उत्पादन सूचकांक में 27.4 प्रतिशत वृद्धि दर्ज हुई, हालांकि नई एवं परीक्षणाधीन शृंखला और



आधार प्रभाव के कारण इस आंकड़े की व्याख्या सावधानी से की जानी चाहिए। सेवा क्षेत्र की मजबूती रोजगार और निर्यात के लिए अनुकूल है, परंतु उच्च कौशल वाली सेवाओं और अपेक्षाकृत कम उत्पादकता वाले अनौपचारिक रोजगार के बीच बड़ा अंतर बना हुआ है। आर्थिक गतिविधियों की मजबूती बैंक ऋण में भी दिखाई देती है। 15 जुलाई 2026 तक बैंक ऋण की सालाना वृद्धि 17.7 प्रतिशत रही, जबकि एक वर्ष पहले यह 9.9 प्रतिशत थी। सेवा और खुदरा क्षेत्रों में ऋण प्रवाह मजबूत है। एमएसएमई ऋण में निरंतर वृद्धि तथा बड़े उद्योगों के ऋण में सुधार निजी निवेश के धीरे-धीरे पुनर्जीवित होने का संकेत देता है। कृषि ऋण भी स्थिर गति से बढ़ रहा है। डोनाल्ड ट्रंप की 'अमेरिका फर्स्ट' नीति ने वैश्विक व्यापार को अधिक संरक्षणवादी बना दिया है। अप्रैल 2025 में व्यापक जवाबी शुल्क नीति लागू करने के बाद अमेरिका ने भारत पर भी ऊंचे शुल्क लगाए थे। फरवरी 2026 के भारत-अमेरिका अंतरिम व्यापार समझौते के ढाँचे के अंतर्गत भारत पर अतिरिक्त 25 प्रतिशत शुल्क हटाया गया तथा पारस्परिक शुल्क 25 से घटाकर 18 प्रतिशत किया गया। अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष ने जुलाई 2026 में वैश्विक वृद्धि 2026 के लिए 3 प्रतिशत और 2027 के लिए 3.4 प्रतिशत रहने का अनुमान लगाया है। भारत की वृद्धि का अनुमान 6.4 प्रतिशत है, जिससे वह प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं में सबसे तेज बढ़ने वाले देशों में बना हुआ है। अमेरिका और यूरो क्षेत्र की वृद्धि भारत से काफी नीचे है। कुछ आसियान अर्थव्यवस्थाएं प्रौद्योगिकी और डेटा-सेंटर निवेश से लाभ उठा रही हैं, परंतु उनकी रफ्तार भी भारत से कम रहने का अनुमान है। भारत का लाभ विशाल घरेलू बाजार और युवा आबादी है, जबकि कमजोरी प्रति व्यक्ति आय, उत्पादकता, महिला श्रम भागीदारी और गुणवत्तापूर्ण रोजगार के मोर्चे पर है। रूस-यूक्रेन युद्ध, पश्चिम एशिया का तनाव और अमेरिका-ईरान टकराव ऊर्जा, उर्वरक, खाद्यान्न और समुद्री व्यापार के लिए जोखिम हैं। आईएमएफ का भी मानना है कि युद्ध के कारण वैश्विक महंगाई में कमी नहीं आ रही है। भारत को विकास की गति बनाए रखने के लिए महंगाई नियंत्रण और वृद्धि समर्थन के बीच संतुलन बनाना होगा। खाद्य महंगाई का टिकाऊ समाधान केवल ब्याज दर बढ़ाना नहीं, बल्कि सिंचाई, भंडारण, कोल्ड-चेन, परिवहन, बाजार सूचना और कृषि आपूर्ति सुधारना है। पेट्रोलियम आयात पर निर्भरता घटाने के लिए नवीकरणीय ऊर्जा, जैव ईंधन, सार्वजनिक परिवहन और ऊर्जा दक्षता को तेज करना होगा। 'चीन-प्लस-वन' रणनीति का लाभ लेने के लिए लॉजिस्टिक्स लागत घटाने, बिजली आपूर्ति सुधारने, भूमि एवं श्रम नियम सरल करने तथा अनुबंध प्रवर्तन मजबूत करने की जरूरत है। मुक्त व्यापार समझौतों के साथ घरेलू एमएसएमई को तकनीक, गुणवत्ता प्रमाणन और सस्ता वित्त उपलब्ध कराया जाना चाहिए। बैंक ऋण को उपभोग से अधिक उत्पादन और रोजगारोन्मुख निवेश की ओर मोड़ना होगा। सामाजिक सुरक्षा, कौशल विकास और महिला रोजगार में सुधार घरेलू मांग को अधिक समावेशी और स्थायी बना सकता है। भारतीय अर्थव्यवस्था की मौजूदा स्थिति आशावादी अवश्य है, लेकिन जोखिममुक्त नहीं। तेज विकास, औद्योगिक उत्पादन, मजबूत सेवा गतिविधि और बढ़ता बैंक ऋण इसकी आंतरिक शक्ति हैं, ऊंची थोक महंगाई, संरक्षणवादी व्यापार नीतियां, युद्ध और अस्थिर आपूर्ति-शृंखलाएं इसकी बड़ी चुनौतियां हैं। भारत की सफलता केवल विश्व की सबसे तेज बढ़ती बड़ी अर्थव्यवस्था बने रहने में नहीं, बल्कि इस वृद्धि को रोजगारपरक, महंगाई-नियंत्रित, क्षेत्रीय रूप से संतुलित और सामाजिक रूप से समावेशी बनाने में निहित है।

पर्यावरण
ज्ञानेन्द्र रावत



# खतरनाक संकेत है वन क्षेत्र में आ रही कमी

देश-दुनिया में यह मान्यता है कि वनों का होना हमारे स्वच्छ पर्यावरण, जीवन, स्वास्थ्य और मानवता का आधार है। पारिस्थितिकीय तंत्र में भी वनों की अहम भूमिका है। यही वह अहम वजह है जिसके कारण देश-दुनिया में आजकल वन क्षेत्र बढ़ाने की होड़ लगी हुई है। इसके पीछे संयुक्त राष्ट्र की 27 अप्रैल 2017 को जारी वनीकरण सम्बंधी वह योजना है। उसके तहत उसने वैश्विक स्तर पर 26 लक्ष्य निर्धारित किए थे, जिसके तहत समूची दुनिया में साल 2030 तक तीन फीसदी जंगल का दायरा बढ़ाना था। इस योजना के तहत जंगल बढ़ाने का दायरा फ्रांस के कुल क्षेत्रफल के दोगुणे से भी अधिक था। बीते नौ सालों में उस लक्ष्य के केवल सात फीसदी की ही पूर्ति कर पाने में कामयाबी मिली है। खेदजनक यह है कि उनमें से दो लक्ष्य तो पूरी तरह अस्तित्व में आए ही नहीं। दुनिया के 48 देशों में जहां कुल वनों का 51 फीसदी हिस्सा वनाच्छादित है, वहां बीते 10 सालों में वन क्षेत्र में तकरीबन चार करोड़ हैक्टेयर से भी ज्यादा की कमी आई है। सबसे अधिक केवल एक साल यानी अकेले 2025 के दौरान ही दुनिया ने करीब 43 लाख हैक्टेयर यानी 1.06 करोड़ एकड़ वन खो दिये। यह लगभग 42,933 वर्ग किलोमीटर वाले डेनमार्क जैसे देश के बराबर है। अगर हम फुटबाल मैदानों की बात करें तो डेनमार्क में लगभग 60 लाख फुटबाल मैदान समा सकते हैं। इसका अर्थ यह कि धरती ने एक साल में 43,000 वर्ग किलोमीटर हरियाली खो दी। मैरीलैंड यूनिवर्सिटी के वैज्ञानिकों के अध्ययन से यह खुलासा हुआ है कि दुनिया में हर मिनट 11 फुटबाल मैदानों जितने बड़े वन खत्म हो रहे हैं। यह नुकसान एक दशक पहले की तुलना में 46 फीसदी से भी ज्यादा है। चिंतनीय यह कि अब वनीकरण का निर्धारित लक्ष्य तक पहुंचने में केवल चार साल का ही समय बचा है। ऐसी हालत में यह सवाल बहस का मुद्दा बन गया है कि आखिर वह कौन से कारण रहे जिसके चलते वन संरक्षण की दिशा में दुनिया क्यों पिछड़ती जा रही है? यह भी गौरतलब है कि 2030 तक सतत विकास लक्ष्य हासिल करने के लिए वनावरण के दायरे को बढ़ाने और उपलब्ध वनों को सहेजने की दिशा में दुनियाभर में प्रगति संतोषजनक नहीं है। दरअसल 2021 के जलवायु शिखर सम्मेलन में 100 से भी अधिक देशों ने वादा किया था कि 2030 तक वे वनों की कटाई पूरी तरह रोक देंगे, लेकिन मौजूदा रफ्तार को देखते हुए दुनिया इस लक्ष्य से 70 फीसदी पीछे चल रही है। संयुक्त राष्ट्र के अनुसार 1.6 अरब लोगों के लिए जंगल, भोजन,पानी,ईंधन और रोजगार के स्रोत हैं। हालांकि बढ़ते शहरीकरण, औद्योगिकीकरण, भूमि उपयोग में बदलाव, दावानल,वनोन्मूलन और जलवायु परिवर्तन के दुष्प्रभावों के कारण वनों का अस्तित्व खतरे में है। वनों के विनाश में केवल वनों की आग की ही अहम भूमिका नहीं है, इंसानी जरूरतें भी वन विनाश का बड़ा कारण है। जबकि वन न केवल सतत विकास लक्ष्यों की प्राप्ति के लिए जरूरी हैं बल्कि वे जैवविविधता के संरक्षण, खाद्य व आजीविका की सुरक्षा,गरीबी उन्मूलन, आक्सीजन की निरंतरता,मृदा संरक्षण, कार्बन अवशोषण और जलवायु परिवर्तन से निपटने के लिए भी जरूरी हैं। भारत में दावा बराबर वन क्षेत्र में बढ़ोतरी का किया जा रहा है लेकिन हकीकत में वन क्षेत्र में मामूली बढ़ोतरी के बावजूद देश में जगह-जगह जारी विकास परियोजनाओं,खनन, प्राकृतिक दवाबों के कारण पुराने बड़े वनों के घनत्व में काफी कमी और मैंग्रोव वनों में गिरावट दर्ज की गयी है। हमारा कुल वन क्षेत्र 7,15,342.61 वर्ग किलोमीटर यानी 21.76 फीसदी है जबकि वृक्ष आवरण 1,12,014.34 वर्ग किलोमीटर यानी कुल 3.41 फीसदी है। कुल वन क्षेत्र के मामले में हमारे देश का दुनिया में 99वें वां नम्बर है। इसके पीछे सड़क निर्माण, वह भी बड़े-बड़े हाई-वे निर्माण, बांध निर्माण, खदानें और शहरीकरण जैसे विकस कार्यों की अहम भूमिका के चलते पुराने वनों का घनत्व लगातार गिरता जा रहा है। हकीकत यह है कि हर साल तकरीबन 22 लाख से ज्यादा पेड़ों की बलि विकास यज्ञ में दी जा रही है। दरअसल आंकड़ों के जाल के तहत भारत में आधिकारिक आंकड़े कुल वन आच्छादन में भले स्थिरता दर्शाते हैं, किंतु प्राकृतिक वनों की गुणवत्ता और जैव विविधता का स्तर कम होने की प्रवृत्ति को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। उसमें आये-दिन कमी आ रही है।वास्तविक चुनौती प्राकृतिक पारिस्थितिक तंत्रों की संरचना, उनकी जैविक विविधता और उनकी पुनरुत्पादक क्षमता को सुरक्षित रखने की है। जबतक ऐसा नहीं होगा, यह संकट गहराता ही चला जाएगा।

(लेखक पर्यावरणविद्‌ हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

# निंदा का परित्याग



संकलित
दर्शन

मनुष्य एक सामाजिक प्राणी है। समाज में निर्वहन के लिए व्यक्ति के सामाजिक गुणों का अत्यंत महत्व है। गुणी व्यक्ति को प्रत्येक जगह सम्मान की प्राप्ति होती है। संसार के प्रत्येक प्राणी में कुछ गुण तो कुछ अवगुण पाए जाते हैं, परंतु कुछ लोग हैं जो दूसरे के अवगुणों को ही देखते हैं। वे किसी भी सकारात्मक पक्ष में नकारात्मकता देखने के अभ्यस्त हो जाते हैं। प्रायः ऐसे लोगों में निंदा की प्रवृत्ति पाई जाती है। वे ऐसा करके खुद को समाज में श्रेष्ठ एवं दूसरे को नीचा साबित करना चाहते हैं। निंदा एक नशे की भांति है, जो एक बार इसका आदी हो गया, वह दिन-प्रतिदिन इसके पाश में जकड़ता चला जाता है। मनीषियों ने निंदा को दुर्व्यसन के समान माना है, जो निंदा करने वाले व्यक्ति को अंदर ही अंदर नैतिक रूप से समाप्त करती रहती है। एक बार एक आचार्य अपने शिष्यों को शिक्षा प्रदान कर रहे थे। शिक्षा प्राप्ति के दौरान एक शिष्य अन्य शिष्यों की ओर संकेत करते हुए आचार्य से कहने लगा कि 'वे अपना कार्य सही से नहीं कर रहे हैं। मुझे लगता है इन लोगों को कार्य करना ही नहीं आता।' आचार्य बोले, 'तुमको छोड़ अन्य सारे शिष्य सही से कार्य कर रहे हैं।' इस पर शिष्य असहज हो गया। उसने आचार्य से पूछा, 'वह कैसे?' आचार्य बोले, 'क्योंकि वे लोग अपने कार्य में संलग्न हैं, किंतु तुम अपने कार्य पर ध्यान न देकर, दूसरों के कार्य की निंदा करने में अपने समय की बर्बादी कर रहे हो।'

# मुनि के शाप से इंद्र से छिन गया था स्वर्ग



संकलित
प्रेरणा

एक दिन दुर्वासा मुनि विष्णु जी के पास पहुंचे। उस समय विष्णु जी ने दुर्वासा मुनि को अपनी दिव्य माला उपहार में दी। विष्णु जी से मिलकर दुर्वासा मुनि लौट रहे थे। तभी उन्हें रास्ते में देवराज इंद्र दिखाई दिए। इंद्र अपने ऐरावत हाथी पर सवार थे और दुर्वासा मुनि पैदल थे। इन दोनों ने एक-दूसरे को देख लिया। उस समय दुर्वासा जी ने सोचा कि विष्णु जी ने जो माला दी है, वह मेरे किसी काम की नहीं है। ये माला इंद्र को दे देता हूं। इंद्र स्वर्ग के राजा हैं तो उनके गले में ये माला शोभा देगी। ऐसा सोचकर दुर्वासा मुनि ने विष्णु जी की माला इंद्र को उपहार में दे दी। देवराज इंद्र ने दुर्वासा जी से वह माला ले ली। उस समय देवराज इंद्र का अहंकार जाग गया। वह अपने ऐरावत हाथी पर बैठे हुए थे, स्वर्ग के राज-पाठ का घमंड था। इसी घमंड की वजह से इंद्र ने सोचा कि ये सामान्य सी माला मेरे काम नहीं आएगी। ये सोचकर इंद्र ने वह माला अपने ऐरावत हाथी के ऊपर डाल दी। ऐरावत ने अपनी सूंड से वह माला पकड़ी और पैरों से कुचल दी। ये सब दुर्वासा मुनि ने देख लिया, अपने उपहार का ऐसा अपमान देखकर वे क्रोधित हो गए। गुस्से में उन्होंने इंद्र से कहा कि आज तूने अपने राज-पाठ और पद के घमंड में मेरे उपहार का अनादर किया है, मैं तुझे शाप देता हूं, तेरा सारा वैभव चला जाएगा और तू स्वर्गहीन हो जाएगा। इसके बाद असुरों ने देवताओं पर आक्रमण कर दिया और देवता पराजित हो गए। इंद्र को स्वर्ग से जाना पड़ा था।

## राष्ट्रीय पोषण सप्ताह (01-07 सितम्बर) पर विशेष

# पोषक तत्वों से भरपूर संतुलित आहार, स्वस्थ जीवन का आधार



लेखक - मुकेश शर्मा

अमन लेखनी समाचार

'आरोग्यं परमं भाग्यं स्वास्थ्यं सर्वार्थसाधनं' अर्थात निरोगी होना सबसे बड़ा भाग्य है और बेहतर स्वास्थ्य से ही सभी कार्य सिद्ध होते हैं। संसार की सारी सुख-सुविधाओं, खुशियों और धन-दौलत का भोग भी तभी किया जा सकता है जब निरोगी काया हो। बेहतर स्वास्थ्य नियमित आहार-विहार के पालन से ही प्राप्त हो सकता है। इसके लिए जहाँ जीवनशैली को नियमित बनाने और शारीरिक श्रम को तरजीह देने की जरूरत है वहीं खानपान का भी खास ख्याल रखने की जरूरत है। सही खानपान और पोषण के बारे में समुदाय में जागरूकता की अलख जगाने के उद्देश्य से ही हर साल एक से सात सितम्बर तक राष्ट्रीय पोषण सप्ताह मनाया जाता है। इसका मूल उद्देश्य समुदाय को स्थानीय स्तर पर सर्वसुलभ पोषक तत्वों से भरपूर मौसमी फलों-सब्जियों और अनाज के बारे में जागरूक बनाना है क्योंकि पोषक तत्वों से भरपूर संतुलित आहार ही स्वस्थ जीवन का आधार है।

सही पोषण हालांकि हर आयुवर्ग के लिए बहुत ही जरूरी है किन्तु गर्भवती, बच्चों और किशोर-किशोरियों के पोषण का खास ख्याल रखने की जरूरत होती है क्योंकि यह ऐसी अवस्था होती है जहाँ पर इस वर्ग को एक बड़े बदलाव का सामना करना होता है। गर्भवती को अपने साथ ही गर्भस्थ शिशु के पोषण का ख्याल रखना होता है तो वहीं बच्चों को शारीरिक वृद्धि के लिए पोषण खास अहमियत रखता है। दूसरी ओर किशोरावस्था में होने वाले शारीरिक, मानसिक और सामाजिक बदलावों के लिहाज से भी सही पोषण उनके लिए नितांत आवश्यक है। इसका मतलब यह कदापि नहीं कि ऐसे में सिर्फ भरपेट भोजन पर्याप्त होता है बल्कि भोजन में इस तरह के खाद्य समूहों का चयन करना जरूरी होता है जिससे कि शरीर को पर्याप्त मात्रा में आयरन, कैल्शियम, विटामिन, प्रोटीन, काबोर्हाइड्रेट आदि मिल सके। इसीलिए दादी-नानी की रसोई पोषक तत्वों से भरपूर हुआ करती थीं, जैसे- मोटे अनाज (मिलेट्स), दालें, मौसमी फल व सब्जियां, घर का बना दही, नट्स, बीज और पारम्परिक डेयरी उत्पाद आदि। पैकेट बंद खाद्य पदार्थों ने इनमें से कई चीजों को आज पीछे छोड़ दिया है, ऐसे में हमें स्वाद तो भरपूर मिल जाता है लेकिन पोषण की मात्रा नदारद होती है। ऐसे में हमें आज भी दादी-नानी की रसोई से बहुत कुछ सीखने की जरूरत है, जैसे- खाने में विविधता का ख्याल रखना, मौसम के अनुसार खाद्य पदार्थों को चुनना, संतुलन और कम से कम प्रोसेसिंग आदि।

समुदाय में लोगों को यह समझाना आवश्यक है कि छह माह से ऊपर के बच्चों के मामले में आहार विविधता, मात्रा, आवृत्ति और फोर्टिफाइड खाद्य पदार्थों के माध्यम से आयरन युक्त भोजन का खास ख्याल रखा जाए, जिसमें स्थानीय रूप से उपलब्ध संसाधनों का उपयोग करने पर विशेष ध्यान दिया जाए। किशोरावस्था में शरीर के सम्पूर्ण विकास के लिए आयरन, कैल्शियम और प्रोटीन की अधिक मात्रा की जरूरत होती है। ऐसे में उनके भोजन में हरे पत्तेदार सब्जियों को जरूर शामिल करें ताकि भरपूर मात्रा में शरीर को आयरन की मात्रा मिल सके। इन सब्जियों में स्थानीय स्तर पर पर्याप्त मात्रा में मिलने वाली भिंडी, मटर, सेम की फलियाँ, चौलाई, पालक, बथुआ, मेथी, सहजन और सरसों के साग को शामिल किया जा सकता है। यह सब्जियां हीमोग्लोबिन बढ़ाने में बहुत ही मददगार साबित होती हैं। इनके अवशोषण को बढ़ाने के लिए इनमें नींबू या टमाटर के साथ पकाकर खाना ज्यादा फायदेमंद साबित हो सकता है। पालक और सहजन में जहाँ आयरन की मात्रा भरपूर होती है वहीं मेथी में आयरन के साथ फाइबर और अन्य पोषक तत्व भी उच्च मात्रा में होते हैं।

बेहतर स्वास्थ्य के लिए स्थानीय स्तर पर आसानी से उपलब्ध मोटा अनाज और दाल को भी जरूर प्राथमिकता दें। इनमें मक्का, बाजरा, रागी, ज्वार, राजमा, नट्स, चना दाल, काला चना, सोयाबीन और मसूर आदि को भोजन में शामिल कर बेहतर स्वास्थ्य प्राप्त किया जा सकता है। दैनिक आहार में पीले एवं नारंगी फलों को भी शामिल करके शरीर को आकर्षक बनाया जा सकता है। इनमें पपीता, आम, खरबूज, कद्दू, गाजर आदि को शामिल किया जा सकता है। इसके अलावा तिल, गुड़, चना और अलसी भी शरीर के लिए फायदेमंद साबित हो सकते हैं। थाली में विटामिन-सी युक्त आहार को भी शामिल करना आवश्यक होता है क्योंकि बेहतर स्वास्थ्य में यह बड़ी भूमिका निभाते हैं। इसके लिए जरूरी है कि अंकुरित चना/दाल, आंवला, नींबू, संतरा, टमाटर, अंगूर, अमरूद आदि से युक्त विविधता वाली थाली को जरूर अपनाएं। मुख्य भोजन के साथ इनमें से कई चीजों को सलाद के रूप में भी इस्तेमाल किया जा सकता है। यह सभी ऐसे खाद्य पदार्थ हैं जो स्थानीय स्तर पर मौसम के अनुरूप आसानी से कम कीमत पर मिल सकते हैं, बस जरूरत है इनको अपनाने की। समुदाय में इस बारे में जागरूकता की भी जरूरत है ताकि उनको ज्ञात हो सके कि शरीर को भरपूर ऊर्जा के लिए जहाँ काबोर्हाइड्रेट की जरूरत होती है वहीं मांशपेशियों की मजबूती और वृद्धि के लिए शरीर को पर्याप्त मात्रा में प्रोटीन की भी जरूरत होती है। इसी प्रकार वसा, विटामिन, खनिज और पानी भी स्वस्थ शरीर के लिए बहुत जरूरी होते हैं। इन सबके साथ यह भी बहुत जरूरी है कि खाना बनाने और खाने से पहले हाथों को साबुन-पानी से अच्छी तरह से अवश्य धुलें।

विकसित भारत-2047 के संकल्प को साकार करने के लिए भी देश के हर नागरिक का स्वस्थ और निरोगी होना बहुत जरूरी है। इसकी तैयारी में अभी से ही जुटना आवश्यक है। इसके लिए खुद के साथ ही परिवार के हर सदस्य के सही पोषण और सही स्वास्थ्य का ख्याल रखा जाए ताकि विकसित भारत का मार्ग आसानी से प्रशस्त हो सके। बेहतर स्वास्थ्य के बल पर ही लोग कार्यस्थल पर बेहतर कार्य प्रदर्शन कर सकते हैं और आर्थिक उत्पादकता की वृद्धि में सहायक बन सकते हैं। सही पोषण और सही स्वास्थ्य से गाढ़ी कमाई बेवजह इलाज पर नहीं खर्च करनी पड़ेगी। कुपोषण और बीमारियों से सुरक्षित रहकर ही बच्चों का समग्र शारीरिक और मानसिक विकास संभव है, जो कि आगे चलकर राष्ट्रहित में सहायक साबित हो सकते हैं। इस तरह यह सोने पर सुहागा जैसा ही होगा कि जब हम विकसित भारत को स्वस्थ विकसित भारत गर्व से कह सकेंगे।

इस तरह कुल मिलाकर यह कहा जा सकता है कि बेहतर स्वास्थ्य की कुंजी सही आहार, सही दिनचर्या और सही जीवन शैली में निहित है। सही आहार के चयन के साथ ही उसको ग्रहण करने के सही समय का पालन करना भी जरूरी होता है। पीने का पानी भी स्वच्छ होना चाहिए। इसके साथ ही व्यस्ततम रूटीन के बाद भी अपने लिए प्रतिदिन एक घंटे का समय अवश्य निकालें और कुछ न कुछ शारीरिक श्रम, योग, प्राणायाम, ध्यान या कसरत अवश्य करें। इससे पाचन क्रिया जहाँ दुरुस्त होगी वहीं कार्य के प्रति एकाग्रता भी बढ़ेगी। फास्ट फूड की जगह घर का बना शुद्ध और ताजा खाना ही खाएं। किसी भी तरह के नशे से दूरी बनाकर रहने में ही घर-परिवार और खुद की भलाई है।

(लेखक पापुलेशन सर्विसेज इंटरनेशनल इंडिया के एक्जीक्यूटिव डायरेक्टर हैं)

## मदरसे में हुआ तकरीर का आयोजन, मोहम्मद साहब के वसूलों को जिन्दगी में अपनायें



अमन लेखनी समाचार

कैसरगंज, बहराइच। मदरसा दारुल उलूम मसूदिया गौस ए आजम में मोहम्मद साहब के जन्म दिन पर तकरीर का प्रोग्राम किया गया जिसमें दूर दराज से उलमा मौलाना तशरीफ लाये। प्रोग्राम का आगाज हाफि ज व कारी अलीमुद्दीन मसूदी साहब ने नात पढ़ कर किया इसके बाद हाफिज मेराज साहब, हाफिज कमरुद्दीन, मौलाना उमर ने तकरीर करके सरकार की सीरत का बयान किया। मोहम्मद साहब के बताये रास्ते पर चलने की ताकीद की नात खवाँ अल्फिया खान, असफिया खान व निदा बानो ने नबी की नात पेश की इस प्रोग्राम के मुख्य अतिथि माननीय विधायक कैसरगंज आनन्द यादव जी मौजूद रहे। तथा गांव के तमाम संभ्रांत लोग मौजूद रहे। जिसमें मदरसा प्रबंधक मो. शमीम खान, मदरसा खजांची मो. जहीन खान, पूर्व प्रधान अनिल कुमार सिंह, विपिन कुमार सिंह, अवधेश सिंह, जीशान अंसारी अब्दुल करीम, नियाज अहमद, मो.आलम, रिहान खान, साबिर अली अंसारी, प्रोग्राम के आखिर में प्रबंधक जी ने सब का शुक्रिया अदा किया, और सभी हाफिज, कारी व गांव के लोगों ने अपने मुल्क की अमन चैन की दुवा करते हुए प्रोगाम खत्म कर दिया गया।

# एक ही घर में पांचवीं चोरी, टीवीएस बाइक लेकर चोर हुए फरार

## 6 माह के भीतर चौकी क्षेत्र में आठवीं चोरी से मचा हड़कंप

अमन लेखनी समाचार



शिवपुर, बहराइच। एक ही घर से छह माह में पांचवीं चोरी व वैवाही चौकी क्षेत्र में आठवीं चोरी से मचा हड़कंप। आज तक किसी का नहीं हुआ खुलासा! घर के बाहर टीनशेड में खड़ी टीवीएस बाइक ले उड़े चोर, लगातार वारदातों से पुलिस गश्त पर उठे सवाल। खैरीघाट थाना क्षेत्र की पुलिस चौकी वैवाही अंतर्गत रामपुर धोबियाहार में रविवार-सोमवार की मध्यरात्रि चोरों ने घर के बाहर टीनशेड में खड़ी टीवीएस मोटरसाइकिल पर हाथ साफ कर दिया। सुबह बाइक गायब मिलने पर पीड़ित के होश उड़ गए। घटना के बाद इलाके में हड़कंप मच गया है। रामपुर धोबियाहार निवासी मुनव्वर अली पुत्र नियाज उर्फ बड़कऊ ने बताया कि उनकी टीवीएस मोटरसाइकिल संख्या यूपी 40 जे 8953 घर के बाहर टीनशेड में खड़ी थी। रात में किसी समय अज्ञात चोर बाइक चोरी कर ले गए। सोमवार दोपहर करीब 12 बजे पीड़ित ने वैवाही चौकी पहुंचकर प्रार्थना पत्र देते हुए कार्यवाही और बाइक बरामदगी की मांग की। एक ही घर से छह माह में पांचवीं चोरी व चौकी क्षेत्र में आठवीं चोरी से ग्रामीणों में बढ़ी चिंता। पीड़ित के मुताबिक, करीब छह माह के भीतर उसके घर से ट्रैक्टर का जग, बैटरा, साइकिल और पल्सर बाइक चोरी होने की घटनाएं सामने आ चुकी हैं। वहीं बीते दिनों पूर्व रामपुर धोबिया गांव में फौजदार रावत के यहां चोरों ने चोरी की घटना को अंजाम दिया, 18 अगस्त को बाबा बूढ़ेश्वर नाथ मंदिर परिसर से बाइक चोरी तथा उसी रात वैवाही क्षेत्र में करीब 10 लाख रुपये की चोरी की घटना ने भी पुलिस के सामने बड़ी चुनौती खड़ी की थी। लगातार सामने आ रही चोरी की घटनाओं से ग्रामीणों में सुरक्षा को लेकर चिंता बढ़ गई है। ग्रामीणों का कहना है कि रात के समय पुलिस गश्त और निगरानी व्यवस्था को और प्रभावी किए जाने की जरूरत है। लोगों ने पुलिस अधिकारियों से रात्रि गश्त बढ़ाने के साथ ही पूर्व में हुई चोरी की घटनाओं का जल्द खुलासा कर चोरों को गिरफ्तार करने की मांग की है।

### गंभीरता से जांच में जुटी पुलिस

चौकी प्रभारी शशि प्रताप सिंह ने बताया कि मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है। पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों और अन्य संभावित सुरागों के आधार पर चोरों तक पहुंचने का प्रयास कर रही है, जल्द ही चोर गैंग का खुलासा होगा।

## नाले में नहाने गया युवक डूबा स्थानीय ग्रामीण कर रहे तलाश



अमन लेखनी समाचार

मोतीपुर, बहराइच। नेपाल से आकर भारतीय सीमा में बहने वाले नाले में सोमवार की दोपहर को गांव के दो अन्य बच्चों के साथ नहाने गये एक युवक की गहरे पानी में चले जाने के कारण डूब गया साथियों की सूचना पर पंहुचे स्थानीय ग्रामीणों ने गोताखोरों शव के ढूँढने के प्रयास में लगे हुए हैं। सोमवार को दोपहर लगभग एक बजे ग्राम सोहनी बलईगांव निवासी रवि 20 वर्ष पुत्र पृथ्वी शमशेर अपने दो अन्य साथियों के साथ गांव के पास बहने वाले नाले में नहाने गया था जहां पर नाले में तेज बहाव गहरे पानी के कारण डूब गये साथियों की सूचना पर स्थानीय गोताखोरों द्वारा शव के ढूँढने के प्रयास जारी हैं।मोतीपुर के प्रभारी निरीक्षक ब्रम्हा गोंड ने बताया कि स्थानीय गोताखोरों के काफी प्रयास के बाद शव बरामद नहीं होने पर एनडीआरएफ को सूचना दी गई है आने पर शव की खोजबीन की जायेगी।

## भारी बारिश से जगह-जगह ढहे मकान घरों में घुसा पानी

अमन लेखनी समाचार



फतेहपुर। दैवीय आपदा भारी बारिश के प्रकोप से जगह-जगह कच्चे मकान धराशाई होते दिखाई दे रहे हैं जनपद के किशनपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत विजयीपुर विकासखंड के अहमदगंज तिहार निवासी चंद्रभान संगोलीपुर मजरा गढा निवासी दयाशंकर निषाद छेदीलाल आदि के कच्चे मकान धराशाई हो गए इस भारी हादसे में सभी परिवारों की पूरी गृहस्थी मलवे के नीचे दब गई सभी मजदूर नागरिक तन ढकने से सर ढकने तक का सहारा ढूंढने लगे जानकारी मिलने पर राजस्व विभाग की टीम ने मौके पर जाकर निरीक्षण किया तीनों परिवारों ने उच्च अधिकारी से आवास समेत जीवन यापन के लिए खाने-पीने तथा दैनिक दिनचर्या की मदद हेतु गुहार लगाई


### तालाब हुआ गायब घरों में भरने लगा पानी

जनपद के अमौली विकासखंड अंतर्गत बुढवां ग्राम पंचायत के कई मकान धराशाई हो गए वहीं दक्षिण दिशा में हराम गढ़वा नाम से विख्यात एक तालाब भू माफियाओं के आगोश में आकर पूर्ण रूप से विलीन होने की स्थिति में आ गया ग्रामीणों ने बताया यह एक बड़ा तालाब था जो मुख्य मार्ग आजमपुर गढ़वा नेवरी जलालपुर चौराहे से जुड़ा हुआ था भारी बरसात होने पर तालाब में जल संग्रहित हो जाता था परंतु धीरे-धीरे ग्रामीणों द्वारा तालाब को नष्ट नाबूत करते हुए तालाब में निर्माण कार्य कर दिए गए वहीं कुछ खाली पड़ी तालाब की जमीन में ग्रामीणों ने कब्जा कर रखा है भारी बरसात होने पर तालाब के किनारे गहराई पर बने मकानों में पानी का जल भराव निरंतर हो रहा है जहां एक तरफ ग्रामीण भूमाफियाओं द्वारा अवैध रूप से खनन करते हुए मिट्टी की पुराई करा दी गई है मिट्टी की पुराई होने से जल निकासी का आवागमन समाप्त हो गया और लोगों के मकानों में बारिश का पानी पहुंचने लगा है मोहल्ले निवासी एक ग्रामीण के घर हाल ही में प्रसूता ने एक नवजात शिशु को जन्म दिया परंतु भारी बारिश तथा जल भराव के कारण शिशु का भी लालन पालन ठीक से नहीं हो पा रहा वही जल भराव के कारण अन्य मकान भी क्षतिग्रस्त होने की आशंका में है

## बहराइच में आठवां तेंदुआ पिंजरे में कैद, फिर भी दहशत बरकरार

अमन लेखनी समाचार

मिथिलेश जायसवाल



मोतीपुर, बहराइच। कतर्नियाघाट वन्य जीव प्रभाग बहराइच के जंगलों में वन विभाग द्वारा लगाए गए पिंजरे में 40 दिनों में आठवां तेंदुआ पिंजरे में कैद हुआ है। कतर्नियाघाट वन्य जीव प्रभाग क्षेत्र के जंगल से निकलकर आबादी की ओर लगातार वन्य जीव पहुंच रहे हैं जिससे मानव वन्य जीव संघर्ष की घटनाएं भी सामने आ रही है। इन घटनाओं को रोकने के लिए वन विभाग भी आबादी क्षेत्र में पिंजरे लगाकर तेंदुओं को पकड़ने का भी काम कर रहा है। 40 दिन में वन विभाग ने आठवां तेंदुआ पिंजरे में कैद किया है लेकिन दहशत बरकरार है दर्जन भर से अधिक गांवों में अभी भी तेंदुए की दस्तक से ग्रामीणों में दहशत का माहौल है।अभी कई स्थानों पर तेंदुआ पकड़ने के लिए पिंजरे लगे हुए हैं। ककरहा रेंज के अंतर्गत ग्राम पंचायत गोपिया के मजरा रामसहाय पुरवा में लगातार तेंदुए दिखाई दे रहे थे जिस पर ग्रामीणों ने वन विभाग से पिंजरा लगाकर तेंदुआ पकड़ने की मांग की थी। वन विभाग के द्वारा लगाए गए पिंजरे में रविवार देर रात एक मादा तेंदुआ कैद हो गया जिसे वन विभाग ने मौके पर पहुंचकर पिंजरे में कैद हुए तेंदुए को अपने कब्जे में ले लिया और आगे की कार्यवाही में जुट गया है। वही ग्रामीणों का कहना है कि अभी क्षेत्र में दो और तेंदुए सक्रिय हैं इन्हें भी पकड़ने की जरूरत है।डीएफओ अपूर्व दीक्षित ने बताया कि पिंजरे में कैद हुआ तेंदुआ मादा है उसकी उम्र लगभग 10 वर्ष है। स्वास्थ्य परीक्षण में तेंदुआ पूरी तरह से स्वस्थ है। उन्होंने बताया कि उच्च अधिकारियों के निर्देश के बाद तेंदुए को प्राकृतिक वास में छोड़ दिया जाएगा् डीएफओ ने लोगों को सतर्क रहने को कहा है उन्होंने कहा कि समूह में निकले हाथ में लाठी डंडा और शोर मचाते चले, अंधेरे में खेतों की ओर जाने से बचें, छोटे बच्चों को देर शाम या सुबह-सुबह घर के बाहर अकेले ना खेलने दे, घर के आसपास की झाड़ियां को साफ रखें, वन्य जीव दिखाई देने पर वन विभाग को सूचित करें।

## बकेवर विद्युत उपकेंद्र हुआ बारिश के जल से जलमग्न



### बारिश के जल से डूबी मशीनें क्षेत्र की बिजली आपूर्ति धड़ाम

अमन लेखनी समाचार

फतेहपुर। भारी बारिश के चलते जगह-जगह विद्युत आपूर्ति की समस्याएं आने लगी हैं जनपद के विद्युत उपकेंद्र बकेवर में विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी बारिश का जल पूरी तरह अंदर घुस गया है विद्युत उपकेंद्र जलमग्न हो गया वहीं सभी मशीनें पानी में डूब गई हैं बारिश के कारण सभी उपकरण बंद होने पर क्षेत्र की विद्युत आपूर्ति पूर्ण रूप से बाधित हो गई वहीं विद्युत उपकेंद्र के अवर अभियंता तथा उच्च अधिकारियों ने जनपद स्तर के उच्च अधिकारियों से विद्युत केंद्र की जल निकासी कराने की मांग की वही जानकारी लेने पर अवर अभियंता ने बताया कि विद्युत उपकेंद्र का पानी जब बाहर निकल जाएगा इसके बाद ही जांच करते हुए विद्युत आपूर्ति बहाल की जा सकती है वही अवर अभियंता ने बताया जनपद के इस विद्युत उपकेंद्र में जल भराव के साथ-साथ निर्मित भवन भी काफी पुराना होने के कारण जीर्ण-शीर्ण हो चुका है भवन की छतों से पानी गिरता है जहां बिजली के काम करने में कर्मचारियों को भी खतरा बना रहता है

# 137 साल बाद नेपालगंज रोड स्टेशन पर लौटी रेल की रौनक, वाराणसी के लिए रवाना हुई पहली ट्रेन

## रेल मंत्री अश्वनी वैष्णवी ने वर्चुअल माध्यम से एवं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रिमोट से किया नेपालगंज रोड रेलवे स्टेशन का शुभारंभ

संतोष मिश्रा/मोहम्मद कौसर

रुपईडीहा, बहराइच। भारत-नेपाल सीमावर्ती क्षेत्र के लिए सोमवार 31 अगस्त का दिन ऐतिहासिक रहा। करीब 137 वर्षों बाद नेपालगंज रोड रेलवे स्टेशन का पुनरुद्धार कर उसे ब्रॉडगेज एवं विद्युतीकृत रेल लाइन से जोड़े जाने के बाद नई रेल सेवा का शुभारंभ किया गया। नेपालगंज रोड रेलवे स्टेशन पर आयोजित भव्य समारोह में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रिमोट के माध्यम से नेपालगंज रोड से वाराणसी जाने वाली स्पेशल ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। वहीं केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव वर्चुअल माध्यम से कार्यक्रम में जुड़े और नवनिर्मित रेलवे स्टेशन एवं नई रेल सेवा के उद्घाटन में सहभागिता की। उद्घाटन के अवसर पर स्पेशल ट्रेन में यात्रियों के लिए यात्रा निःशुल्क रखी गई थी। इसका लाभ उठाते हुए बड़ी संख्या में स्थानीय लोगों ने ट्रेन में सफर किया। नेपालगंज रोड से बहराइच तक करीब 56 किलोमीटर लंबी रेल लाइन के निर्माण एवं पुनरुद्धार पर लगभग 730 करोड़ रुपये खर्च किए गए हैं। परियोजना के तहत तीन रेलवे स्टेशनों, 31 सबवे तथा तीन ओवरब्रिज का निर्माण कराया गया है।

### नेपाल की दैवीय आपदा में मृतकों को दी श्रद्धांजलि

कार्यक्रम की शुरूआत पड़ोसी मित्र राष्ट्र नेपाल में आई भीषण दैवीय आपदा में जान गंवाने वाले लोगों की आत्मा की शांति के लिए दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि अर्पित करने के साथ हुई। समारोह को संबोधित करते हुए केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने देश में रेलवे के विस्तार और नई रेल परियोजनाओं की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि आधुनिक रेल नेटवर्क देश के विभिन्न हिस्सों को जोड़ने के साथ ही सीमावर्ती क्षेत्रों के विकास और व्यापार को नई गति प्रदान कर रहा है। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश में भी जल्द बुलेट ट्रेन दौड़ाने की दिशा में कार्ययोजना तैयार की जा चुकी है और इसके लिए उत्तर प्रदेश सरकार के सहयोग से आगे की कार्रवाई की जा रही है।

### बहराइच को विकास की नई रफ्तार मिली: योगी

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि पिछली सरकारों के कार्यकाल में बहराइच को बीमार जिला बना दिया गया था, लेकिन प्रदेश में भाजपा की डबल इंजन सरकार बनने के बाद जिले में तेजी से विकास हुआ है। आज ब्रॉडगेज रेल लाइन का शुभारंभ सीमावर्ती क्षेत्र के विकास में



मील का पत्थर साबित होगा। उन्होंने कहा कि इस रेल सेवा का लाभ केवल भारतीय नागरिकों को ही नहीं, बल्कि पड़ोसी मित्र राष्ट्र नेपाल के नागरिकों को भी मिलेगा। सीमावर्ती क्षेत्र के लोग अब देश के प्रमुख शहरों से सीधे जुड़ सकेंगे। वहीं नेपाल के नागरिक बहराइच, गोंडा, अयोध्या और काशी तक आसानी से और कम खर्च में यात्रा कर सकेंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि नई रेल सेवा से आवागमन सुगम होने के साथ ही सीमावर्ती क्षेत्र के व्यापार और कारोबार को भी बढ़ावा मिलेगा। माल के परिवहन में खर्च कम होने से रुपईडीहा-नेपालगंज सहित भारत और नेपाल के सीमावर्ती व्यापारियों को इसका सीधा लाभ मिलेगा। इससे क्षेत्र की आर्थिक गतिविधियों को भी नई गति मिलने की उम्मीद है।

### प्रतिदिन चलेंगी चार ट्रेनें

मुख्यमंत्री ने बताया कि नेपालगंज रोड से प्रतिदिन चार ट्रेनें संचालित होंगी। इनमें दो ट्रेनें नेपालगंज रोड से वाराणसी तक जाएंगी। इनमें से एक ट्रेन अयोध्या होकर जाएगी। इसके अलावा दो डेमो ट्रेनें नेपालगंज रोड से गोंडा तक संचालित होंगी। वाराणसी जाने वाली ट्रेनों के संचालन से नेपाल के लोगों को अयोध्या और काशी की यात्रा एवं दर्शन करने में काफी सुविधा होगी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ रुपईडीहा के रामजानकी इंटर कॉलेज के खेल मैदान में बनाए गए हेलीपैड पर उतरे। यहां भाजपा नेताओं एवं जनप्रतिनिधियों ने उनका स्वागत किया। इसके बाद मुख्यमंत्री सड़क मार्ग से सीधे कार्यक्रम स्थल नेपालगंज रोड रेलवे स्टेशन पहुंचे।

### जनप्रतिनिधि व रेलवे अधिकारी रहे मौजूद

कार्यक्रम में बस्ती के सांसद एवं उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री जगदंबिका पाल, बहराइच सांसद डॉ. आनंद गौड़, पूर्व सांसद अक्षयवर लाल गौड़, महसी विधायक सुरेश्वर सिंह, बहराइच सदर विधायक अनुपमा जायसवाल, पयागपुर विधायक सुभाष त्रिपाठी, नानपारा विधायक रामनिवास वर्मा, मिहींपुरवा विधायक सरोज सोनकर तथा एमएलसी बहराइच प्रज्ञा त्रिपाठी सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि मौजूद रहे। इसके अलावा पूर्वोत्तर रेलवे के महाप्रबंधक उदय बोरवडकर, प्रमुख विभागाध्यक्ष, रेल प्रबंधक गौरव अग्रवाल तथा मंडल के विभिन्न रेल विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। समारोह में अतिथियों ने केंद्र एवं प्रदेश सरकार की विकास योजनाओं और रेल परियोजनाओं को सीमावर्ती क्षेत्र के विकास के लिए महत्वपूर्ण बताया।कार्यक्रम में स्थानीय हजारों लोगों के साथ साथ नेपाल के लोग भी सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

## किसानों की फसल नुकसान पर युवा नेता वासुदेव द्विवेदी ने एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

अमन लेखनी समाचार



गरौठा (झांसी)। प्राकृतिक आपदा के चलते किसानों की फसलों को हुए नुकसान को लेकर ग्राम नागर निवासी युवा नेता वासुदेव द्विवेदी ने किसानों की आवाज उठाते हुए एसडीएम गरौठा सुनील कुमार को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन के माध्यम से उन्होंने प्रभावित किसानों की फसलों का शीघ्र सर्वे कराकर नुकसान का सही आकलन कराने तथा पात्र किसानों को नियमानुसार मुआवजा दिलाए जाने की मांग की। युवा नेता वासुदेव द्विवेदी ने कहा कि लगातार बारिश और प्राकृतिक आपदा के कारण किसानों की फसलें प्रभावित हुई हैं। फसल खराब होने से किसानों के सामने आर्थिक संकट खड़ा हो गया है। ऐसे में प्रशासन को गांव-गांव सर्वे कराकर वास्तविक नुकसान का आकलन करना चाहिए, ताकि प्रभावित किसानों को समय पर सरकारी सहायता और मुआवजा मिल सके। उन्होंने कहा कि किसान देश और प्रदेश की अर्थव्यवस्था की महत्वपूर्ण कड़ी हैं। आपदा की स्थिति में किसानों को राहत दिलाना प्रशासन की प्राथमिकता होनी चाहिए। उन्होंने प्रशासन से मांग की कि सर्वे की प्रक्रिया में किसी भी पात्र किसान का नाम छूटने न पाए और नुकसान के आधार पर उचित मुआवजा उपलब्ध कराया जाए। वासुदेव द्विवेदी ने कहा कि वह किसानों और आमजन की समस्याओं को लेकर लगातार आवाज उठाते रहेंगे तथा जरूरतमंद लोगों की समस्याओं के समाधान के लिए हरसंभव प्रयास करेंगे। ज्ञापन सौंपे जाने के दौरान क्षेत्र के किसान एवं ग्रामीण मौजूद रहे।

## दूध पिकअप नहर में पलटी, बाल- बाल टला बड़ा हादसा



### ट्रैक्टर से खींचकर निकाला गया बाहर

अमन लेखनी समाचार

शिवपुर, बहराइच। जिले के करीम बक्स पुरवा के पास अनियंत्रित होकर नहर में गिरी दूध वाली गाड़ी, ट्रैक्टर की मदद से निकाला गया पिकअप। रविवार देर शाम खैरीघाट थाना क्षेत्र के करीम बक्स पुरवा के पास मुनीमपुर कला की ओर से आ रही दूध वाली गाड़ी अनियंत्रित होकर सरयू नहर में गिर गई। चालक ने कूदकर जान बचा ली। घटना से ग्रामीणों की काफी भीड़ लग गई। घंटों मशक्कत के बाद ट्रैक्टर की मदद से पिकअप को नहर से बाहर निकाला गया। गनीमत रही कि कोई बड़ा हादसा नहीं हुआ।

## जिला कारागार का जिलाधिकारी ने किया निरीक्षण

### बंदी ग्रह आंगनवाड़ी रसोईघर आदि का हुआ बारीकी से निरीक्षण

अमन लेखनी समाचार





फतेहपुरे जनपद की जिलाधिकारी निधि गुप्ता वत्स ने जिला कारागार का औचक निरीक्षण किया औचक निरीक्षण पर पहुंची जिलाधिकारी ने कारागार की रसोई घर महिला पुरुष बंदिग्रह राष्ट्रीय मुक्त विद्यालय शिक्षा संस्थान चिकित्सालय आंगनबाड़ी केंद्र तथा कंट्रोल रूम का बारीकी से निरीक्षण किया जहां कंट्रोल रूम के सभी सीसीटीवी कैमरे यथा स्थिति क्रियाशील मिले परीक्षण करते हुए जिलाधिकारी ने जिला अधीक्षक को निरुद्ध बंदियो की आवश्यकता अनुसार उन्हें सहायता उपलब्ध कराए जाने का दिशा निर्देश दिया इस अवसर पर जिलाधिकारी के साथ अपर पुलिस अधीक्षक फतेहपुर क्षेत्राधिकारी सदर तथा जेलर इत्यादि संबंधित अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहें

## कोर्ट के आदेश पर दुष्कर्मियों के ऊपर प्रशासन ने किया मुकदमा

अमन लेखनी समाचार

फतेहपुरे जनपद की खखरेरू थाना क्षेत्र अंतर्गत एक शिक्षिका के साथ दुष्कर्म करने वाले अपराधियों के खिलाफ कोर्ट के आदेश के पश्चात प्रशासन ने मुकदमा दर्ज किया मिली जानकारी के अनुसार शिक्षिका को लिफ्ट देने के बहाने ले जाकर दुष्कर्म करते हुए आरोपियों ने उसकी अश्लील वीडियो बनाया परंतु निडर शिक्षिका ने नजदीकी थाना में लिखित तहरीर देते हुए न्याय की गुहार लगाई पीड़िता के प्रार्थना पत्र को स्थानीय प्रशासन ने ठंडा बस्ते में डाल दिया जहां अपने मान सम्मान का हतन देख शिक्षिका ने न्यायालय का सहारा लिया न्यायालय के आदेश के पश्चात आरोपी समेत आरोपी के दो भाइयों के खिलाफ का खखरेरू थाना प्रशासन ने मुकदमा दर्ज किया

# दिलीप ट्रॉफी : दक्षिण क्षेत्र का उत्तर क्षेत्र पर दबदबा

## तिलक का नाबाद शतक, उत्तर क्षेत्र की टीम पहली पारी में 195 रन पर आउट हो गयी थी

एजेंसी

**बेंगलुरु।** कप्तान तिलक वर्मा की धैर्य और संयम से भरी नाबाद 106 रन की पारी के बूते दक्षिण क्षेत्र ने सोमवार को यहां दलीप ट्रॉफी सेमीफाइनल में उत्तर क्षेत्र के खिलाफ पहली पारी में 90 रन की महत्वपूर्ण बढ़त हासिल कर ली। तिलक को इस दौरान श्रेयस गोपाल (87) का अच्छा साथ मिला और दोनों ने छठे विकेट के लिए 175 रन की साझेदारी की जिससे टीम ने दिन का खेल खत्म होने तक नौ विकेट पर 285 रन बना लिये। उत्तर क्षेत्र की टीम पहली पारी में 195 रन पर आउट हो गयी थी।

तिलक की संयमित बल्लेबाजी का अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि उन्होंने अपनी पारी का पहला चौका 154वीं गेंद पर लगाया। वह दिन का खेल खत्म होने तक 225 गेंदों पर सात चौकों की मदद से 106 रन बनाकर नाबाद



रहे। दक्षिण क्षेत्र ने दिन की शुरुआत 40 रन पर दो विकेट से आगे से की लेकिन गुरनूर बराड़ (70 रन पर चार विकेट) ने पहले सत्र में तीन विकेट झटककर टीम का स्कोर पांच विकेट पर 80 रन कर दिया। बराड़ ने बीते दिन के नाबाद बल्लेबाज एन जगदीशन (36) को बोल्ड करने के बाद आर स्मरण (27) और कोडिमेला हिमतेजा (शून्य) को पवेलियन की राह दिखाई।

तिलक और गोपाल ने इसके बाद मोर्चा संभाला और उत्तर क्षेत्र के गेंदबाजों को ज्यादा मौके नहीं दिये। गोपाल ने आक्रामक अंदाज अपनाते हुए नियमित अंतराल पर चौके लगाए, जबकि तिलक ने संयम के साथ बल्लेबाजी की और अपना अर्धशतक पूरा किया। अंशुल कंबोज (53 पर दो विकेट) की गेंद पर तिलक के खिलाफ पगबाधा की करीबी अपील को मैदानी अंपायर ने खारिज कर दिया लेकिन दिन के अंतिम सत्र में अर्शदीप (59 रन पर दो विकेट) ने गोपाल को आउट कर इस साझेदारी को तोड़ दिया। गोपाल ने 169 गेंदों की पारी में 11 चौके लगाये।

इसके बाद दक्षिण क्षेत्र ने जल्दी-जल्दी तीन और विकेट गंवा दिये। कंबोज ने तनय त्यागराजन को छह रन पर आउट किया। वहीं अर्शदीप ने विद्वथ कावेरप्पा का विकेट चटकाया। एक छोर से विकेटों के पतन के बीच तिलक के हौसले नहीं डिगे। दिन का खेल खत्म होने पर वह कावुरी साईतेजा के साथ क्रीज पर थे। वहीं दूसरी ओर बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड (बीसीबी) के अध्यक्ष तमीम इकबाल ने कहा कि भारत के खिलाफ लंबे समय से लंबित सीमित ओवरों की घरेलू श्रृंखला के लिए भारत से बातचीत चल रही है और दोनों देश अपने व्यस्त कार्यक्रम के बावजूद उपयुक्त समय की तलाश जारी रखे हुए हैं।

### हमें यह पता करना होगा कि बल्लेबाजी इकाई के रूप में हमसे कहां गलती हुई: शेफाली वर्मा

दुबई। भारतीय सलामी बल्लेबाज शेफाली वर्मा ने कहा कि थाईलैंड की कमजोर टीम के खिलाफ महिला एशिया कप के पहले मैच में 94 रन की आसान जीत के बावजूद टीम की बल्लेबाजी इकाई को टर्न लेती पिचों पर अपनी कमियों का आकलन करना होगा। शेफाली ने 36 गेंदों में 64 रन बनाकर भारत को अच्छी शुरुआत दी। उनकी पारी में आठ चौके और तीन छक्के शामिल थे। लेकिन भारत के मध्य क्रम के बल्लेबाज नहीं चल पाए। एक विकेट पर 91 रन के बाद उसका स्कोर जल्द ही छह विकेट पर 127 रन हो गया और आखिर में उसने नौ विकेट पर 159 रन बनाए। थाईलैंड की टीम इसके जवाब में 65 रन पर आउट हो गई।

### सूर्यवंशी की पारी के बावजूद पूर्व क्षेत्र बढ़त लेने में नकाम रहा

बेंगलुरु। युवा बल्लेबाज वैभव सूर्यवंशी ने 92 रन की आक्रामक पारी खेलकर लाल गेंद के क्रिकेट में अपनी काबिलियत का प्रदर्शन किया लेकिन दलीप ट्रॉफी सेमीफाइनल के दूसरे दिन सोमवार को पूर्व क्षेत्र की टीम मध्य क्षेत्र पर पहली पारी की बढ़त हासिल करने में नाकाम रही। बाएं हाथ के स्पिनर हर्ष दुबे (66 रन पर चार विकेट) और तेज गेंदबाज यश ठाकुर (66 रन पर तीन विकेट) तथा आर्यन पांडे (43 रन पर तीन विकेट) ने पूर्व क्षेत्र के सभी 10 विकेट आपस में साझा किये जिससे पूर्व क्षेत्र की पूरी टीम 266 रन पर सिमट गई। इस तरह दोनों टीमों का पहली पारी का स्कोर बराबर रहा, क्योंकि मध्य क्षेत्र ने भी अपनी पहली पारी में 266 रन बनाए थे। दिन का खेल खत्म होने तक मध्य क्षेत्र ने तीन विकेट पर 45 रन बना लिये थे। दिन का खेल खत्म होते समय अमन मोखाड़े (23) और आर्यन पांडे (04) क्रीज पर मौजूद थे।

स्टंप्स से कुछ मिनट पहले तेज गेंदबाज मुकेश कुमार ने मध्य क्षेत्र के कप्तान रजत पाटीदार को आउट कर बड़ा झटका दिया। पंद्रह वर्षीय सूर्यवंशी ने इस दौरान दलीप ट्रॉफी में अर्धशतक जड़ने वाला सबसे कम उम्र का बल्लेबाज बनने का गौरव हासिल किया। उन्होंने 1969 में 16 साल की उम्र में यह उपलब्धि हासिल करने वाले लक्ष्मण सिंह का रिकॉर्ड पीछे छोड़ा। बाएं हाथ के इस बल्लेबाज की पारी की खासियत महज यह रिकॉर्ड नहीं था। 118 मिनट और 81 गेंदों तक चली उनकी पारी शुरुआत से ही पूरी तरह सहज नहीं दिखी लेकिन बिहार के इस युवा बल्लेबाज ने शानदार धैर्य और जुझारूपन दिखाते हुए बल्लेबाजी जारी रखी।

# अंकुर ने अपना पहला डब्ल्यूटीटी खिताब व युगल में स्वर्ण पदक जीता

नयी दिल्ली। भारतीय टेबल टेनिस खिलाड़ी अंकुर भट्टाचार्य ने चेक गणराज्य में आयोजित डब्ल्यूटीटी फीडर ओलोमोक टूर्नामेंट में अपना पहला डब्ल्यूटीटी पुरुष एकल खिताब जीता और आकाश पाल के साथ युगल वर्ग में स्वर्ण पदक हासिल करके दोहरी सफलता हासिल की। विश्व रैंकिंग में 78वें नंबर के खिलाड़ी अंकुर ने एकल फाइनल में स्लोवेनिया के तीसरी वरीयता प्राप्त खिलाड़ी डेनी कोजुल को 3-1 (9-11, 11-4, 11-5, 11-6) से हराया।



इससे पहले उन्होंने आकाश के साथ मिलकर पुरुष युगल फाइनल में हंगरी के साबा एंड्रास सैंटोसी और पोलैंड के एलन कुलजकि ज़ालेव्स्की को 3-1 (11-8, 4-11, 13-11, 11-9) से हराया था। अंकुर के लिए एकल फाइनल की शुरुआत अच्छी नहीं रही, क्योंकि कोजुल ने पहला गेम 11-9 से जीत लिया। भारतीय खिलाड़ी ने हालांकि जल्द ही अपनी लय हासिल कर ली और अगले तीन गेम जीतकर खिताब अपने नाम कर लिया।

पुरुष युगल में अंकुर और आकाश ने पहला गेम 11-8 से जीता, लेकिन सैंटोसी और ज़ालेव्स्की ने दूसरे गेम में 11-4 से जीत हासिल करके स्कोर बराबर कर दिया। तीसरे गेम में कड़ी टक्कर के बाद भारतीय जोड़ी ने 13-11 से जीत हासिल करके फिर से बढ़त हासिल ली और फिर चौथे गेम में भी अपना संयम बनाए रखते हुए 11-9 से जीत दर्ज की। अंकुर ने इस तरह से डब्ल्यूटीटी फीडर सीरीज में शानदार सत्र का समापन किया। यहां खिताब जीतने से पहले उन्होंने 2026 में दो टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल और दो टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में जगह बनाई थी।

### भारतीय पैरा खिलाड़ियों ने फिनलैंड में 16 पदक जीतकर अपने अभियान का समापन किया

नयी दिल्ली। भारत ने फिनलैंड में आयोजित आईटीटीएफ विश्व पैरा फ्यूचर लाहटी टूर्नामेंट से छह स्वर्ण, चार रजत और छह कांस्य सहित कुल 16 पदक जीतकर अपने अभियान का समापन किया। भारतीय खिलाड़ियों ने एकल स्पर्धाओं में 10 पदक जीते थे। इसके बाद उन्होंने युगल में दो स्वर्ण, एक रजत और तीन कांस्य सहित छह पदक अपने नाम किए। रमेशभाई चौधरी और सुमित सहगल ने पुरुष युगल के फाइनल में दक्षिण अफ्रीका के इब्राहिम अब्दुल्ला और रकन अब्दुल रहमान पर 3-0 की जीत के साथ स्वर्ण पदक जीता। सुमित ने दीपिका रानी रामनाथन के साथ जोड़ी बनाकर मिश्रित युगल का खिताब जीतकर दोहरी सफलता हासिल की। फाइनल में इस जोड़ी ने फिनलैंड के टिमो कालावेई और ऐनो तापोला को 3-0 से हराया। सोनल पटेल और रमेशभाई ने मिश्रित युगल में रजत पदक जीता, जबकि तीन भारतीय जोड़ियों ने कांस्य पदक हासिल किए। शुभम वधवा और जेडी मदन ने पुरुष युगल में, प्राची पांडे और सविता अज्जनकट्टी ने महिला युगल में और शिवम पाल और नूरअली जमानी ने मिश्रित युगल में कांस्य पदक जीते।

## संक्षेप

### दिशा कुमार, आहिदा प्री क्वार्टर फाइनल में

बेंगलुरु। कर्नाटक की तीसरी वरीयता प्राप्त दिशा कुमार ने सोमवार को यहां केएसएलटीए विश्व टेनिस टूर जूनियर जे30 बेंगलुरु के मुख्य ड्रॉ के पहले दौर में सिद्धि पांडे को कड़े मुकाबले में 6-1, 6-7, 7-5 से हराकर प्री क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई। पांचवीं वरीयता प्राप्त आहिदा सिंह ने भी शाजफा वानिया एसके को 6-3, 6-0 से हराकर अगले दौर में प्रवेश किया। अंडर-18 वर्ग में खेल रहे कर्नाटक के 14 वर्षीय पुनीत मनोहर को कड़ी चुनौती पेश करने के बावजूद परंजय सिवाच के खिलाफ 6-7, 1-6 से शिकस्त झेलनी पड़ी। यश कुमार को भी कड़े मुकाबले में श्लोक चौहान के खिलाफ 6-1 रहा।

### आईएएफ स्क्वाश चैंपियनशिप में अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी भी मैदान में

चंडीगढ़। भारत और विदेश के कुछ शीर्ष स्क्वाश खिलाड़ी सोमवार से यहां शुरू हुई चार दिवसीय भारतीय वायुसेना (आईएएफ) अंतरराष्ट्रीय स्क्वाश चैंपियनशिप में अपना दमखम दिखा रहे हैं। इस प्रतियोगिता में छह टीम हिस्सा ले रही हैं जिनमें ब्रिटेन और श्रीलंका की अंतरराष्ट्रीय टीम तथा वेटरन्स टीम भी शामिल हैं। यह चैंपियनशिप यहां वायुसेना स्टेशन में आयोजित की जा रही है। इसमें टीम स्पर्धाओं के साथ ओपन एकल वर्ग भी रखा गया है जिससे राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर के शीर्ष स्क्वाश खिलाड़ियों को एक मंच पर प्रतिस्पर्धा करने का मौका मिल रहा है। आयोजकों के अनुसार चैंपियनशिप का समापन शुक्रवार को होगा। उद्घाटन समारोह में वायुसेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल एपी सिंह मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए।

### प्रणवी उर्स आयरिश ओपन में संयुक्त 17वें स्थान पर रहीं

किल्डारे (आयरलैंड)। प्रणवी उर्स अंतिम दौर में तीन अंडर 69 के स्कोर से यहां केपीएमजी महिला आयरिश ओपन गोल्फ टूर्नामेंट में संयुक्त रूप से 17वें स्थान पर रहीं। कट हासिल करने वाली एकमात्र भारतीय प्रणवी का कुल स्कोर आठ अंडर 280 रहा। उन्होंने अंतिम दौर में चार बर्डी की लेकिन एक बोगी भी कर गईं। इससे पहले भारत की दीक्षा डागर, अवनि प्रशांत और हिताक्षी बख्शी कट हासिल करने में नाकाम रहे। दक्षिण अफ्रीका की कसांद्रा एलेक्जेंडर ने प्रतियोगिता का खिताब अपने नाम किया।

# विश्व कप : डच किला फतेह, भारत ने फिर गंवाया मौका

एजेंसी

**वॉवरे एम्सटेलवीन।** पिछले सोलह दिन से चल रहे विश्व हॉकी के महासमर में एक ओर महिला वर्ग में डच दबदबा टूटा तो पुरूष हॉकी में जर्मनी ने एक बार फिर अपना लोहा मनवाया

**❍ जर्मनी का दबदबा कायम**

जबकि भारतीय टीमें पांच दशक बाद पदक के करीब पहुंचकर एक बार फिर चूक गई। यूट्रेक्ट में 1998 में हुए विश्व कप के बाद पहली बार महिला और पुरूष टूर्नामेंट एक साथ खेले गए लेकिन दो देशों में और दो शहरों में।

नीदरलैंड ने पहली बार एम्सटेलवीन में हॉकी के लिये खास तौर पर बनाये गए वेगनेर स्टेडियम में विश्व कप की मेजबानी की तो बेल्जियम के वॉवर में बेलफियस हॉकी एरेना के रूप में खेल



को नया ठिकाना मिला। एम्सटेलवीन में खचाखच भरे स्टेडियम में संगीत के साथ हॉकी जलसे की तरह लगी तो ब्रसेल्स शहर से दूर वॉवरे में बीयर और वॉफेल्स के साथ हॉकी सुकून की तरह नजर आई। लेकिन दोनों ही मेजबान दिग्गज खिताब से वंचित रह गए।

क्वार्टर फाइनल की बजाय पहले दौर के बाद क्रॉसओवर मुकाबलों वाले प्रारूप पर भी सवाल उठे। महिला हॉकी में नौ बार की चैम्पियन और पेरिस ओलंपिक स्वर्ण पदक विजेता नीदरलैंड को अर्जेंटीना की साहसी टीम ने नारंगी रंग से सराबोर खचाखच भरे स्टेडियम में घरेलू दर्शकों के सामने पेनल्टी शूटआउट में पटखनी दी। रोसारियो में 2010 में अर्जेंटीना जीती थी लेकिन उसके बाद से लगातार नीदरलैंड ने ही तीन विश्व कप जीते।

बेल्जियम ने आस्ट्रेलिया को हराकर कांस्य पदक अपने नाम किया। एशियाई दिग्गज और पेरिस ओलंपिक रजत पदक विजेता चीन की टीम आठवें स्थान पर रही। नीदरलैंड की ड्रैग फ्लिकर यिब्बी यानसेन ने सर्वाधिक आठ गोल दागे और अंतरराष्ट्रीय गोल का शतक भी पूरा किया। महिला हॉकी में शीर्ष टीमों के बीच कड़ी प्रतिस्पर्धा का आकलन इसी से किया जा सकता है कि दोनों सेमीफाइनल और कांस्य पदक के मुकाबले का फैसला एक गोल के अंतर से हुआ।

### भारत ने सीरिया को 1-0 से हराया

ताशकंद। भारत ने सोमवार को यहां डोस्तलिक स्टेडियम में शमी सिंगामायुम के 86वें मिनट में किए गए गोल की बदौलत सीरिया को 1-0 से हराकर एएफसी अंडर-20 एशियाई कप 2027 फुटबॉल क्वालीफायर में अपने अभियान की शानदार शुरुआत की। सिंगामायुम ने स्थानापन्न खिलाड़ी एमडी अरबाश के साथ मिलकर बने बेहतरीन मूव को गोल में तब्दील किया और ग्रुप बी के मैच में भारतीय टीम को जीत दिलाई। यह अंडर-19अंडर-20 स्तर पर सीरिया के खिलाफ भारत की पहली प्रतिस्पर्धी जीत भी है। मैच में अधिकांश समय भारत को सीरिया के लगातार हमलों का सामना करना पड़ा लेकिन टीम ने धैर्य नहीं खोया। कोच महेश गवली की टीम ने रक्षात्मक रणनीति अपनाते हुए सीरियाई हमलों को झेला और शानदार रक्षात्मक खेल का परिचय देते हुए।

# जोकोविच यूएस ओपन से बाहर, पेगुला व मेदवेदेव आगे बढ़े

एजेंसी

न्यूयॉर्क। दिग्गज खिलाड़ी और रिकॉर्ड 24 बार के ग्रैंड स्लैम चैंपियन नोवाक जोकोविच अपने करियर में पहली बार यूएस ओपन टेनिस टूर्नामेंट के पहले दौर में हारकर बाहर हो गए। रविवार को चार घंटे 36 मिनट तक चले पांच सेटों के इस मैराथन मैच में जोकोविच को अर्जेंटीना के मारियानो नावोन से 7-6 (5), 5-7, 4-6, 6-2, 6-1 से हार का सामना करना पड़ा। यूएस ओपन के पहले दौर में इससे पहले जोकोविच का रिकॉर्ड 19-0 था और उन्होंने 2006 के ऑस्ट्रेलियन ओपन के बाद से किसी भी ग्रैंड स्लैम टूर्नामेंट में अपना पहला मैच नहीं हारा था।

लेकिन फ्लशिंग मीडोज में चौथी वरीयता प्राप्त और चार बार के चैंपियन 39 वर्षीय जोकोविच काफी परेशान नजर आए। मैच के दौरान उन्हें उल्टी हुई और पैरों में भी तकलीफ हुई। इस बीच उन्होंने 70 बेजा गलतियां की। जोकोविच यूएस ओपन में तीसरे दौर से पहले कभी नहीं हारे थे। यह उनके करियर में किसी ग्रैंड



स्लैम टूर्नामेंट के पहले दौर में सबसे लंबी अवधि का मैच था। यूएस ओपन में अपने पदार्पण के ठीक 21 साल बाद मिली इस हार से अब यह सवाल उठ रहा है कि क्या यह इस या किसी भी ग्रैंड स्लैम में जोकोविच का आखिरी मैच था। पहले सेट के दौरान उनका मैच बीच में ही रोक दिया गया ताकि बारिश के कारण आर्थर ऐश स्टेडियम की छत को बंद किया जा सके।

बचपन से ही जोकोविच को अपना आदर्श मानने वाले नावोन ने मैच के बाद कहा, मेरे लिए यह बहुत मुश्किल था क्योंकि आप इस कोर्ट पर सर्वकालिक महान खिलाड़ी के खिलाफ खेल रहे थे। उन्होंने कहा, निश्चित रूप से कोर्ट पर यह मेरा अब तक का सबसे बेहतरीन अनुभव रहा है। यह शानदार कोर्ट है और सबसे बड़ा मंच है। जिस तरह से हमने खेल दिखाया वह अद्भुत था। मेरे कहने का मतलब है की पांच सेट तक मैच चला। मैं बहुत खुश हूं और यह बयां करने के लिए मेरे पास शब्द नहीं हैं।

इससे पहले तीसरी वरीयता प्राप्त जेसिका पेगुला और 11वीं वरीयता प्राप्त मार्टा कोस्त्युक ने महिला एकल के दूसरे दौर में प्रवेश किया। पेगुला ने एलेना गैब्रिएला रूसे को 6-3, 6-2 से हराया। इस सत्र में सर्वाधिक 46 मैच जीतने वाली पेगुला का अगला मुकाबला वीनस विलियम्स और वाइल्ड कार्ड खिलाड़ी सोफिया केनिन के बीच होने वाले मैच की विजेता से होगा। पेगुला ने कहा, मैदान में उतरने से पहले मैं बहुत घबराई हुई थी।

# यूपी टी-20 लीग के प्लेऑफ मैच अब लखनऊ में

खेल संवाददाता

**कानपुर।** कानपुर में लगातार हो रही बारिश और मौसम की स्थितियों को देखते हुए यूपी टी-20 लीग सीजन-4 पावर्ड बाई बिमल इलायची और एनसीएस के आगामी प्लेऑफ व फाइनल के मैचों को कानपुर से लखनऊ स्थानांतरित करने का निर्णय लिया गया है। अब लीग के प्लेऑफ

**❍ खिलाड़ियों की सुरक्षा, निष्पक्ष प्रतिस्पर्धा और बेहतर खेल स्थितियां सर्वोच्च प्राथमिकता : संजय कपूर**

और फाइनल मैच पूर्व निर्धारित तिथियाँ में लखनऊ के भारत रत्न श्री अटल बिहारी वाजपेयी इकाना क्रिकेट स्टेडियम में खेले जाएंगे। यूपी टी-20 लीग गवर्निंग काउंसिल के चेयरमैन डॉ. संजय कपूर ने इस बारे में कानपुर के ग्रीन पार्क स्टेडियम में आयोजित प्रेस



वार्ता में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि लीग प्रबंधन के लिए खिलाड़ियों के हित, सभी टीमों को समान एवं खेल के लिए बेहतर स्थितियां देना और मैचों की गुणवत्ता बनाए रखना सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि कानपुर में लगातार बारिश से मैचों को पूरा कराना संभव नहीं हो पा रहा है, जिसके कारण खेल व खिलाड़ियों की प्रतिभाओं पर असर पड़ रहा है। ऐसे में प्लेऑफ जैसे महत्वपूर्ण और निर्णायक मैचों में सभी टीमों को पूरे 20 ओवर खेलने का समान और उचित अवसर मिलना अत्यंत आवश्यक है। हमने आने वाले दिनों में मौसम के पूवार्नुमान का अवलोकन किया जिसमें कानपुर में लगातार बारिश दिखाई जा रही है। उपरोक्त परिस्थितियों को देखते हुए प्लेऑफ के मैच व फाइनल को लखनऊ में स्थानांतरित करने का निर्णय बड़े भारी मन से लिया गया है। डॉ. संजय कपूर ने कहा कि यह निर्णय किसी एक टीम के पक्ष या विपक्ष में नहीं, बल्कि खेल की निष्पक्षता और खिलाड़ियों के हित में लिया गया है।

### मयंक अग्रवाल काउंटी टीम डरहम की ओर से खेलेंगे

डरहम। भारतीय बल्लेबाज मयंक अग्रवाल सोमवार को काउंटी चैंपियनशिप के डिविजन-दो के बाकी चार मुकाबलों के लिए डरहम टीम से जुड़ गए। डरहम क्रिकेट ने अपनी वेबसाइट पर इस जानकारी को साझा करते हुए लिखा कि दाएं हाथ के शीर्ष क्रम के बल्लेबाज अग्रवाल दो सितंबर से नॉर्थम्पटनशर के खिलाफ होने वाले मुकाबले में डरहम के लिए उपलब्ध रहेंगे। यह मुकाबला काउंटी ग्राउंड पर खेला जाएगा।

डरहम की टीम इस समय काउंटी चैंपियनशिप डिविजन-दो की अंक तालिका में शीर्ष पर है। टीम ने 10 मुकाबलों में सात जीत और तीन ड्रॉ के साथ कुल 191 अंक हासिल किए हैं। अग्रवाल ने भारत के लिए 21 टेस्ट मैच खेले हैं। उन्होंने 41.33 की औसत से करीब 1,500 रन बनाए हैं, जिसमें चार शतक और छह अर्धशतक शामिल हैं।

# चाइना मास्टर्स में भारत की अगुवाई करेंगे लक्ष्य

एजेंसी

शेनझेन। विश्व चैंपियनशिप में शुरुआत में ही बाहर होने वाले लक्ष्य सेन अपनी इस निराशा को पीछे छोड़कर मंगलवार से यहां शुरू होने वाले 1,250,000 अमेरिकी डॉलर के चाइना मास्टर्स सुपर 750 बैडमिंटन टूर्नामेंट में भारतीय चुनौती की अगुवाई करेंगे। सेन को हालांकि पहले दौर में ही कड़ी चुनौती का सामना करना होगा। वह अपने शुरुआती मैच में फ्रांस के विश्व चैंपियन एलेक्स लैनियर का सामना करेंगे। जून में यूएस ओपन सुपर 300 के फाइनल में पहुंचने वाले किदाम्बी श्रीकांत पहले मैच में चीनी ताइपे के ची यु-जेन का सामना करेंगे। इस सत्र में उनका प्रदर्शन उतार चढ़ाव वाला रहा है।

**❍ महिला एकल में तीन युवा खिलाड़ियों पर होगी नजर**

कनाडा ओपन में चोट के कारण उन्हें टूर्नामेंट से बाहर होना पड़ा, जिसके बाद कोरिया मास्टर्स में भी वे पहले ही दौर में बाहर हो गए। पुरुष युगल में सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की चौथी वरीयता प्राप्त जोड़ी से भारत को काफी उम्मीद होगी। सात्विक और चिराग ने इस साल की शुरुआत में सिंगापुर ओपन जीतकर दो साल का अंतरराष्ट्रीय खिताब का इंतजार खत्म किया।

वे चीन के हू के युआन और लिन जियांग यी के खिलाफ अपना पहला मैच खेलेंगे। महिला एकल में भारत की निगाहें तीन युवा खिलाड़ियों उन्नति हुडा, तन्वी शर्मा और देविका सिहाग पर टिकी रहेगी। रोहतक की 18 वर्षीय उन्नति का सामना पांचवीं वरीयता प्राप्त चीन की हान यू से होगा।

तन्वी का मुकाबला डेनमार्क की अमाली शुल्ज़ से होगा और देविका का बुल्गारिया की कालोयाना नलबंतोवा से होगा। अन्य मुकाबलों में हरिहरन आमसकारुनन और एम आर अर्जुन की पुरुष जोड़ी का सामना आठवीं वरीयता प्राप्त जापानी जोड़ी ताकुरो होकी और युगो कोबायाशी से होगा, जो 2021 के विश्व चैंपियन हैं।

### एसएलसी को महिला चैंपियंस ट्रॉफी का आयोजन श्रीलंका में ही होने की उम्मीद

कोलंबो। श्रीलंका के अंतरिम क्रिकेट बोर्ड ने कहा है कि वह खेल प्रशासन में सरकारी हस्तक्षेप को लेकर उठ रही चिंताओं के बीच अगले साल होने वाली पहली महिला चैंपियंस ट्रॉफी की मेजबानी देश में बनाए रखने के लिए बुनियाद से ही सुधारवादी कदम उठाएगा। देश के खेल मंत्री द्वारा नियुक्त अंतरिम समिति के अध्यक्ष एरन विक्रमरत्ने ने कहा कि उनकी समिति श्रीलंका क्रिकेट (एसएलसी) के प्रशासन में सुधार के लिए प्रतिबद्ध है। विक्रमरत्ने ने कहा, हम बुनियाद से ही सुधार करने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध हैं। हम पीछे नहीं हट रहे हैं। हालांकि उन्होंने इस बारे में विस्तार से जानकारी नहीं दी। छह टीम का यह टी20 टूर्नामेंट फरवरी 2027 में आयोजित होना है लेकिन ऐसी संभावना है कि एसएलसी के प्रशासन में सरकारी हस्तक्षेप के कारण इसे श्रीलंका से बाहर स्थानांतरित कर दिया जाएगा। अंतरिम समिति में शामिल अधिकारी प्रकाश शाफ्टर ने कहा कि करीब ढाई महीने पहले अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने संकेत दिया था कि वह श्रीलंका के अलावा किसी वैकल्पिक स्थल की तलाश कर रहा है।

# मेसी ने इंटरनेशनल फुटबॉल से लिया संन्यास

एजेंसी

**अर्जेंटीना।** मेसी ने 2016 में भी संन्यास लिया था। तब वे 3 वर्ल्ड कप में कप्तानी कर चुके थे, लेकिन जीत नहीं सके थे। उन्होंने अपना फैसला बदला और टीम को 2022 का वर्ल्ड कप जिताया। लियोनेल मेसी ने अर्जेंटीना की नेशनल फुटबॉल टीम से इंटरनेशनल फुटबॉल को अलविदा कह दिया है। उनका आखिरी मैच वर्ल्ड कप फाइनल था, जिसमें अर्जेंटीना को स्पेन से हार मिली थी। मेसी ने सोमवार को सोशल मीडिया पर हाथ से लिखे नोट की तस्वीर के साथ संन्यास का ऐलान किया। उन्होंने बताया कि फाइनल के 2 दिन बाद 21 जुलाई को उन्होंने संन्यास का फैसला लिख लिया था। 39 साल के मेसी ने कहा कि उनके पिता जॉर्ज मेसी की मौत के बाद उन्हें लगा कि अर्जेंटीना के लिए करियर खत्म करने का यही सही समय है।' जॉर्ज मेसी का 8 अगस्त को सेंट्रल अर्जेंटीना के रोसारियो शहर के एक अस्पताल में निधन हुआ था। वे 68 साल के थे।



मेसी ने लिखा, यह फैसला लेना तकलीफदेह था और आज भी दिल के अंदर तक दुख देता है, लेकिन मैं समझता हूं कि अब समय आ गया है। मैंने हमेशा अपना सब कुछ दिया है। सिर्फ उन पिछले कुछ सालों में नहीं, जब हमने सब कुछ जीता, बल्कि उससे पहले भी। मैंने इस जर्सी के लिए हमेशा संघर्ष किया। मैदान पर अपना सब कुछ छोड़ा, ताकि आपको खुशी दे सकूं। फुटबॉल के जरिए आपको अर्जेंटीनियन होने पर गर्व महसूस करा सकूं। समय कम बचा है और अध्याय खत्म होते हैं। यह भी ऐसा ही एक अध्याय है, जो मुझे बहुत दुख देता है। मुझे राष्ट्रीय टीम का हिस्सा बनना पसंद था, पसंद है और हमेशा रहेगा। मैंने अपने पास मौजूद सब कुछ दे दिया है। अब मेरे पास देने के लिए कुछ नहीं बचा है। इसके अलावा, कई बेहतरीन युवा खिलाड़ी आ रहे हैं, जो यहां होने के हकदार हैं। मेसी ने अपने पिता की मौत के बाद एक पोस्ट में लिखा था कि उन्हें इस बात को लेकर 'काफी संदेह' था कि वे ज्यादा समय तक अर्जेंटीना के लिए खेलना जारी रख पाएंगे या नहीं। उन्होंने स्पेन के खिलाफ वर्ल्ड कप फाइनल में अपने प्रदर्शन को लेकर भी लिखा था, ह्यमेरे पैर अब आगे नहीं बढ़ पा रहे थे। इस बार मैंने अपनी शारीरिक सीमाओं से आगे जाने की कोशिश की, लेकिन मैं ऐसा नहीं कर सका। मेसी ने अपने नोट में बताया कि फाइनल के 2 दिन बाद उन्होंने संन्यास की घोषणा लिखी थी। उन्होंने कहा कि पिता के साथ हुई घटना के बाद वे इस फैसले को लेकर पहले से ज्यादा पक्के हो गए। मेसी ने अर्जेंटीना के फैंस को पिछले 20 साल के प्यार के लिए शुक्रिया कहा।

# विहिप की जिला योजना बैठक में आगामी कार्यक्रमों की बनी रूपरेखा

अमन लेखनी समाचार




चोपन/सोनभद्र- विश्व हिंदू परिषद सोनभद्र जिले की योजना बैठक रविवार को रॉबर्ट्सगंज स्थित होटल सूर्या में संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता विहिप जिलाध्यक्ष विद्या शंकर पांडेय ने की। बैठक में संगठन के आगामी कार्यक्रमों, अभियानों एवं विभिन्न सामाजिक-धार्मिक गतिविधियों की विस्तृत रूपरेखा तैयार की गई। उद्घाटन सत्र को संबोधित करते हुए प्रांत के धर्म प्रसार प्रमुख नरसिंह त्रिपाठी ने विश्व हिंदू परिषद के स्थापना दिवस, हित चिंतक अभियान, दुर्गा अष्टमी कार्यक्रम तथा श्रद्धेय अशोक सिंघल के जन्म शताब्दी वर्ष के अवसर पर आयोजित होने वाले कार्यक्रमों के संबंध में विस्तार से चर्चा की। वहीं जिलाध्यक्ष विद्या शंकर पांडेय ने बताया कि सोनभद्र जिले में विश्व हिंदू परिषद के स्थापना दिवस के अवसर पर 38 बड़े कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे, जबकि 250 स्थानों पर छोटे कार्यक्रम किए जाने की योजना है। उन्होंने बताया कि मातृशक्ति एवं दुर्गा वाहिनी की बहनों द्वारा जिले के 39 स्थानों पर दुर्गा अष्टमी कार्यक्रम समारोहपूर्वक आयोजित किए जाएंगे। वहीं, जिले में 51 हजार हित चिंतक बनाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। समापन सत्र में प्रांत के सह मंत्री एवं सोनभद्र विभाग के पालक सत्य प्रकाश सिंह ने बजरंग दल की टोली, मिलन, बलोपासना, गौ रक्षा, संतों की सूची तैयार करने तथा मंदिरों के अर्चक एवं पुरोहितों की सूची तैयार करने सहित विभिन्न विषयों पर चर्चा की। उन्होंने वंदे भारत के 150 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में यात्रा निकालने, सेवा कार्यों का विस्तार करने, रामायण परीक्षा एवं सत्संग विस्तार योजना तथा महर्षि वाल्मीकि जयंती के कार्यक्रमों के संबंध में भी कार्यकताओं को दिशा-निर्देश दिए। बैठक में प्रांत के उपाध्यक्ष जनार्दन प्रसाद, प्रांत के सह गौरक्षा प्रमुख सत्य प्रताप सिंह, विभाग संगठन मंत्री नरेंद्र जी, जिला संयोजिका दुर्गा वाहिनी रिंकू खरवार सहित जिले एवं विभिन्न प्रखंडों के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे। बैठक का संचालन जिला मंत्री हरिशंकर वर्मा ने किया।

# रॉबर्ट्सगंज PRV-8503 द्वारा लावारिस अवस्था में मिली वृद्ध महिला को वृद्धाश्रम छपका में कराया गया

अमन लेखनी समाचार



सोनभद्र। प्रातः समय लगभग 07:34 बजे PRV-8503 को सूचना प्राप्त हुई कि एक वृद्ध महिला, जिसकी उम्र लगभग 60 वर्ष है, अपना नाम एवं पता बताने में असमर्थ है। सूचना प्राप्त होने पर ढफश-8503 द्वारा तत्काल मौके पर पहुंचकर वृद्ध महिला को अपने संरक्षण में लिया गया तथा महिला आरक्षी की सहायता से आवश्यक कार्यवाही की गई। वृद्ध महिला के परिजनों की जानकारी प्राप्त न होने के कारण आज दिनांक 30.08.2026 को समय लगभग 13:00 बजे उसे वृद्धाश्रम छपका, सोनभद्र में सुरक्षित रूप से दाखिल कराया गया उक्त वृद्ध महिला के संबंध में यदि किसी व्यक्ति को कोई जानकारी प्राप्त हो अथवा वह महिला के परिजनों को जानता हो, तो थाना रॉबर्ट्सगंज के उवऋ नंबर 9454404286 अथवा क्षेत्राधिकारी नगर के CUG नंबर 9454401595 पर तत्काल सूचना दें। सोनभद्र पुलिस द्वारा नागरिकों से अपील है कि उक्त वृद्ध महिला की पहचान अथवा उसके परिजनों के संबंध में कोई जानकारी मिलने पर तत्काल पुलिस को सूचित करें।

# केंद्र की सरकार देश को कंपनियों का आर्थिक गुलाम बना रही हैः सिद्धार्थ पांडे

अमन लेखनी समाचार



चित्रकूट। जनपद के समाजवादी पार्टी के युवा नेता सिद्धार्थ पांडे ने बताया कि केंद्र सरकार धीरे-धीरे कंपनियों को बल देकर देश की जनता को आर्थिक गुलाम बना रही है। देश के प्रधानमंत्री पहले ऐसे प्रधानमंत्री हैं जिन्होंने देश को प्राइवेट कंपनियों के नाम पूरी सरकारी संपत्ति कर रहे हैं। प्रधानमंत्री मोदी के लिए तो 140 करोड़ जनता पैसा का बड़ा स्त्रोत बनाकर 27 कर व महंगाई से अरबों रुपए प्रति महीना ले रहे हैं। केंद्र सरकार देश की 80% प्रजातंत्र के साथ कड़े नियम व आर्थिक महंगाई तथा उद्योगपतियों के साथ बहुत बड़ी राशि प्रजातंत्र की उदारता में दे रहे हैं। सिद्धार्थ पांडे युवा नेता ने बताया कि समाजवादी पार्टी ने ऐसा काम कभी ना किया है ना करेगी। उन्होंने बताया कि 49000 करोड रुपए अनिल अंबानी को सरकारी कर्ज देखकर 450 करोड़ में सेटल कर दिया। सुभाष चंद्र को 22000 करोड़ का लोन देकर के 6.5 करोड़ में माफ कर दिया। मोदी सरकार जनता को 15 लाख देने का तो चुनावी लालच घोषणा है लेकिन काला धन आज तक भाजपा अपने देश में नहीं ले आई। पहले की कोई सरकार ऐसा काम नहीं किया जिससे जनता के ऊपर कर्जा का बोझ प्रधानमंत्री ने सबसे ऊपर लाद दिया है। भाजपा सरकार ने किसान और व्यापारियों को लोन देकर के प्रॉपर्टी और जमीन कुर्क करने का प्लान बना रही है लेकिन उद्योगपतियों को पूरे लोन का तीन प्रतिशत पैसा जमा कर करके उनका बड़ा फायदा पहुंचाया है। सिद्धार्थ पांडे ने बताया कि भाजपा सरकार में देश की स्थिति आर्थिक भूचाल ला दिया है लेकिन प्रजातंत्र के बल पर मनमाना काम कर रहे हैं। गुजरात के ललित मोदी 17 00 करोड़ लेकर की विदेश में फरार हैं, नीरव मोदी 6500 करोड़ लेकर भारत से फरार है। सादेश्वरी परिवार 5400 करोड़ लेकर विदेश भाग गए, पारेख परिवार 2700 करोड़ लेकर फरार होकर विदेश में जलवा काट रहे हैं। विजय माल्या 7500 करोड़ लेकर विदेश भाग गए , मेहुल चोकसी 7100 करोड़ लेकर के भारत का पैसा विदेश भाग गया। जतिन मेहता 6600 करोड़ लेकर के विदेश भाग गया और देश के अडानी ग्रुप को भाजपा ने दामाद मान करके भारत के किसानों की जमीन और वन संपदा सस्ते दामों में दे डाली। सिद्धार्थ पांडे ने बताया कि भाजपा सरकार अपना बैंक बैलेंस भविष्य के लिए इतना सुरक्षित कर लिया है जो की रिकॉर्ड सबसे ज्यादा हो चुका है। उन्होंने बताया की भाजपा सरकार यदि आगे बनी तो प्रजातंत्र दो तीन कंपनियों का आर्थिक मानसिक गुलाम बन जाएगा। सिद्धार्थ पांडे ने बताया कि आगे चलकर के पीडिए की सरकार बनेगी और यह सारी समस्याएं अपने आप दूर हो जाएंगी।

खास समाचार

## सिरसोती बॉर्डर चेक पोस्ट पर पुलिस ने किया पौधरोपण

अमन लेखनी समाचार



बीजपुर (सोनभद्र)। उत्तर प्रदेश - मध्य प्रदेश सिरसोती बॉर्डर पर स्थित चेक पोस्ट पर रविवार को श्रमदान कर वृक्षारोपण किया गया। थाना अध्यक्ष राजेश कुमार सिंह के नेतृत्व में चेक पोस्ट परिसर में पीपल, पाकड़, आम, अमरूद आदि के पौधे लगाए गए। इस अवसर पर उप निरीक्षक कमलाकांत पांडे, उप निरीक्षक सुरेन्द्र सिंह, हेड कांस्टेबल भानुप्रताप सिंह यादव, कांस्टेबल सरोज अमित कुमार श्रीकृष्ण, आरक्षी कृष्ण कुमार गुप्ता सहित पुलिस बल और स्थानीय लोग मौजूद रहे। थाना अध्यक्ष राजेश कुमार सिंह ने कहा कि पर्यावरण संतुलन के लिए पौधरोपण बेहद जरूरी है। सभी को एक पौधा अवश्य लगाना चाहिए और उसकी देखभाल करनी चाहिए।

## बांसी में सांसद पुत्री पूजा पाल ने बांधा रक्षासूत्र, भाइयों की दीघार्यु की कामना की

अमन लेखनी समाचार




सिद्धार्थनगर नूरुल खाँ, बांसी नगर के एक मैरिज हॉल में रविवार को रक्षाबंधन के अवसर पर एक विशेष स्नेह मिलन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में डुमरियागंज के सांसद जगदंबिका पाल की पुत्री पूजा पाल ने उपस्थित सभी भाइयों की कलाई पर रक्षासूत्र (राखी) बांधा। उन्होंने वैदिक परंपरा का पालन करते हुए सभी के उज्ज्वल भविष्य, सुख-समृद्धि और दीघार्यु होने की मंगलकामना की। राखी बंधवाने के बाद सभी उपस्थित भाइयों ने बहन पूजा पाल को सदैव सुरक्षा व सहयोग का वचन दिया। इस आत्मीय आयोजन से मैरिज हॉल का पूरा वातावरण उत्साह, भाईचारे और स्नेह से सराबोर दिखा। इस अवसर पर मुख्य रूप से राम किंकर मिश्र, पूर्व प्रत्याशी नगर पालिका परिषद बांसी पूनम जायसवाल, शिवेंद्र द्विवेदी, राजेंद्र पांडेय, गुड्डू पाठक, सोनू तिवारी, बबलू तिवारी, अनिल राय, घनश्याम तिवारी, राजन श्रीवास्तव, बजरंगी वर्मा, सुरेंद्र लाल श्रीवास्तव और भवानी सिंह सहित क्षेत्र के अनेक गणमान्य नागरिक व कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## महिला थाना रॉबर्ट्सगंज के परिवार परामर्श केंद्र पर 05 प्रकरणों की सुनवाई, 04 मामलों में आपसी सहमति से सुलह

अमन लेखनी समाचार



सोनभद्र मिशन शक्ति अभियान के अंतर्गत महिला थाना रॉबर्ट्सगंज, जनपद सोनभद्र स्थित परिवार परामर्श केंद्र में पारिवारिक विवादों से संबंधित मामलों की सुनवाई महिला थाना प्रभारी रॉबर्ट्सगंज की अध्यक्षता में की गई। कुल 05 प्रकरण प्राप्त हुए, जिनमें दोनों पक्षों को उपस्थित कराकर काउंसलिंग एवं आपसी संवाद की प्रक्रिया अपनाई गई। सुनवाई एवं विस्तृत परामर्श के उपरांत प्राप्त 04 प्रकरणों में दोनों पक्षों के मध्य आपसी सहमति स्थापित कर सुलह-समझौता कराया गया, जिससे संबंधित परिवारों में पुनः सौहार्दपूर्ण वातावरण स्थापित हुआ।

# शीर्षकः शाकाहार और नशामुक्ति से ही बनेगा बेहतर समाज : संत पंकज जी महाराज

अमन लेखनी समाचार



मीरजापुर। शाकाहार-सदाचार, मद्यनिषेध एवं आध्यात्मिक जनजागरण यात्रा संत पंकज जी महाराज की अगुवाई में शनिवार को अपने 10वें पड़ाव ग्राम जोपा, विकासखंड छानबे पहुंची। यहां आयोजित सत्संग समारोह में संत पंकज जी महाराज ने लोगों को शाकाहार अपनाने, नशे से दूर रहने और सदाचार का पालन करने का संदेश दिया। संत पंकज जी महाराज ने कहा कि मानव जीवन ईश्वर की प्राप्ति का अवसर है। जन्म-जन्मांतर के पुण्य से मनुष्य शरीर मिलता है, इसलिए इसे व्यर्थ नहीं गंवाना चाहिए। उन्होंने लोगों से प्रभु की प्राप्ति के लिए संत सत्गुरु की तलाश कर उनके बताए भजन मार्ग पर चलने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि सांसारिक ज्ञान की एक सीमा है, जबकि आध्यात्मिक ज्ञान की शुरूआत वहीं से होती है, जहां सांसारिक ज्ञान समाप्त होता है। सुरत-शब्द नाम योग की साधना के माध्यम से आत्मिक उन्नति का मार्ग प्रशस्त किया जा सकता है। संत ने कहा कि मनुष्य के शरीर को परमात्मा का मंदिर माना गया है। ऐसे में मांसाहार और शराब जैसे नशे का सेवन त्यागना जरूरी है। शाकाहार, नशामुक्ति और चरित्र उत्थान वर्तमान समय की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि समाज में प्रेम, सत्य, दया, करुणा, उदारता और परोपकार की भावना विकसित होने पर ही रामराज्य की कल्पना साकार हो सकती है। उन्होंने लोगों से अच्छे समाज के निर्माण में सहयोग करने का आह्वान किया। इस दौरान जिलाध्यक्ष घूरन प्रसाद, संगठन मंत्री एवं प्रवक्ता मोतीलाल सिंह, ग्राम प्रधान गोवर्धन सिंह पटेल, हंसराज सिंह बबलू भैया, बुधई पाण्डेय, ग्राम प्रधान प्रिया पाण्डेय सहित जौनपुर की संगत से ऋषिदेव श्रीवास्तव, लालमणि मौर्य, डा. मनबोध प्रजापति, लालचंद पाल, मनोज कुमार मौर्य, ऋषिकेश यादव, बालेन्द्र मिश्र, राजमणि यादव, ओम प्रकाश विश्वकर्मा आदि मौजूद रहे। कार्यक्रम के बाद जनजागरण यात्रा अगले पड़ाव ग्राम बदेवरानाथ, विकासखंड छानबे के लिए रवाना हो गई। यहां रविवार को सुबह 11 बजे से सत्संग कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा।

# श्री मारकंडेश्वर महादेव मंदिर ठसका मीरां जी में ऋषि मारकंडेय का हुआ पूजन व अभिषेक

**श्री मारकंडेश्वर महादेव मंदिर संतों का हुआ भव्य स्वागत एवं सम्मान।**

अमन लेखनी समाचार



कुरुक्षेत्र। श्री मारकंडेश्वर महादेव मंदिर ठसका मीरां जी में रविवार को भगवान शिव के परम भक्त ऋषि मारकंडेय का विधिवत पूजन एवं अभिषेक श्रद्धा और भक्ति भाव के साथ संपन्न हुआ। मंदिर में महंत गुरुदत्त पुरी, महंत विवेक पुरी, महंत विश्वनाथ पुरी और स्वामी अमर दास सहित कई संत-महापुरुष पहुंचे। अखिल भारतीय श्री मारकंडेश्वर जनसेवा ट्रस्ट के अध्यक्ष महंत जगन्नाथ पुरी, स्वामी रामनाथ पुरी, स्वामी विश्वनाथ पुरी और स्वामी सीताराम ने सभी आए हुए संतों का विधिवत स्वागत व अभिनंदन किया। इस अवसर पर श्रद्धालु जोगिंदर सिंह, मनदीप सिंह, रंजीत सिंह, गुरजीत कौर, सरोज गोयल, पूजा, भारती अनुसे, महेंद्र सिंह, दलबीर सिंह, सतपाल, बिल्लू पुजारी, बृजलाल, भाणा राम, रवि, बलजीत, मीणा देवी और निर्मला देवी सहित भारी संख्या में मंदिर में पहुंचे श्रद्धालुओं ने आस्था एवं भक्ति भाव के साथ संतों का स्वागत-सम्मान किया। महंत जगन्नाथ पुरी ने श्रद्धालुओं को भगवान शिव के परम भक्त ऋषि मारकंडेय के पूजन एवं अभिषेक का धार्मिक व आध्यात्मिक महत्व बताया। इस मौके पर स्वामी संतोषानंद, स्वामी बीर, स्वामी रत्न आनंद, गुरमीत सिंह, सुखविंदर कौर, रम्मी, सतबीर सैनी, सोनिया, माही, मन्नत, मोहित बावा, गोविंद दास, जरनैल कौर, सरोज देवी, प्रकाश कौर, नीलम, कमलेश, गुड्डी, निर्मल, मूर्ति, निशा, बेबी और राम कुमार सहित अनेक श्रद्धालु मौजूद रहे।

# मिशन शक्ति के अंतर्गत महिला सुरक्षा, सम्मान एवं सशक्तिकरण की ओर सशक्त पहल

**महिला सुरक्षा एवं साइबर अपराधों के प्रति किया गया जागरूक।**

अमन लेखनी समाचार



सोनभद्र। महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान एवं सशक्तिकरण को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए सोनभद्र पुलिस द्वारा मिशन शक्ति 5.0 के दूसरे चरण के अंतर्गत जनपद में व्यापक एवं प्रभावी जनजागरूकता अभियान संचालित किया जा रहा है। पुलिस अधीक्षक अभिषेक वर्मा के कुशल निर्देशन में जनपद के समस्त थाना क्षेत्रों में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित कर समाज के सभी वर्गों को जागरूक किया जा रहा है। अभियान के अंतर्गत महिलाओं एवं बच्चों से संबंधित प्रमुख सामाजिक विषयों–जैसे लिंगानुपात, लैंगिक समानता, बाल विवाह, लैंगिक शोषण, महिलाओं एवं बच्चों के प्रति होने वाली हिंसा, साक्षरता एवं स्वास्थ्य–पर विशेष रूप से प्रकाश डालते हुए जनमानस को जागरूक किया गया। इस क्रम में जनपद के समस्त थानों की मिशन शक्ति टीमों द्वारा विद्यालयों, महाविद्यालयों, कोचिंग संस्थानों, बाजारों एवं ग्राम सभाओं में संवाद कार्यक्रम आयोजित कर महिलाओं एवं बालिकाओं को गुड टच-बैड टच, आत्मरक्षा के उपाय, महिला उत्पीड़न से संबंधित विधिक अधिकारों, तथा विभिन्न हेल्पलाइन सेवाओं की विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। साथ ही साइबर अपराधों के बढ़ते खतरे को दृष्टिगत रखते हुए ऑनलाइन फ्रॉड, फर्जी कॉल/लिंक, सोशल मीडिया के दुरुपयोग, बैंकिंग धोखाधड़ी एवं डळढ साझा न करने के संबंध में विशेष जागरूकता उत्पन्न की गई।

महत्वपूर्ण हेल्पलाइन नंबर
112-आपातकालीन सेवा
1090 / 1091-महिला सुरक्षा

# सेक्टर-2 में इम्पेरियो फर्निशिंग्स के भव्य शोरूम का शुभारंभ

अमन लेखनी समाचार



कुरुक्षेत्र। सेक्टर-2 स्थित कुरुक्षेत्र में आज इम्पेरियो फर्निशिंग्स के भव्य एवं आधुनिक शोरूम का उद्घाटन बड़े उत्साह और धूमधाम के साथ किया गया। उद्घाटन समारोह में थानेसर विधायक अशोक अरोडा, पूर्व मंत्री सुभाष सुधा सहित शहर के अनेक गणमान्य लोगों ने शिरकत की और प्रतिष्ठान के संचालक सुनील वधवा एवं उनके पार्टनर को नई शुरूआत के लिए बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर विधायक अशोक अरोड़ा और पूर्व मंत्री सुभाष सुधा ने शोरूम का अवलोकन किया तथा यहां प्रदर्शित फर्निशिंग एवं अन्य सामान की गुणवत्ता, डिजाइन और आधुनिकता की प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि कुरुक्षेत्र में इस प्रकार के आधुनिक एवं उच्च गुणवत्ता वाले शोरूम का शुरू होना शहरवासियों के लिए खुशी की बात है। इससे लोगों को बेहतर उत्पाद और सुविधाएं अपने ही शहर में उपलब्ध होंगी। उद्घाटन समारोह में प्रेस क्लब से जुड़े बड़ी संख्या में पत्रकार एवं मीडिया प्रतिनिधि भी पहुंचे। उन्होंने इम्पेरियो फर्निशिंग्स के संचालक सुनील वधवा एवं उनके पार्टनर को प्रतिष्ठान की शुरूआत पर हार्दिक बधाई देते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना की। सुनील वधवा ने सभी अतिथियों एवं शहरवासियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इम्पेरियो फर्निशिंग्स के माध्यम से ग्राहकों को आधुनिक डिजाइन, बेहतरीन गुणवत्ता और बेहतर सेवा उपलब्ध करवाने का प्रयास किया जाएगा। उन्होंने कहा कि प्रतिष्ठान का उद्देश्य कुरुक्षेत्र के लोगों को फर्निशिंग के क्षेत्र में नए और आधुनिक विकल्प उपलब्ध करवाना है।

# बाढ़ की आहट पर प्रशासन अलर्ट, डीएम ने अकोढ़ी व चौकठ का किया निरीक्षण

अमन लेखनी समाचार



मीरजापुर। संभावित बाढ़ के खतरे को देखते हुए जिला प्रशासन ने तैयारियां तेज कर दी हैं। जिलाधिकारी पवन कुमार गंगवार ने रविवार को सदर तहसील क्षेत्र के संभावित बाढ़ प्रभावित गांव अकोढ़ी और राजस्व ग्राम चौकठ का स्थलीय निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने संपर्क मार्ग, गंगा नदी के जलस्तर और बाढ़ की स्थिति में आवागमन को लेकर ग्रामीणों से जानकारी ली। निरीक्षण के दौरान ग्रामीणों ने जिलाधिकारी को बताया कि बाढ़ के समय संपर्क मार्ग पर पानी भरने और मार्ग क्षतिग्रस्त होने से आवागमन में काफी परेशानी होती है। जिलाधिकारी ने ग्रामीणों को आश्वस्त किया कि प्रशासन संभावित बाढ़ से निपटने के लिए पूरी तरह तैयार है और किसी भी ग्रामीण को परेशानी नहीं होने दी जाएगी। जिलाधिकारी ने उप जिलाधिकारी सदर को निर्देश दिया कि बाढ़ की संभावना को देखते हुए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं पहले से सुनिश्चित कर ली जाएं। बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में बाढ़ चौकियों को सक्रिय कर कर्मचारियों की तैनाती करने के साथ ही नावों, राहत सामग्री और चिकित्सा सुविधाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करने को कहा। उन्होंने ऊंचे एवं सुरक्षित स्थानों को चिन्हित कर अस्थायी शरणालय की तैयारी रखने, पशुओं के लिए पर्याप्त चारा तथा लोगों के लिए स्वच्छ पेयजल की व्यवस्था करने के भी निर्देश दिए। राजस्व और बाढ़ खंड के अधिकारियों को गंगा के जलस्तर पर लगातार नजर रखने को कहा गया। डीएम ने ग्रामीणों से अपील की कि बाढ़ को लेकर किसी भी प्रकार की अफवाह पर ध्यान न दें और प्रशासन की ओर से जारी आधिकारिक सूचनाओं पर ही भरोसा करें। निरीक्षण के दौरान उप जिलाधिकारी सदर महेंद्र सिंह, नायब तहसीलदार, संबंधित लेखपाल सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

# मुख्यमंत्री मॉडल कम्पोजिट विद्यालय के निर्माण को मिली प्रशासकीय एवं वित्तीय स्वीकृति

**जामपानी, दुद्धी में 25.28 करोड़ रुपये की लागत से बनेगा आधुनिक मुख्यमंत्री मॉडल कम्पोजिट विद्यालय**

**विद्यालय निर्माण के लिए प्रथम किश्त के रूप में 8.85 करोड़ रुपये की धनराशि स्वीकृत।**

अमन लेखनी समाचार

सोनभद्र। शासन द्वारा जनपद सोनभद्र की तहसील दुद्धी के ग्राम जामपानी में मुख्यमंत्री मॉडल कम्पोजिट विद्यालय के निर्माण हेतु प्रशासकीय एवं वित्तीय स्वीकृति प्रदान की गई है। जिलाधिकारी चर्चित गौड़ ने बताया कि इस परियोजना के लिए शासन स्तर पर 25 करोड़ 28 लाख 08 हजार रुपये की स्वीकृत लागत निर्धारित की गई है, जिलाधिकारी ने बताया कि शासन द्वारा परियोजना की स्वीकृत लागत के सापेक्ष प्रथम किश्त के रूप में 35 प्रतिशत धनराशि, अर्थात 8 करोड़ 84 लाख 82 हजार 800 रुपये अवमुक्त किए जाने की स्वीकृति प्रदान की गई है। इससे विद्यालय के निर्माण कार्य को गति मिलेगी तथा क्षेत्र के विद्यार्थियों को आधुनिक एवं बेहतर शैक्षिक सुविधाएं उपलब्ध कराने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम आगे बढ़ेगा। उन्होंने बताया कि विद्यालय का निर्माण कार्य शासन द्वारा नामित कार्यदायी संस्था कान्स्ट्रक्शन एण्ड डिजाइन सर्विसेज (उ०प्र० जल निगम) के माध्यम से कराया जाएगा। निर्माण कार्य में निर्धारित मानकों एवं गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखा जाएगा तथा परियोजना को निर्धारित समय-सीमा में पूर्ण कराने के लिए संबंधित अधिकारियों एवं कार्यदायी संस्था को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए जाएंगे। जिलाधिकारी ने कहा कि मुख्यमंत्री मॉडल कम्पोजिट विद्यालय के निर्माण से दुद्धी क्षेत्र में विद्यार्थियों को आधुनिक शैक्षणिक वातावरण, बेहतर आधारभूत सुविधाएं एवं गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराने में मदद मिलेगी। शासन द्वारा स्वीकृत धनराशि का नियमानुसार एवं पारदर्शी ढंग से उपयोग सुनिश्चित किया जाएगा।

# अपर पुलिस अधीक्षक ऋषभ रुणवाल द्वारा ऑपरेशन कन्विक्शन, फर्द चालानी, केस डायरी, बेला/जमानत सत्यापन एवं रिमाण्ड के संबंध में समीक्षा बैठक आयोजित

अमन लेखनी समाचार

सोनभद्र। पुलिस लाइन चुर्क स्थित कॉन्फ्रेंसिंग हॉल में अपर पुलिस अधीक्षक ऋषभ रुणवाल द्वारा जनपद के समस्त थानों पर नियुक्त न्यायालय पैरोकार, शाखा प्रभारी, मॉनिटरिंग सेल, जमानत सत्यापन सेल एवं रिट सेल के साथ ऑपरेशन कन्विक्शन, फर्द चालानी, केस डायरी, बेला/जमानत सत्यापन एवं रिमाण्ड के संबंध में समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में जनपद के समस्त क्षेत्राधिकारीगण भी मौजूद रहे। बैठक में संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा प्रतिभाग करते हुए प्रचलित प्रकरणों के संबंध में आवश्यक जानकारी प्रस्तुत की गई। अपर पुलिस अधीक्षक (ऑपरेशन) द्वारा न्यायालय से संबंधित कार्यों की समीक्षा करते हुए समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण कार्यवाही सुनिश्चित करने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। इस दौरान ऑपरेशन कन्विक्शन के अंतर्गत प्रभावी पैरवी, फर्द चालानी एवं केस डायरी से संबंधित कार्यवाही, बेला/जमानत सत्यापन तथा रिमाण्ड से संबंधित प्रकरणों में नियमानुसार आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करने हेतु निर्देशित किया गया। साथ ही समस्त संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को निर्देशित किया गया कि न्यायालय से संबंधित समस्त कार्यवाहियों में समयबद्धता, शुद्धता एवं प्रभावी पैरवी सुनिश्चित करते हुए दिए गए निर्देशों का कड़ाई से अनुपालन किया जाए।

**अमन लेखनी (हिन्दी दैनिक)**

स्वामी, प्रकाशक एवं मुद्रक श्रीमती अखिलेश सिंह द्वारा अवध एक्सप्रेस प्रकाशन, 434, सिविल लाइन, जेल रोड, उन्नाव, उत्तर प्रदेश से मुद्रित और ग्राम व पोस्ट- बनी, थाना- बन्थरा, लखनऊ- 226401 (उ.प्र.) से प्रकाशित।


**सम्पादक– श्रीमती अखिलेश सिंह**

**समाचार सम्पादक – रुद्र प्रताप सिंह**

समाचार से संबंधित सभी विवादों का न्यायिक क्षेत्र लखनऊ होगा।

मो. - 9838159555, 9935457982

E-mail address amanlekhaninews@gmail.com




# दृश्यम का फर्स्ट लुक आउट 2 अक्टूबर को होगी रिलीज

मुंबई। अजय देवगन स्टारर 'दृश्यम द कन्क्लूज़न' को लेकर दर्शकों का इंतजार लगातार बढ़ता जा रहा है। इस हफ्ते की शुरुआत में चर्चा में रहे आई कैंपेन के बाद अब मेकर्स ने फिल्म के सभी प्रमुख किरदारों के दमदार फर्स्ट लुक पोस्टर्स जारी कर दिए हैं। इन पोस्टर्स में पुराने किरदारों की वापसी के साथ-साथ नए चेहरों की भी पहली झलक देखने को मिली है। फिल्म में अजय देवगन एक बार फिर अपने चर्चित किरदार विजय सालगांवकर के रूप में नजर आएंगे। उनके साथ श्रिया सरन नंदिनी सालगांवकर के किरदार में वापसी कर रही हैं। फिल्म 2 अक्टूबर को रिलीज होगी।

लाइफ Style

# किआरा बनेगा 'की एंड का' का सीक्वल


इन दिनों कियारा आडवाणी अपनी फिल्म 'टॉक्सिक' को लेकर लगातार चर्चा में हैं। यश के साथ इस फिल्म में उनके किरदार और बोल्ड अंदाज ने खूब ध्यान खींचा है। इसी बीच उनकी अगली फिल्म को लेकर एक बड़ी खबर सामने आ रही है।

एजेंसी ▶▶ मुंबई

बॉलीवुड में इन दिनों पुरानी फिल्मों के सीक्वल और फ्रेंचाइजी फिल्मों का दौर चल रहा है। इसी कड़ी में अब साल 2016 में रिलीज हुई फिल्म 'की एंड का' का नाम भी जुड़ गया है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, मेकर्स करीब 10 साल बाद 'की एंड का 2' बनाने की तैयारी कर रहे हैं। खास बात यह है कि फिल्म की कहानी पिछली फिल्म की कहानी को आगे नहीं बढ़ाएगी। इसके बजाय 'की' और 'का' नाम के किरदारों को रखते हुए एक बिल्कुल नई कहानी दिखाई जाएगी। बताया जा रहा है कि फिल्म में 'की' के किरदार के लिए कियारा आडवाणी से संपर्क किया गया है। कियारा ने भी इस प्रोजेक्ट में दिलचस्पी दिखाई है। हालांकि, अभी उन्होंने फिल्म साइन नहीं की है। वहीं, फिल्म में 'का' का किरदार निभाने वाले एक्टर की तलाश अभी जारी है। मेकर्स कियारा के साथ स्क्रीन शेयर करने के लिए एक सही अभिनेता की तलाश कर रहे हैं। कियारा के बहुत सारे फैंस को उनके असली नाम के बारे में भी नहीं पता होगा। कियारा का असली नाम आलिया है। बता दें कि ये नाम फिल्म 'अंजाना अंजानी' में प्रियंका चोपड़ा के किरदार से लिया गया था। लेकिन, कियारा ने एक इंटरव्यू में बताया था कि उन्हें नाम बदलने की सलाह अभिनेता सलमान खान ने दी थी।



हॉलीवुड मसाला



# टॉम की नई फिल्म का ऐलान

लॉस एंजेलिस। हॉलीवुड के मशहूर अभिनेता टॉम क्रूज अपनी अलग तरह की फिल्मों के लिए मशहूर हैं। भारत में भी उनके दीवाने हैं। हाल ही में उन्होंने एक नई फिल्म का ऐलान किया है। उन्होंने बताया है कि यह फिल्म 1990 में रिलीज हुई एक फिल्म का सीक्वल है। इसके साथ उन्होंने फिल्म की लीड अभिनेत्री के बारे में जानकारी दी है। टॉम क्रूज ने 'डेज ऑफ थंडर' के सीक्वल का ऐलान किया है। उन्होंने बताया है कि 1990 की इस रेसिंग ड्रामा फिल्म के बहुप्रतीक्षित सीक्वल में ऐन हैथवे भी उनके साथ होंगी।




# अक्टूबर में द डिप्लोमैट सीरीज की वापसी

लॉस एंजेलिस। नेटफ्लिक्स का सुपरहिट पॉलिटिकल ड्रामा 'द डिप्लोमैट 4 वापसी के लिए तैयार है। इस नए सीजन में केरी रसेल अपने पति के राजनीतिक रसूख और अंतरराष्ट्रीय साजिशों से एक बार फिर लोहा लेती नजर आएंगी। नेटफ्लिक्स ने एक पोस्ट सोशल मीडिया पर शेयर किया है, जिसमें लिखा है 'द डिप्लोमैट सीजन 4 का प्रीमियम 15 अक्टूबर को होगा। सीजन 4 में यह देखना बेहद रोमांचक होगा कि क्या केट अपने पति के रसूख और पर्दे के पीछे चलने वाली गंदी राजनीति को मात दे पाएंगी, या फिर खुद उस भंवर में उलझ कर रह जाएंगी? नेटफ्लिक्स की हिट पॉलिटिकल थ्रिलर सीरीज 'द डिप्लोमैट' में केरी रसेल ने अमेरिकी राजदूत केट वाइलर और रूफस सीवेल ने उनके पति हैल की भूमिका निभाई है।



# पहली बार करेंगी महिला निर्देशक संग काम

मुंबई। अभिनेत्री करीना कपूर खान जल्द ही निर्देशक आरती कदव की एक नई फिल्म में मुख्य भूमिका निभाती नजर आएंगी। आरती कदव अपनी अनोखी और हटकर कहानियों के निर्देशन के लिए जानी जाती हैं। ये फिल्म 1990 के दशक के बैकड्रॉप पर आधारित होगी और इसकी शूटिंग इसी साल सितंबर महीने से शुरू होने की उम्मीद है। फिल्म नेटफ्लिक्स पर रिलीज होगी। करीना कपूर और आरती कदव पहली बार किसी प्रोजेक्ट में एक साथ काम कर रही हैं। इस नई जोड़ी को एक साथ आते देख फैंस और सिनेमाप्रेमी यह जानने के लिए काफी उत्सुक हैं कि ये दोनों मिलकर बड़े पर्दे पर क्या नया कमाल दिखाती हैं। ये फिल्म करीना कपूर खान के हालिया दमदार और संजीदा रोल्स ('द बकिंघम मर्डर्स', 'सिंघम अगेन') से काफी मेल खाती है।




# ओटीटी पर दस्तक देगी फिल्म डीसी

मुंबई। मशहूर निर्देशक लोकेश कनगराज फिल्म 'डीसी' में पहली बार एक्टिंग कर रहे हैं। सिनेमाघरों में धमाल मचाने के बाद ये एक्शन से भरी फिल्म अब ओटीटी पर दस्तक देने वाली है। फिल्म आगामी 4 सितंबर से अमेजन प्राइम वीडियो पर दिखेगी। अरुण माथेश्वरन के निर्देशन में बनी यह फिल्म पुरानी 'देवदास' की कहानी को एक नए और गहरे अंदाज में दिखाती है। लोग इसे तमिल और तेलुगू भाषाओं में देख सकेंगे। कनगराज का किरदार 'दास' त्रासदी और बदले से जूझता है। फिल्म में लोकेश कनगराज 'दास' का किरदार निभा रहे हैं। दास की जिंदगी तब पूरी तरह बदल जाती है, जब उसकी प्रेमिका पार्वती की मौत हो जाती है, वहीं वामिका गब्बी 'चंद्रा' के रोल में हैं, जो अपने ऊपर हुए जुल्मों के खिलाफ आवाज उठाती है।

# सुब्बुलक्ष्मी की बायोपिक में आएंगी नजर रशिमका



*मुंबई। रश्मिका मंदाना जल्द ही भारत की मशहूर कर्नाटक गायिका और भारत रत्न से सम्मानित एमएस सुब्बुलक्ष्मी की बायोपिक में नजर आएंगी। फिल्म का आधिकारिक ऐलान 16 सितंबर को सुब्बुलक्ष्मी की जयंती के मौके पर किया जाएगा। इस खास रोल के लिए पहले साई पल्लवी और रुक्मिणी वसंत जैसी अभिनेत्रियों के नामों की भी चर्चा थी, लेकिन आखिरकार ये भूमिका रश्मिका की झोली में आई। इस फिल्म का निर्देशन गौतम तिन्ननुरी कर रहे हैं। हालांकि, अभी तक फिल्म का नाम तय नहीं हुआ है और ना ही इसकी कहानी या संगीत से जुड़ी ज्यादा जानकारी सामने आई है। रश्मिका इस खास किरदार को निभाने के लिए पूरी लगन से तैयारी कर रही हैं। वो सुब्बुलक्ष्मी के शांत स्वभाव, उनके व्यक्तित्व और ऑन-स्क्रीन प्रेजेंस को अपनी एक्टिंग में बखूबी उतारने की कोशिश में जुटी हैं। माना जा रहा है कि ये रश्मिका के करियर की सबसे यादगार और बड़ी भूमिकाओं में से एक साबित हो सकती है।*

# छोटे रोल में छा गईं संजीदा



मुंबई। अभिनेत्री संजीदा शेख इन दिनों हालिया रिलीज फिल्म 'टॉक्सिकः ए फेरी टेल फॉर ग्रोन-अप्स' को लेकर सुर्खियों में बनी हुई हैं। अभिनेत्री ने फिल्म में अपने किरदार को मिल रही सराहना के लिए दर्शकों का शुक्रिया अदा किया। अभिनेत्री संजीदा शेख ने इंस्टाग्राम पर फिल्म में अपने निभाए किरदार की कुछ तस्वीरें और वीडियोज पोस्ट किए। इस पोस्ट के जरिए अभिनेत्री ने शुक्रिया अदा करते हुए कहा कि उन्हें उम्मीद नहीं थी कि छोटे से किरदार दर्शकों में इतना प्रभाव डालेगा। अभिनेत्री संजीदा शेख फिल्म 'टॉक्सिकः ए फेरी टेल फॉर ग्रोन-अप्स' में एक विशेष कैमियो रोल में नजर आ रही हैं। फिल्म में उन्होंने मुख्य किरदार 'राया' (यश) और 'गंगा' (नयनतारा) की मां (कमला) का एक छोटा लेकिन विशेष कैमियो (विशेष उपस्थिति) निभाया है। अभिनेत्री ने फिल्म में भले ही छोटा-निगेटिव रोल निभाया हो, लेकिन दर्शकों के दिलों में गहरा प्रभाव छोड़ा है। संजीदा ने लिखा, एक कलाकार के तौर अपने काम का सबसे मजेदार हिस्सा वो किरदार निभाना है, जो आपको चुनौती दें। फिल्म टॉक्सिक ने मुझे एक ऐसा अनोखा रोल निभाने का मौका दिया, जो मेरी असल जिंदगी से बहुत अलग है और शायद इसी वजह से मुझे इसे करने में बहुत मजा भी आया।

# सामंथा ने किया बेबी बंप फ्लॉन्ट



मुंबई। अभिनेत्री सामंथा रुथ प्रभु और राज निदिमोरु अपने पहले बच्चे का स्वागत करने वाले हैं। कपल ने इस साल जून में हैदराबाद में 'मा इंति बंगारम' की सक्सेस मीट के दौरान इस खुशखबरी की पुष्टि की थी। सामंथा ने इंस्टाग्राम पर अपनी कुछ फोटोज शेयर की हैं। सामंथा रुथ ने सोशल मीडिया पर तस्वीरें शेयर की हैं। इसमें उन्होंने बेबी बंप दिखाते हुए तस्वीरों की एक सीरीज शेयर की है। एक फोटो में वे ब्लैक एंड व्हाइट पोलका डॉट ड्रेस में बेबी बंप फ्लॉन्ट कर रही हैं। उनके चेहरे पर प्रेग्नेंसी ग्लो साफ देखा जा सकता है। एक फोटो में वे क्रॉप टॉप पहने दिखी हैं। वहीं, एक और फोटो में वे ऑल व्हाइट आउटफिट में अपना बेबी बंप दिखा रही हैं। सामंथा ने कॉफी की फोटो भी शेयर की है। इसके अलावा एक तस्वीर में वे रेस्टोरेंट में बैठी नजर आ रही हैं और अपने ऑर्डर का इंतजार कर रही हैं। सामंथा के चेहरे पर खुशी देखी जा सकती है। इन्हीं में से एक तस्वीर में सामंथा यात्रा करती दिख रही हैं। बता दें कि सामंथा और राज निदिमोरु ने 1 दिसंबर 2025 को शादी रचाई थी। हैदराबाद में 'मा इंति बंगारम' से जुड़े फैन-मीट इवेंट में सामंथा ने प्रेग्नेंसी की पुष्टि करते हुए बताया था कि वे अपने मौजूदा प्रोजेक्ट्स पूरे करने के बाद एक्टिंग से बेक लेने का प्लान बना रही हैं।

## कॉमेडी से एक्शन और सस्पेंस के साथ लगेगा मनोरंजन का तडका

# सितंबर में नेटफ्लिक्स पर दस्तक देंगी दमदार फिल्में और सीरीज

*मुंबई। नेटफ्लिक्स पर सितंबर का महीना बहुत ज्यादा बिजी रहने वाला है। इस पूरे महीने में नेटफ्लिक्स पर 12 फिल्में और सीरीज रिलीज हो रही हैं। इन फिल्मों और सीरीज में कॉमेडी से लेकर एक्शन और सस्पेंस ड्रामा कंटेंट शामिल है। आइए जानते है नेटफ्लिक्स पर कब क्या रिलीज हो रहा है।*

### गांधारी : रिलीज डेटः 3 सितंबर

तापसी पन्नू क्राइम थ्रिलर में लीड रोल में नजर आएंगी। फिल्म की कहानी एक ऐसी महिला की कहानी है, जिसकी बेटी किडनैप हो जाती है और इस किडनैपिंग के दौरान उस महिला की आंखों की रोशनी चली जाती है। अब ये मां अपनी बेटी को बचाने के लिए उन लोगों तक पहुंचेगी।

### टर्निंग प्वाइंटः जनरेशन 9/11 : रिलीज डेटः 2 सितंबर

ये एक डॉक्यूमेंट्री फिल्म है, जिसमें दिखाया जाएगा कि 9/11 अटैक के पीड़ित परिवार हमले के 25 साल बाद कैसे रह रहे हैं। इस फिल्म में उन बच्चों से बात की गई है जिनके माता-पिता 9/11 के हमले में मारे गए थे। उन जर्नलिस्ट से बात की गई है जिन्होंने उस दौरान अपने करियर की शुरुआत की थी।

### द जेंटलमैन सीजन 2 रिलीज डेटः 3 सितंबर

ये एक ब्रिटिश कॉमेडी सीरीज है। इस सीरीज का पहला सीजन साल 2024 में आया था। अब सीरीज का दूसरा सीजन आने जा रहा है।

### अ माइनक्राफ्ट मूवी : रिलीज डेटः 4 सितंबर

ये एक एक कॉमेडी- एडवेंचर फिल्म है। चार अजीब लोग एक पोर्टल के जरिए एक अनोखी और अलग दुनिया में पहुंच जाते हैं। घर वापस लौटने के लिए, उन्हें इस दुनिया को समझना होगा।

### लवसिक : रिलीज डेटः 2 सितंबर

ये एक मेक्सिकन नेटफ्लिक्स ओरिजिनल पीरियड ड्रामा है। सीरीज की कहानी एमिलिया के इर्द-गिर्द घूमती है, जो अपने सपनों को पूरा करते हुए दोनों लोगों के प्यार में पड़ जाती है।

### द हाई कॉर्प्स : रिलीज डेटः 3 सितंबर

ये एक एक्शन एडवेंचर फिल्म है। फिल्म की कहानी एक ऐसे शख्स के इर्द-गिर्द घूमती है, जो ईराक और अफगानिस्तान युद्ध से लौटा एक सैनिक है। उस एक्स सैनिक को एक चैम्पियन मुक्केबाज की सुरक्षा के लिए बॉडीगार्ड के तौर पर हायर किया जाता है।



### चुंबक : रिलीज डेटः 10 सितंबर

ये एक हिंदी सिटकॉम सीरीज है। सीरीज की कहानी चुंबक कॉलोनी के पांच पड़ोसियों के इर्द-गिर्द घूमती है। ये पांचों पड़ोसी आपको गुदगुदाने के लिए आ रहे हैं।

### द ब्रेडविनर : रिलीज डेटः 6 सितंबर

ये एक अमेरिकी कॉमेडी फिल्म है। फिल्म की कहानी एक ऐसे पिता के इर्द-गिर्द घूमती है जिसकी पत्नी का बिजनेस चल चुका और अब पिता के ऊपर अपने तीनों बच्चों को संभालने की जिम्मेदारी है।

### द टाइम ट्रेवलर्स वाइफ : रिलीज डेटः 8 सितंबर

ये एक रोमांटिक साइंस फिक्शन फिल्म है। फिल्म की कहानी एक ऐसे लाइब्रेरियन के इर्द-गिर्द घूमती है, जो टाइम ट्रेवल कर सकता है। उसका ये टाइम ट्रेवल करना उसकी शादीशुदा जिंदगी में परेशानी का सबब बनता है।

### फौदा सीजन 5 : रिलीज डेटः 8 सितंबर

ये एक साइकोलॉजिकल पॉलिटिकल थ्रिलर सीरीज है। सीरीज का पहला सीजन साल 2016 में नेटफ्लिक्स पर प्रसारित किया गया था।